चैत्र शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 17 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 22, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य 18

मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हूं 17

रामनवमी



अयोध्या में राम जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर रामलला के मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजा दिया गया। रामलला के गर्भगृह को भी आकर्षक फूलों से सजाया गया है। बुधवार को 12 बजे राम जन्म मनाया जाएगा। 12 बजकर 16 मिनट पर सूर्य की किरणें रामलला का मस्तकाभिषेक करेंगी। ● अमृत विचार

सर्विस एग्जामिनेशन 2023 में 1016 अभ्यर्थियों का हुआ चयन, इनमें 664 पुरुष और 352 महिलाएं शामिल

यूपीएससी : लखनऊ के आदित्य रहे टॉपर, अनिमेष द्वितीय

नई दिल्ली, एजेंसी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से मंगलवार को सिविल सर्विस एग्जामिनेशन 2023 का रिजल्ट घोषित किया गया। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि अनिमेष प्रधान द्वितीय और डोनुरु अनन्या रेड्डी तीसरे स्थान पर रहे। कुल 1016 अभ्यर्थियों ने (664 पुरुष और 352 महिलाओं) ने परीक्षा उत्तीर्ण की।

यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष पांच स्थानों पर तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं जिन्हें कामयाबी मिली। वहीं पी. के. सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। टॉपर आदित्य ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में 'इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग' को चुना था। उन्होंने कानपुर आईआईटी से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया है। वहीं, राउरकेला स्थित एनआईटी से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक (बीटेक) अनिमेष प्रधान ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र को चुना था। डीयू के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक (ऑनर्स) की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी का वैकल्पिक विषय मानव विज्ञान था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी।

आदित्य पहले आईपीएस और अब आईएएस

लखनऊ। सिविल सेवा परीक्षा-2023 में लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने टाप कर लखनऊ का मान बढ़ाया है। पिछले वर्ष उनका चयन आइपीएस के लिए हुआ था और वर्तमान में वे हैदराबाद में ट्रेनिंग कर रहे हैं। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव की प्रारंभिक शिक्षा सीएमएस लखनऊ की अलीगंज शाखा में हुई। वर्ष 2014 में इंटर में इन्हें 98.4 फीसदी अंक मिले थे। मां आभा श्रीवास्तव बताती हैं कि 12 वीं पास करने के बाद आदित्य का चयन आईआईटी कानपुर के लिए हो गया। वर्ष 2019 में कानपुर से बीटेक किया। सीएजी में ऑडिट ऑफिसर पिता अजय श्रीवास्तव बताते हैं कि आदित्य ने पिछले वर्ष दूसरे प्रयास में 226 रैंक प्राप्त की थी। पहले प्रयास में आदित्य सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा में असफल रहे थे।

शीर्ष 25 में 10 महिलाएं

शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। आईएएस, आईएफएस और आईपीएस के अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी हर वर्ष तीन चरणों में प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। सफल अभ्यर्थियों में 30 दिव्यांग (16 अस्थिबाधित, छह दृष्टिबाधित, पांच श्रवणबाधित और तीन बहुदिव्यांग) भी शामिल हैं।

मुरादाबाद के वैभव शर्मा ने हासिल की 58वीं रैंक

मुरादाबाद। आशियाना कालोनी निवासी वैभव आनंद शर्मा ने तीसरे प्रयास में यूपीएससी में 58वीं रैंक पाई है। वैभव ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों को दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने स्वाध्याय कर परीक्षा में सफलता हासिल की है। उनके पिता डॉ. एपी शर्मा सेवानिवृत्त जिला होम्योपैथी अधिकारी हैं और माता गृहिणी हैं। यूपीएससी की परीक्षा में 58वीं रैंक हासिल करने पर परिवार व रिश्तेदारों के साथ पड़ोसियों में खुशी है।

एक नजर

हेमंत सोरेन मामले में एक और गिरफ्तारी

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व अन्य के खिलाफ दर्ज धनशोधन मामले में ईडी ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ईडी ने अंतु तिर्की नामक व्यक्ति के खिलाफ रांची में कुछ स्थानों पर छापे भी मारे। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान एक अन्य धनशोधन मामले में न्यायिक हिरासत के तहत जेल में बंद अफशार अली के रूप में हुई है और ईडी ने कोर्ट से अनुमति के बाद नए मामले में उसे हिरासत में लिया है। यह इस मामले में चौथी गिरफ्तारी है।

झेलम में नाव पलटने से छह लोगों की मौत

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में गंडबल से बटवारा जा रही नाव मंगलवार सुबह झेलम नदी में पलट गई, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हैं। नाव में स्कूली बच्चों सहित 20 से अधिक लोग सवार थे। वहीं हादसे का कारण नदी पार करने में मदद करने वाली रस्सी के टूट को बताया जा रहा है। जिला मजिस्ट्रेट बिलाल मोहिउद्दीन भट ने कहा कि नाव में सवार लोगों में सात नाबालिग थे और बाकी वयस्क थे। हमने 12 लोगों को नदी से निकाला है और उनमें से छह की मौत हो गई है। इस समय, दो बच्चों समेत तीन लापता हैं। उनका पता लगाने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल सहित कई एजेंसियों द्वारा राहत एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

एक सप्ताह में सार्वजनिक रूप से माफी मांगे रामदेव-बालकृष्ण : सुप्रीम कोर्ट

कोर्ट ने कहा- आपका काम अच्छा लेकिन एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद को भ्रामक विज्ञापन मामले में सार्वजनिक तौर पर माफी मांगने के लिए एक सप्ताह का समय दिया, लेकिन यह भी कहा कि वह अभी उन्हें इस चरण में राहत नहीं देने जा रहा है। सुनवाई के दौरान रामदेव और बालकृष्ण दोनों उपस्थित थे और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से शीर्ष अदालत से बिना शर्त माफ़ी मांगी।

न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने स्पष्ट किया कि उन्होंने उन्हें इस चरण में राहत देने का फैसला नहीं किया है। पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि आप अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन आप एलोपैथी को नीचा नहीं दिखा सकते। रामदेव ने पीठ से कहा कि उनका किसी भी तरह से अदालत का अनादर करने का कोई इरादा नहीं था। हालांकि, पीठ ने बालकृष्ण से कहा कि वे (पतंजलि) इतने सीधे साधे नहीं हैं कि उन्हें नहीं पता कि कोर्ट ने मामले में अपने पहले के आदेशों में क्या कहा था। रामदेव और बालकृष्ण के वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने पीठ से कहा कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को तैयार हैं। इस पर अदालत ने रामदेव और बालकृष्ण को बातचीत के लिए आगे बुलाया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तिथि तय की है। रामदेव और बालकृष्ण ने अपने उत्पादों की औषधीय प्रभावशीलता के बारे में बड़े-बड़े दावे करने वाले विज्ञापनों पर उच्चतम न्यायालय के समक्ष पिछले सप्ताह बिना शर्त मांगी थी। कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने कोर्ट के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए बिना शर्त माफी मांगी। उच्चतम न्यायालय ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने कहा था कि असर के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है। आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर कोर्ट ने अप्रसन्नता जताई थी। कोर्ट ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।

भ्रामक विज्ञापन मामले में सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट जाते बाबा रामदेव। ● एजेंसी

भ्रामक विज्ञापन मामला

- दोनों ने व्यक्तिगत रूप से बिना शर्त कोर्ट से माफी मांगी

छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई, 29 नक्सलियों को मार गिराया

कांकेर, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया है। मुठभेड़ में तीन जवान भी घायल हो गए। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि जिले के छोटेबेठिया पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत बीनागुंडा और कोरोनार गांवों के मध्य हापाटोला गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों को माओवादियों के उत्तरी बस्तर डिवीजन के नक्सली शंकर, ललिता, राजू समेत अन्य की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिसके बाद छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के संयुक्त दल को गश्त के लिए रवाना किया गया। दल मंगलवार दोपहर लगभग दो बजे हापाटोला गांव के जंगल में था तभी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

प्रारंभिक जानकारी के घटनास्थल से एके-47 राइफल, एसएलआर राइफल, इंसास राइफल और 303 बंदूक समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया है। सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच इलाके में अब भी खोजी अभियान जारी है। सुंदरराज ने बताया, मुठभेड़ में तीन जवान घायल हुए हैं जिन्हें अस्पताल भेजा गया। तीनों की हालत खतरे से बाहर है।

घटनास्थल पर खड़ा सुरक्षाबल का जवान।

असम राइफल्स और उग्रवादियों में मुठभेड़, एक जवान घायल

तिनसुकिया/गुवाहटी। असम के तिनसुकिया जिले में मंगलवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक जवान घायल हो गया। तिनसुकिया के एसपी गौरव अभिजीत दिलीप के अनुसार, आज सुबह असम-अरुणाचल प्रदेश सीमा के पास मार्गेरिटा के नामदांग में जवानों और उग्रवादियों में मुठभेड़ हुई थी।

भाजपा ने किया जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण : मायावती

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- बसपा सुप्रीमो बोलीं- गलत आर्थिक नीतियों का अर्थव्यवस्था पर पड़ा बुरा असर

अमृत विचारः बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि इस समय अल्पसंख्यक समाज की हालत ज्यादा खराब है। कुछ वर्षों से केंद्र और राज्यों में भाजपा की सरकारों के चलते विकास नहीं हो रहा है। धर्म की आड़ में हो रहा जुल्म चरम पर है। इनकी गलत कृषि नीतियों से किसान आंदोलन कर रहे हैं। गलत आर्थिक नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है। केंद्र में पूर्व की सरकारों की तरह अब भाजपा सरकार में भी गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ा है। कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण किया है।

मंगलवार को नुमाइश ग्राउंड में बसपा प्रमुख अपने प्रत्याशी बिजेंद्र सिंह के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बिना नाम लिए चंद्रशेखर उर्फ रावण पर भी हमला बोला। कहा कि बसपा को कमजोर करने के लिए विरोधी पार्टियों ने कुछ बिकाऊ लोगों की पार्टी बनवाकर दलितों के वोटों को बांटने का काम किया। उनका काम चुनाव जीतना नहीं बल्कि नगीना में दलितों के वोटों को बांटकर दूसरी पार्टियों को चुनाव जिताना है। बिजनौर में जाट समाज से आपके बीच में चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतारा है।

पहले चरण की आठ सीटों के लिए आज थम जाएगा चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अवधि समाप्त होने के बाद बाहरी नेताओं की मौजूदगी होगी प्रतिबंधित

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के चुनाव के लिए 17 अप्रैल की शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम जाएगा। प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद बाहरी नेताओं की मौजूदगी पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल को मतदान के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि शाम छह बजे के बाद किसी भी राजनीतिक दल और उनके प्रत्याशियों-प्रतिनिधियों के निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार संबंधी गतिविधियां समाप्त हो जाएंगी। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्रों के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगा दी है, जबकि पीठासीन अधिकारी अपने फोन साइलेंट मोड में ले जा सकेंगे।

इन सीटों पर होगा चुनाव

पहले चरण में आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अजा), मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत पर मतदान होगा। इस चरण कुल 80 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इसमें 73 पुरुष और सात महिला हैं।

भाजपा सरकार में माफिया का राम नाम सत्य है : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, नहटौर(बिजनौर)

- मुख्यमंत्री ने कांग्रेस-सपा और बसपा पर साधा निशाना

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा सरकार में सामान्य नागरिकों के लिए राम-राम और माफिया के लिए राम नाम सत्य है। देश और प्रदेश में सुरक्षा का माहौल है। आज बेटियां खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं।

कोतवाली देहात मार्ग स्थित मैदान पर मुख्यमंत्री ने मंगलवार को नगीना लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में समस्याओं को रखते नहीं, बल्कि उनको समाधान तक पहुंचाते हैं। कहा कि दुनिया में भारत को आज सम्मान के रूप में देखा जाता है। देश में आतंकवाद, नक्सलवाद खत्म हुआ है। कांग्रेस और सपा की नीतियों के चलते भगवान राम की जन्म भूमि का भी प्रमाण यहां के लोगों को देना पड़ा। कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जिसने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर को भी चुनाव हराने का काम किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को अच्छाई पसंद नहीं है,अच्छाई से नफरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. भीमराव आंबेडकर के पंच तीर्थ का निर्माण कराया और संत गुरु रविदास की पावन जन्मभूमि गोवर्धन में स्मारक बनवाया । साथ ही उनकी 25 फीट ऊंची प्रतिमा बनवाई । भाजपा सरकार में दलितों को सम्मान मिला है। कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा के गठजोड़ ने समाज को जाति के नाम पर बांटा है।

दूसरे चरण में 42 प्रत्याशी करोड़पति

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में आठ सीटों पर 91 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहें हैं। इनमें से 42 उम्मीदवार यानि 46 प्रतिशत प्रत्याशी करोड़पति हैं । खास बात है कि भाजपा हो या सपा,बसपा का हर प्रत्याशी करोड़पति है। यही नहीं, छोटे दलों भी करोड़पति को ही प्रत्याशी बना रहें हैं। इस मामले में कांग्रेस पीछे है, इनके चार में से तीन उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उत्तर प्रदेश इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स(एडीआर) ने दूसरे चरण में अलीगढ़, अमरोहा, बागपत, बुलंदशहर, गौतमबुध नगर, गाजियाबाद, मथुरा और मेरठ से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के शपथ पत्रों का विश्लेषण किया है। यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे चरण में मथुरा से भाजपा के टिकट पर हेमामालिनी चुनाव लड़ रही हैं, जिनकी संपत्ति करीब 278 करोड़ रुपये है। बीजेपी के ही अलीगढ़ सीट के सतीश कुमार गौतम की संपत्ति 16 करोड़ है। मेरठ सीट पर बसपा प्रत्याशी देवव्रत की संपत्ति पांच करोड के करीब हैं। उन्होंने बताया कि, दूसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 10.05 करोड़ है। पार्टियों की बात की जाये तो बसपा के आठ प्रत्याशियों की औसत संपत्ति लगभग 10.75 करोड़ है। बीजेपी के सात उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 91.23करोड़ है। सपा के चार प्रत्याशियों की औसत संपत्ति 17.34 करोड़ है। वहीं कांग्रेस के चार उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3.56 करोड़ है। इसके अलावा जय हिंद नेशनल पार्टी के दो प्रत्याशी मैदान में हैं, दोनो ही करोड़पति हैं।

अपराधों में 21 लिप्त :

संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि इन 91 प्रत्याशियों में 21 ने अर्थात 23 प्रतिशत ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किये हैं। इन आठ सीटों पर सपा के चार प्रत्याशी मैदान में हैं और चारों पर अपराध के मामले लंबित हैं। वहीं बसपा के आठ में से तीन (38 प्रतिशत), बीजेपी के सात में से दो, कांग्रेस के चार में दो अर्थात 50 फीसदी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी ने प्रत्याशी तीन उतारें हैं। इनमें से दो पर आपराधिक मामले चल रहे हैं। साथ ही कई अन्य पर मामले दर्ज हैं।

चीन से आगे भारत, जीडीपी दर 6.8% का अनुमान

वाशिंगटन, एजेंसी



- दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था का तमगा बरकरार
- आईएमएफ ने कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी पर भरोसा बढ़ाया

भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अच्छी खबर है। मूडीज के बाद इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ ने भी घरेलू मांग बढ़ने और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी का जिक्र करते हुए कैलेंडर ईयर 2024 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया। इस तरह भारत दुनिया की तेज रफ्तार से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना हुआ है। इसी अवधि में चीन की इकोनॉमिक ग्रोथ रेट 4.6 फीसदी रहने का अनुमान है।

आईएमएफ ने विश्व आर्थिक परिदृश्य के नवीनतम संस्करण में कहा, भारत में वृद्धि दर वर्ष 2024 में 6.8 प्रतिशत और 2025 में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। घरेलू मांग में निरंतर मजबूती और कामकाजी उम्र की बढ़ती आबादी से इस तेजी को बल मिलता है। मुद्राकोष ने यह रिपोर्ट आईएमएफ और विश्व बैंक की सालाना बसंत बैठकों से पहले जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, उभरते और विकासशील एशिया में वृद्धि दर पिछले साल के अनुमानित 5.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2024 में 5.2 प्रतिशत और 2025 में 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह अनुमान जनवरी में जताए गए पिछले अनुमान की तुलना में थोड़ा बेहतर है। आईएमएफ ने अपनी जनवरी रिपोर्ट में 2024 के लिए भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। इसके साथ ही मुद्राकोष ने चीन में वृद्धि दर 2023 के 5.2 प्रतिशत की तुलना में सुस्त पड़कर इस साल 4.6 प्रतिशत और 2025 में 4.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। इस सुस्ती के लिए महामारी के बाद खपत बढ़ने और राजकोषीय प्रोत्साहन जैसे कारकों का असर कम होने और रियल एस्टेट में सुस्ती को जिम्मेदार बताया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक वृद्धि वर्ष 2024 और 2025 में भी पुरानी रफ्तार से जारी रहने का अनुमान है। वर्ष 2023 में अनुमानित वैश्विक वृद्धि 3.2 प्रतिशत रही है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे-ओलिवियर गॉरींशेस ने कहा, निराशाजनक अनुमानों के बावजूद वैश्विक अर्थव्यवस्था सशक्त बनी हुई है। स्थिर वृद्धि और मुद्रास्फीति लगभग उतनी ही तेजी से धीमी हो रही है, जितनी तेजी से बढ़ी थी।

वैश्विक आर्थिक वृद्धि दर 3.2 % रहने का अनुमान

वाशिंगटन। आईएमएफ ने इस साल के लिए वैश्विक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 3.2 प्रतिशत कर दिया है। उसने कहा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था का परिदृश्य उज्ज्वल बना हुआ है, बिना आर्थिक नुकसान के महंगाई पर काबू पाये जाने के साथ उत्पादन बना रहेगा। मुद्राकोष ने ताजा विश्व आर्थिक परिदृश्य में इस साल वैश्विक वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया। यह जनवरी में जताये गये 3.1 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। वृद्धि दर का यह स्तर 2023 के बराबर है। विश्व आर्थिक परिदृश्य के अनुसार, 2025 में भी वृद्धि दर 3.2 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी है। अगर ऐसा होता है तो यह लगातार तीसरा साल होगा जब वृद्धि दर इस स्तर पर होगी।

जश्न का सा समां है गुलशन में

सब हैं खोए हुए इलेक्शन में

दिन है गफलत का और न सुस्ती का
दिन है सोने का और न मस्ती का
आज के दिन यह फैसला होगा
हम किधर लेकर जाएं अपना वतन
किसको लीडर बनाएंगे अपना
किसको हम अपने ख्वाब सौंपेंगे
कौन तोड़ेगा नफरतों का चलन
कौन उल्फत के बीज बोएगा
पांच वर्षों में हम पे जो गुजरी
आज उसके हिसाब का दिन है
रंज खाए हैं रहनुमा से जो
आज उनके जवाब का दिन है
सोए लोगों को भी जगाना है
और पैगाम यह सुनाना है
वोट के वास्ते दबा के बटन
हमको जम्हूरियत बचाना है।

–डॉ. मुजाहिद फराज, शायर

संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर रहेगी तीसरी आंख की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिले में 19 अप्रैल को पहले चरण में 1,145 मतदान केंद्रों पर वोट डाले जाएंगे। इसमें संवेदनशील, अति संवेदनशील बूथों पर प्रशासन की नजर है। 921 बूथों की वेब कास्टिंग प्रशासन की ओर से कराई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कार्यदायी संस्था को सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने व अन्य प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

शांतिपूर्ण, निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को 24,45,921 मतदाता अपना नुमाइंदा चुनकर लोकसभा भेजेंगे। 1145 मतदान केंद्रों पर होने वाले मतदान के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिसमें से 621 बूथों की वेब कास्टिंग कराई जाएगी। इन बूथों पर सीसीटीवी कैमरे से रिकार्डिंग होगी। जिसकी मानीटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। निर्वाचन आयोग से आए प्रेक्षकों की भी इन संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर नजर है।

जिले में मतदाताओं की संख्या

कुल मतदाता	24,45,921
पुरुष मतदाता	12,98,304
महिला मतदाता	11,47,512
अन्य मतदाता	95
मतदान	19 अप्रैल
मतगणना	4 जून
मतदान केंद्र	1,145
मतदेय स्थल	2,511

तैयारी

- **921 बूथों की प्रशासन कराएगा वेब कास्टिंग**
- **24,45,921 मतदाता चुनेंगे अपना नुमाइंदा, भेजेंगे लोकसभा**

प्रेक्षक भी इन बूथों का निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजाम करा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट में बने वेब कास्टिंग कंट्रोल रूम में प्रबंधों का निरीक्षण कर कहा कि 921 बूथों पर वेब कास्टिंग होगी। इसके लिए कार्यदायी संस्था सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने व अन्य प्रबंध सुनिश्चित कराए। उन्होंने बताया कि मतदान से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी ईमानदारी, निष्ठा व पारदर्शिता से निभाने का निर्देश दिया है। लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई होगी।

अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अखिलेश करेंगे जनसभाएं, माहौल देख रहे मतदाता

स्टार प्रचारकों की हुंकार से चटख हुआ चुनाव का रंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोक सभा चुनाव में जैसे-जैसे मतदान का दिन करीब आ रहा है स्टार प्रचारकों की जनसभा से चुनाव का रंग चटख हो गया है। पार्टियों के स्टार प्रचारकों की हुंकार से राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। 19 अप्रैल को होने वाले प्रथम चरण के मतदान के लिए मंडल के तीन जिलों की चार लोकसभा सीटों के लिए मतदान होना है। वहीं अमरोहा में 26 अप्रैल और संभल में तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले जाएंगे। जिसके लिए स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम तय हो रहे हैं।

मंडल की छह लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में 19 अप्रैल को मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर और नगीना (सुरक्षित) सीट के लिए मतदान होगा। इसमें अपने दल व गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत के लिए पार्टियों के स्टार प्रचारक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, बसपा प्रमुख मायावती, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी चुनावी जनसभा, बैठकों के माध्यम से प्रत्याशियों का टेंपो हाई कर चुके हैं। इन स्टार प्रचारकों की हुंकार से मंडल में चुनाव का रंग अब चटख हो गया है। इनकी बातें सुनकर मतदाता भी अब आखिरी दिनों में माहौल की टोह लेते हुए मतदान के लिए मन बना रहा है। अब आखिरी दिनों में अखिलेश यादव व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा होनी है। जिससे चुनावी रंग और गहरा होगा।

इनके आने की प्रतीक्षा प्रत्याशियों के साथ ही मतदाताओं को भी है। वह इनके भाषण सुनकर वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का आकलन कर अपनी सोच की दिशा तय करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को अमरोहा जिले में जनसभा करेंगे।

आज भोजपुर में जनसभा को संबोधित करेंगे अखिलेश

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार 17 को अप्रैल को मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने बताया कि बुधवार दोपहर 12 : 00 बजे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव भोजपुर के राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि जनसभा की सफलता के लिए सांसद, पूर्व सांसद, पार्टी के सभी विधायक, पूर्व विधायक, राष्ट्रीय, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष आदि को जिम्मेदारी दी गई है। सभी जनसभा में मौजूद रहेंगे।

मतदान दिवस पर जरूर करें वोट

रोटरी क्लब ने चित्रगुप्त कॉलेज के छात्रों के साथ निकाली रैली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

रैली निकालते रोटरी क्लब के पदाधिकारी व चित्रगुप्त इंटर कालेज के शिक्षक व छात्र।

अमृत विचार: रोटरी क्लब मुरादाबाद द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के इंटरेक्ट क्लब के बच्चों के साथ मिलकर निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को लोक सभा चुनाव में मतदान अवश्य करने के लिए जागरूक किया।

क्लब के अध्यक्ष शरमिताभ सिन्हा एडवोकेट ने कहा कि रोटरी एक सामाजिक संस्था है जिसका उद्देश्य समाज को जागरूक करना है। सभी नागरिकों को अपना कर्तव्य समझना चाहिए और मत का सही उपयोग करना चाहिए। मतदान दिवस को केवल छुट्टी का दिन ना समझे, आलस छोड़ कर वोट देने जरूर जाएं। पहले मतदान फिर जलपान का संदेश दिया।

विशिष्ट अतिथि योग गुरु ऋतु नारंग, क्लब के कोषाध्यक्ष राजेश खन्ना ने सभी मतदाताओं से वोट देने की अपील की। आयोजन में शामिल क्लब के अध्यक्ष के अलावा, आरएन, कत्याल, विशिष्ट अतिथि ऋतु नारंग, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीर सिंह, स्वीप कन्वीनर प्रीतम सिंह, प्रवक्ता नवनीत गोस्वामी और स्कूल के सभी कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि हम देश के जागरूक मतदाता हैं। अपने वोट का प्रयोग जरूर करेंगे और देश के लोकतंत्र को मजबूत बनाएंगे।

पहले मतदान, बाद में करें जलपानः आबिद

मुरादाबाद, अमृत विचार: जिला प्रशासन के साथ-साथ सामाजिक संगठन भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को सर सैय्यद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने करूला क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

सोसाइटी द्वारा करूला, सर सैय्यद नगर की पुलिया समेत अन्य इलाकों में मतदान के लिए जागरूकता और हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने कहा कि मतदान वाले दिन सभी लोगों को सबसे पहले मतदान और बाद में जलपान करना है। इस दौरान समिति की प्रबंधक एडवोकेट सलमा बी, जिला पंचायत सदस्य उमर फारूक, हबीब फुरकान, जाकिर हुसैन एडवोकेट, महक खान, गोसिया बी, अफशा परवीन, मोहम्मद अदनान, अलशीफा, मश्कूर हुसैन, मोहम्मद आबिद आदि मौजूद रहे।

11,260 लोगों को चिह्नित कर पुलिस ने बांटे हैं रेड, येलो और ग्रीन कार्ड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **रेड व येलो कार्ड वालों को पुलिस ने चेताया, चुनाव में विघ्न डालने पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई**

अमृत विचार : लोक सभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर पुलिस ने रेड, येलो और ग्रीन कार्ड जारी कर दिए हैं। 11,260 कार्ड जिले भर में जारी हुए हैं। रेड कार्ड वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर पुलिस की नजर रहेगी। दरअसल, जिले में 19 अप्रैल को चुनाव होने जा रहे हैं। 1,146 मतदान केंद्र व 2,511 बूथ बनाए गए हैं। पुलिस ने शरारती तत्वों को चिह्नित कर उन्हें मुचलका पाबंद किया है।

लोक सभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को पुलिस ने रणनीति तैयार कर ली है। पुलिस चुनाव की शुचिता को बरकरार रखने के लिए हर स्तर पर तैयारी कर रही है। कार्रवाई कर शरारती तत्वों पर घेराबंदी की जा रही है। जनपद में चुनाव में खलल डालने वाले 4,100 लोगों को रेड कार्ड जारी किया गया है। जिन पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। यह कार्ड ऐसे लोगों को दिया गया है कि जिनसे चुनाव में खलल पड़ने की आशंका है। कार्ड पर चेतावनी लिखी गई है। रेड व येलो कार्ड धारकों को पुलिस हिदायत भी दे रही है कि अगर कोई भी चुनाव में विघ्न डालने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध गैंगस्टर तक की कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा 3,560 येलो कार्ड जारी हुए हैं। ये कार्ड उन लोगों को दिए जा रहे हैं, जो चुनाव में सामने से नहीं बल्कि, पर्दे के पीछे से विघ्न डाल सकते हैं। ऐसे लोग भी पुलिस की निगाह में हैं। 3,600 ग्रीन कार्ड जारी हुए हैं। ये कार्ड उनको दिए जा रहे हैं, जो अच्छे और सहयोगी व्यक्ति हैं अर्थात वह चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन का सहयोग करते हैं। इसके अलावा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने को पुलिस आचार संहिता का पाठ भी पढ़ा रही है। अधिकारी बूथ-बूथ पर पहुंचकर आचार संहिता के नियमों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि संबंधित व्यक्तियों को कार्ड रिसीव कराए जाने की कार्रवाई चल रही है। शांतिपूर्ण व सुरक्षित चुनाव कराने को लेकर सभी प्रयास पुलिस कर रही है। रेड, यलो व ग्रीन कार्ड जारी करने के अलावा अपराधियों पर लगाम लगाने का भी काम किया जा रहा है। यह प्रयास चुनाव तक लगातार जारी रहेगा।

फेस पेंटिंग से किया मतदान के लिए प्रेरित

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के सिविल लाइंस स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें छात्रों द्वारा फेस पेंटिंग एवं स्लोगन राइटिंग के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रबंधक दया किशन गुप्ता ने कहा की 19 अप्रैल को मतदान होना है। सभी मतदाताओं को इस लोकतंत्र के पर्व को धूमधाम से मनाएं। मेजर राजीव ढल ने कहा बड़ी संख्या में लोग अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करते। मताधिकार का प्रयोग न करने वालों में पढ़ा लिखा तबका अधिक होता है। मतदान के दिन छुट्टी न मनाकर हमें मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर दिलीप कुमार, राजीव अग्रवाल, रति कौशिक, संगीता, सलोनी शर्मा, तान्या आदि मौजूद रहे। इस दौरान सिद्धार्थ, सक्षम अग्रवाल द्वारा छात्रों के चेहरों पर फेस पेंटिंग की गई।



नवम सिद्धिदात्री

मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

शहर में आज

- राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा श्री राम जन्मोत्सव पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, कानून गोयान चौराहा स्थित चामुंडा मंदिर में दोपहर 12 :00 बजे।
- श्री रामनवमी कमेटी की ओर से भव्य शोभायात्रा राजकीय इंटर कॉलेज के समीप हाथी वाले मंदिर से दोपहर 3 :00 बजे।

एक नजर

100 ग्राम चरस के साथ एक पकड़ा, भेजा जेल

पाकबड़ा, अमृत विचार : पुलिस ने एक व्यक्ति को 100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को उप निरीक्षक कुलदीप सिंह तोमर ने पुलिस बल के साथ विकास कश्यप पुत्र अशोक कुमार कश्यप निवासी गायत्री नगर लाइनपार थाना मझोला को 100 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। मुकदमा पंजीकृत करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

न्यायालय के आदेश पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : नागफनी थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दौलतबाग निवासी शाकिर के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी देने और अश्लील टिप्पणी करने का मामला दर्ज किया है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में युवती ने कहा है कि आरोपी शाकिर ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया था। फिर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में आरोपी रास्ते में जब भी मिलता तो उसे अश्लील इशारे करता था। परेशान होकर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में उसने न्यायालय में अर्जी लगाई थी। नागफनी थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर आरोपी मोहम्मद शाकिर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

पेड़ गिरने से लोग परेशान

मुरादाबाद, अमृत विचार : महानगर के रामपुर रोड स्थित रोडवेज के पीतल नगरी डिपो के बराबर में वर्कशाप की दीवार पर एक पेड़ गिर गया। जिससे वर्कशाप के पीछे रहने वाले कालोनीवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पेड़ गिरे होने से कालोनी का रास्ता बंद है और आने जाने में परेशानी हो रही है। उन्होंने इसकी शिकायत वन विभाग में की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई है।

बेटियों का संदेश : 19 अप्रैल को प्रथम चरण का मतदान है। जिसको लेकर लोगों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी शृंखला में नवरात्र में अष्टमी के दिन देवी रूपी कन्याओं ने लोगों से मतदान करने की अपील की। ● अमृत विचार

रेलवे ने टिकट चेकिंग में कमाए एक लाख रुपये

मुरादाबाद, अमृत विचार: ट्रेनों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार को रेलवे अधिकारियों ने भीड़ के चलते टिकटों की चेकिंग कराई। जिसमें रेलवे की वाणिज्य विभाग की टीम ने एक घंटे में ट्रेनों में टिकट चेकिंग में एक लाख रुपये का जुर्माना वसूला।

समर सीजन के साथ ही रेगुलर के अलावा समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। डीआरएम राज कुमार सिंह और सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता के निर्देशन में ट्रेनों में टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें एसीएम विशाल शर्मा के नेतृत्व में चले टिकटों की चेकिंग में रेलवे को भरपूर आमदनी हुई है। सीनियर डीसीएम ने बताया कि रेलवे की टीम ने एक घंटे में 190 मामले पकड़े, जिनसे 61300 रुपये किराया और 47500 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया।

जिले में 743 शस्त्र लाइसेंस निरस्त आपराधिक श्रेणी वाले थे धारक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

शस्त्र लाइसेंस

- 14,727 शस्त्र थानों व दुकानों पर जमा हुए, 2747 लोगों को शस्त्र न जमा करने की मिली छूट
- लोक सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने जिले में अभियान चलाकर की कार्रवाई

अमृत विचार : लोक सभा चुनाव के चलते पुलिस ने आपराधिक श्रेणी वाले 743 धारकों के शस्त्र लाइसेंस पुलिस ने निरस्त कर दिए। वैसे जिले में कुल 18,727 लाइसेंसी शस्त्र हैं। शस्त्रों के जमा कराने की कार्रवाई में पुलिस की स्क्रीनिंग कमेटी ने संबंधित लोगों को कुल 2747 शस्त्र रखने की छूट दी है, जबकि अन्य सभी से उनके असलहे जमा करा लिए गए हैं।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि पिछले कई वर्षों से थानों पर जमा करीब 599 शस्त्रों को संबंधित लाइसेंस धारक व्यक्ति दोबारा वापस लेने ही नहीं आए हैं। उन्होंने बताया कि आपराधिक प्रवृत्ति के लाइसेंस धारक का सत्यापन कराया है। इनमें से 705 लाइसेंस वाले शस्त्रों को निरस्त करने के संबंध में रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को भेजी गई है। उन्होंने बताया कि आपराधिक प्रवृत्ति के 38 लाइसेंस धारकों के शस्त्र लाइसेंस को पूर्व में निरस्त कराया जा चुका है।

इनके शस्त्र संबंधित थानों पर जमा कराए जा चुके हैं। एसएसपी ने बताया कि जिले में 18,727 शस्त्रों के लाइसेंस हैं। इनमें से 7,642 शस्त्रों को थानों पर और 6,996 शस्त्र विक्रेताओं की दुकानों पर सुरक्षित जमा कराया गया है। इस तरह कुल 14,638 शस्त्र आदर्श चुनाव आचार संहिता आदि को देखते हुए जमा कराए गए हैं।

इसके अलावा ऐसे लोग, जिन्हें चुनाव के बीच में भी उनकी सुरक्षा के मद्देनजर शस्त्रों की जरूरत समझी गई है, ऐसे लोगों को कुल 2,747 शस्त्रों को न जमा करने की छूट दी गई है। इससे पहले स्क्रीनिंग कमेटी में शामिल लोगों ने शस्त्र धारक की तरफ से बताए गए हर बिंदु की बारी की से जांच की है। शस्त्र की आवश्यकता को पर संतोष जाहिर कर स्क्रीनिंग कमेटी ने संबंधित को उसके असलहे को न जमा करने की छूट दी है।

महागौरी की पूजा कर मांगा सुख समृद्धि का आशीर्वाद

महानगर के काली माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना, भक्तों ने किया कन्या पूजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नवरात्र की अष्टमी को मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा-अर्चना कर भक्तों ने सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। लालबाग स्थित कालीमाता मंदिर सहित महानगर के अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटी। शाम को भी मंदिरों में आरती के समय बड़ी संख्या में भक्त जुटे। वहीं व्रत रखने वालों ने कन्या पूजन कर उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण कराकर आशीर्वाद लिया।

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के लिए लोगों की लंबी कतार लग गई। काली माता मंदिर में सुबह और शाम को भी भीड़ रही।

महाआरती कर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। श्री मनोकामना मंदिर, कोर्ट रोड स्थित दुर्गा मंदिर, आशियाना स्थित शिव शक्ति मंदिर, हरथला स्थित मंदिर में भजन कीर्तन का क्रम देर शाम तक चला। मंदिर के परिसर से लेकर बाहर तक लोगों ने कतार में लग कर मां काली, दुर्गा व अन्य देवी-देवताओं के दर्शन कर फूल, माला, प्रसाद चढ़ाया। आठवें दिन भक्तों ने मां को चुनरी ओढ़ाकर नारियल फोड़ा। मंदिर प्रबंधन सुरक्षा व्यवस्था बनाने में जुटा रहा। वहीं मंदिर व आसपास पुलिस कर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। नगर निगम के कर्मियों ने मंदिर व आसपास सफाई कराकर चूने का छिड़काव किया। कई जगह रंगोली बनाई गई।

वहीं श्रद्धालुओं ने आठवें दिन कन्या पूजन कर उनके पैर पखारे। चुनरी ओढ़ाकर कन्याओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया। उन्हें उपहार देकर आशीर्वाद लिया। बुधवार को रामनवमी के दिन महानगर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर आयोजन समितियों के पदाधिकारी तैयारी में जुटे रहे।

लालबाग स्थित काली माता मंदिर में दर्शन करने के लिए लगी श्रद्धालुओं की लाइन। ● अमृत विचार

रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

आज हाथी वाले मंदिर से निकलेगी भव्य शोभायात्रा

मुरादाबाद, अमृत विचार : श्री रामनवमी कमेटी की ओर से प्रभु श्रीराम जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा बुधवार को निकाली जाएगी। श्री रामनवमी कमेटी के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने बताया कि श्री रामनवमी भव्य शोभायात्रा 73 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। शोभायात्रा गवर्नमेंट कॉलेज हाथी वाले मंदिर से पान का दरीबा, मंडी चौक, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, टाउन हॉल, गुरहट्टी चौराहा, ताड़ीखाना रोड, गुलजारीमल धर्मशाला रोड, बुध बाजार होते हुए श्यामल दास की धर्मशाला पर संपन्न होगी।

नागरिक सुरक्षा का दो दिवसीय विशेष शिविर

मुरादाबाद, अमृत विचार: मंगलवार को महानगर के लालबाग स्थित काली माता मंदिर पर चल रहे चैत्र नवरात्र मेले में अष्टमी पर नागरिक सुरक्षा की ओर से दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने नागरिक सुरक्षा शिविर की शुरुआत की। उपनियंत्रक जय राज तोमर ने बताया कि मेले में खोये बच्चों को उनके माता-पिता से मिलवाना, पेयजल की व्यवस्था और शांति व्यवस्था में सहयोग करना ही मुख्य उद्देश्य है। सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार, प्रभारी डिवीजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, स्टाफ अधिकारी चक्रेश लोहिया, स्टाफ अधिकारी राजेश गुप्ता, आईसीओ तिलक राज सिक्का, पोस्ट वार्डन लक्ष्मण सिंह प्रजापति, शाकिर हुसैन, विपुल कुमार अग्रवाल, सूरज प्रकाश, संजय कुमार गुप्ता, अनिल रस्तोगी, कमल कुमार कश्यप, नीतू सक्सेना, अनामिका गुप्ता, शबाना परवीन, तुषार अग्रवाल, मनोहर लाल, संजीव खन्ना उर्फ बंटी, विजेश शर्मा, हरध्यान सिंह व राहुल प्रजापति शामिल रहे।

जिले की छाया ने यूपीएससी में 65वीं रैंक हासिल की

मुरादाबाद, अमृत विचार: जनपद की रहने वाली छाया सिंह ने यूपीएससी की परीक्षा में 65वीं रैंक हासिल की है। परिणाम घोषित होते ही छाया के परिवार में खुशी है। थाना मझोला क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर में रहने वाले छोटे सिंह वर्तमान में मध्य प्रदेश के रीवा जिले में कमिश्नर हैं। उनकी बेटी छाया सिंह ने यूपीएससी में 65वीं रैंक हासिल की। इससे पहले छाया यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईपीएस के लिए चयनित हुई थी। वर्तमान में वह पुणे में ट्रेनिंग कर रही हैं। छाया की पढ़ाई मध्यप्रदेश में ही हुई है। उनके चचेरे भाई बैंक ऑफ बड़ौदा में सीनियर मैनेजर अनिल बाजवा ने जानकारी देते हुए बताया कि छाया शुरू से ही मेधावी रही छाया ने ग्रेजुएशन करते वक्त ही यूपीएससी की तैयारियों के बारे में सोचना शुरू कर दिया था।

महानगर के डीपीएस से हुई थी वैभव की प्रारंभिक पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- माता-पिता की निगरानी में पढ़ाई कर पाई यूपीएससी में 58वीं रैंक

अमृत विचार: यूपीएससी की परीक्षा में 58वीं रैंक हासिल करने वाले वैभव आनंद शर्मा की प्रारंभिक पढ़ाई महानगर के डीपीएस स्कूल में हुई है। उन्होंने अपने पिता सेवानिवृत्त जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. एपी शर्मा की निगरानी में स्वाध्याय कर तीसरे प्रयास में इस सफलता को हासिल कर सभी का सपना साकार कर दिया। उनकी सफलता पर पिता व माता सहित पूरा परिवार गदगद है।

वैभव के पिता डॉ. एपी शर्मा ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि वह महानगर के आशियाना कॉलोनी में रहते हैं। वैभव की मां ममता शर्मा गृहिणी हैं। उन्होंने बेटे की पढ़ाई के लिए अपना पूरा समय समर्पित किया। बताया कि यदि उनके बेटे वैभव घर पर 8 घंटे पढ़ाई करते थे तो सामने 6 घंटे उनकी मां बैठकर मार्गदर्शन और संबल देती थीं। वह हर दिन 8-10 घंटे पढ़ते थे। उन्होंने बताया कि वैभव ने दो साल तक मुंबई में मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब की थी। बाद में उसे छोड़कर पूरी तरह यूपीएससी की तैयारी में लग गए और तीसरे प्रयास में इस सफलता को हासिल कर लिया।

वैभव के बड़े भाई भी होम्योपैथिक चिकित्सक हैं। डॉ. एपी शर्मा 2017 में सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त हो गए थे।

पुलिस ने शांति भंग में 10 आरोपी गिरफ्तार किए

मुरादाबाद, अमृत विचार : पाकबड़ा थाना पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था भंग कर रहे 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दिलशाद व इसका भाई शोएब और मोहम्मद नवी व इसका भाई रईस के साथ ही संजय हैं। ये लोग रतनपुर कला गांव के हैं। पाकबड़ा थानाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इसी तरह जयविंद्र सिंह, अजय व इसके भाई वासुदेव को भी गिरफ्तार किया गया है। ये लोग छजलैट थाना क्षेत्र के गांव मुंडाला के रहने वाले हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाजिद अली पुत्र और मोहम्मद शाहिद को भी शांति भंग में पकड़ा गया है। वाजिद अली मझोला थाना क्षेत्र के गांव उत्तमपुर बहलोलपुर का और शाहिद पाकबड़ा में शनिवार का बाजार का रहने वाला है।

भक्ति के साथ होगा मतदान का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: राष्ट्रीय पुजारी परिषद की बैठक पटपट सराय स्थित शिव मंदिर पर हुई। जिसमें चैत्र शुक्ल श्रीरामनवमी के अवसर पर महानगर के 121 मंदिरों पर भगवान श्रीराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम होंगे। इनमें हवन, सुंदरकांड एवं समूह हनुमान चालीसा पाठ भगवान श्रीराम की आरती के साथ ही 19 अप्रैल को प्रथम चरण में होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा मंदिरों में उपस्थित भक्तों को मतदान करने का संकल्प दिलाया जाएगा।

परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि दानों में दान, महादान मतदान अवश्य करें। 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में अपना मत डालकर लोकतांत्रिक देश की व्यवस्था के प्रति अपने कर्तव्य का पालन अवश्य करें। उन्होंने मंदिरों के सभी पुजारियों से कहा है कि मंदिरों में आने वाले सभी भक्तों को अपने मत का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित करें। बैठक की अध्यक्षता पं. तेजनारायण मिश्रा ने की। संचालन पं. विनीत शर्मा ने किया। इस दौरान पं. विनोद शर्मा, पुजारी महेंद्र पंडित, शिवकुमार शर्मा, पं. मदन लाल भारद्वाज, पं. हरे कृष्णा दुबे, सतीश त्रिपाठी, संदीप त्रिवेदी, दीपक तिवारी, पं. कार्तिक शर्मा, अंकित तिवारी, रमेश चंद शर्मा, सतीश खंडूरी, पवन शास्त्री आदि ने भाग लिया।

बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी व अन्य।

मनमानी | प्रशासन के नियमों की स्कूल कर रहे अनदेखी, अभिभावकों की जेब हो रही ढीली

अपने ही स्कूल में प्रवेश शुल्क देने को मजबूर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

> सभी सीबीएसई स्कूल गाइडलाइन का पालन करें। गाइडलाइन के तहत ही किताबें लगाएं। निरीक्षण में अगर मानक के विपरीत किताबें पकड़ी गईं, तो संबंधित स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> -डॉ. अरुण कुमार दुबे, डीआईओएस

- निजी स्कूलों में प्रवेश शुल्क के नाम पर विद्यार्थियों से वसूली जा रही है मोटी फीस

अमृत विचार: निजी स्कूलों का सत्र एक अप्रैल से शुरू हो गया है। अभिभावक कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म के साथ अन्य शिक्षण सामग्री खरीदने में लगे हैं। अभिभावकों की भीड़ कॉपी-किताब से लेकर यूनिफॉर्म खरीदने के लिए दुकानों में जुट रही है। प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी स्कूलों की मनमानी नहीं रुक रही है। स्कूल खुलेआम अभिभावकों की जेब पर डाका डाल रहे हैं।

निजी स्कूलों में पाठ्यक्रम के अलावा कुछ खास प्रकाशकों की किताबें शामिल हैं। यह किताबें स्कूलों से निर्धारित की हुईं कुछ ही दुकानों पर मिल रही हैं। स्कूलों को कमीशन देने के लिए दुकानदार अभिभावकों से मनमानी कीमत वसूल रहे हैं। एक बच्चे की कॉपी-किताब, शिक्षण सामग्री के साथ यूनिफॉर्म खरीदने में 10 से 12 हजार की धनराशि खर्च करनी पड़ रही है। नियमित रूप से पढ़ाई करने वाले बच्चों को अपने ही स्कूलों में फिर से प्रवेश लेना पड़ रहा है। नए प्रवेश के नाम पर फिर से मोटी प्रवेश फीस वसूली जा रही है, जिससे अभिभावकों का अप्रैल का बजट बिगड़ गया है। एक बच्चे की कक्षा छह की कॉपी-किताबों का सेट साढ़े छह हजार रुपये में मिल रहा है। इसके अलावा चार से पांच हजार रुपये दो सेट यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, टाई, स्टेशनरी, बैग खरीदने में खर्च हो रहे हैं। बच्चों का लंच बॉक्स, पानी की बोतल भी 700 से 800 रुपये में मिल रही है।

सीबीएसई की गाइड लाइन में स्पष्ट है कि पहली व दूसरी कक्षा में भाषा और गणित के अलावा अन्य किसी विषय की किताब नहीं चलेगी। तीसरी से पांचवीं कक्षा तक इन दो विषयों के अलावा पर्यावरण विषय की किताब शामिल की जाएगी। जो विषय एनसीईआरटी ने तय किया है, उनसे अलग कोई किताब नहीं चलाई जाएगी। केंद्रीय विद्यालय में पहली से पांचवीं तक अधिकतम चार किताबें ही चलती हैं। वह भी सभी एनसीईआरटी से प्रकाशित होती हैं। निजी स्कूलों में पांचवीं तक आठ से 10 किताबें चलाई जा रही हैं। यह सभी किताबें निजी प्रकाशकों की होती हैं। इससे बच्चों के बस्ते का बोझ बढ़ रहा है।

सीबीएसई के नियमों की अनदेखी की जा रही है। नियम है कि एनसीईआरटी के अलावा कोई दूसरी किताब न लगाई जाएं। इसके बावजूद स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें लगा रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग का इन स्कूलों में नियंत्रण न होने के कारण मनमाने तरीके से निजी प्रकाशकों की किताबें लगाईं जा रही हैं।

रामगंगा विहार के फूल सिंह का कहना है कि निजी स्कूलों की महंगी किताबों के साथ अन्य सामग्री खरीदने से अप्रैल का बजट बिगड़ गया है। यूनिफॉर्म, जूते-मोजे आदि खरीदने में 10 हजार खर्च हो चुके हैं। अभी पानी की बोतल और लंच बॉक्स खरीदना शेष है। हरथला मोहल्ला निवासी बबलू मौर्या का कहना है कि अब बच्चों का पढ़ाना कठिन होता जा रहा है। जाने माने स्कूल निरंकुश हो चुके हैं। हर साल बच्चे के प्रवेश शुल्क में पांच से 10 हजार वसूल रहे हैं। बस्ते के साथ अन्य सामान खरीदने में 10,500 पहले ही खर्च हो चुके हैं।

एक नजर

स्ट्रांग रूम के चारों ओर लगवाएं सीसीटीवी कैमरे

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने मंगलवार को मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल और मंडी समिति स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने पोलिंग पार्टियों की रवानगी से पहले सभी प्रबंध पूरे करने के लिए निर्देश दिए। एआरटीओ को पर्याप्त संख्या में वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा। निर्देश दिया कि जिन्होंने नोटिस के बाद भी वाहन नहीं भेजे हैं उन वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के चारों ओर सीसीटीवी कैमरे लगाने और गेट के बाहर सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम बनाने का निर्देश दिया। अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी में लगने वाले वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़ा करने और मतदान से संबंधित सामग्री वितरित करने वाले पंडाल में सभी प्रबंध करने के लिए कहा। मौसम खराब होने पर कार्य न प्रभावित हो इसके लिए तैयारी करने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी गुलाब चन्द, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह, एआरटीओ आदि अधिकारी मौजूद रहे।

व्यापारी पर फायरिंग, पूर्व ब्लॉक प्रमुख समेत चार पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : मेडिकल स्टोर से दवा लेकर लौट रहे व्यापारी पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख इकबाल समेत चार नामजद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पूरा मामला भगतपुर थाना क्षेत्र के दौलपुरी बामनिया गांव का है। खली व्यापारी मोहम्मद रफी ने पुलिस को बताया है कि सोमवार दोपहर को वह गांव के नईमी मस्जिद पर स्थित मेडिकल स्टोर गया था। लौटते समय रास्ते में गांव के ही इकबाल, दिलशाद, अकरम और अरशद आ गए और इन लोगों ने लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध पर आरोपियों ने उसे लाठी-डंडे से पीटना शुरू कर दिया था। इकबाल ने अंटी से तमंचा निकाल कर जान से मारने की नियत से उस पर फायर कर दिया था। बाद में आसपास के लोगों ने उसे बचाया। घटना के बाद रफी अपने भाई को लेकर भगतपुर थाने पर पहुंचा और तहरीर दी थी। इस संबंध में भगतपुर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जिलाधिकारी से शिकायत करने पहुंचीं रुचि वीरा, साथ में सपा-कांग्रेस के नेता।

सपा प्रत्याशी ने आरोपों को बताया झूठा

मुरादाबाद, अमृत विचार: सपा गठबंधन प्रत्याशी की दिन पर दिन परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। उनका आरोप है कि पुलिस प्रशासन में निचले स्तर के अधिकारी सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाव में झूठी रिपोर्ट लिखने से लेकर कार्यक्रम की परमिशन निरस्त कराने का काम कर रहे हैं।

मंगलवार को सपा प्रत्याशी रुचि वीरा जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय में मिली। उन्होंने डीएम से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा के लिए ली गई परमिशन एक दिन पहले निरस्त कराने की भी शिकायत की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बुधवार को भोजपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में जनसभा की परमिशन ली थी। लेकिन, सोमवार की रात परमिशन निरस्त करने की बात पता चलती है। रुचि वीरा ने सत्ता पक्ष के प्रत्याशी को फायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज मीना से मिलकर शिकायत की। इसके अलावा उन्होंने पुलिस द्वारा प्रचार प्रसार कर रहे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पर झूठे मुकदमे लिखे जाने की भी शिकायत की है।

रुचि वीरा, जिलाध्यक्ष समेत पांच पर रिपोर्ट

मुरादाबाद, अमृत विचार : मुगलपुरा जामा मस्जिद के पास राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर 14 अप्रैल को हुई जनसभा में भड़काऊ भाषण देना सपा प्रत्याशी रुचि वीरा को महंगा पड़ गया। पुलिस ने रुचि वीरा व सपा जिलाध्यक्ष जयवीर यादव समेत पांच सपाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। दरोगा अरफान की तहरीर पर मुगलपुरा थाने में मामला दर्ज किया गया है।

14 अप्रैल को राजकीय इंटर कालेज में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को जनसभा को संबोधित करना था। लेकिन, मौसम खराब होने के कारण वह नहीं आ सके थे। कार्यकर्ताओं को रोकने पर भड़कीं रुचि वीरा ने पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को औकात में रहने की नसीहत दी थी। मुगलपुरा थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि रुचि वीरा, सपा के जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, शाने अली उर्फ शानू, बाबर खां और मोहम्मद गनी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। वीडियो ग्राफी के जरिए अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

मतदान के लिए प्रेरित करने में जुटी सरकार व स्वयंसेवी संस्थाएं

खामोशी से ही निपट रहा लोस चुनाव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: न चुनाव का शोर, न झंडा न बैनर और न वॉल पेंटिंग, फिर भी लोकसभा का चुनाव हो रहा है। कहीं से भी संकेत नहीं मिल रहे हैं कि चुनाव हो रहा है। लोकसभा चुनाव के सारे मानक ही बदल गए हैं। पहले इनसे देश के लोगों को जो रोजगार मिलता था, वह सब ठप हो गया।

इन सब पर सरकार की रोक का असर बाहर तो कहीं दिखेगा नहीं, लेकिन अंदर तो काफी कुछ असर दिख रहा है। लोग मायूस हैं कि उनका रोजगार छिन गया। पहले जब मतदान करने की तिथि आती थी तो अखबार लिखते थे कि थम गया चुनावी शोर। अब, जब चुनाव में कहीं शोर ही नहीं है तो थमेगा क्या। अब तो केवल मौखिक ही मतदान करने के लिए कहा जा रहा है। कहीं पर भी दिख नहीं रहा है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का चुनाव हो रहा है। अगर, कहीं पर शोर हो रहा है तो वह हैं जनसभाएं, इसके अलावा मतदान करने के लिए सरकार और उसके सहयोग में लगी संस्थाओं की ओर से शोर हो रहा है। गलियों में वाहनों पर लगे लाउडस्पीकर किसी पार्टी के नजर नहीं आ रहे हैं। अब पार्टियों के लोगों को जन-जन से मिलना है। इसके बाद ही वोट मिल सकेंगे।

मतदान करने के लिए प्रेरित किए जाने की सरकार और उसकी सहयोगी संस्थाओं की कितनी बात जनता मानती है, यह तो मतदान के बाद ही पता चलेगा। लेकिन सरकार का यह प्रयास कहीं न कहीं तो गुल खिलाएगा ही। जिस प्रकार से सरकार ज्यादा से मतदान करने के लिए प्रेरित कर रही है, वह कहीं न कहीं से दूरगामी परिणाम वाला होगा। यह कार्य शहरों में तो चल ही रहा है, गांवों में भी इसका प्रयास किया जा रहा है। इसमें सरकार के पास जितने भी प्रचार के माध्यम हैं, वे सब प्रयुक्त हो रहे हैं। इसमें टीवी, रेडियो, मोबाइल नेटवर्क, सोशल मीडिया, समाचार पत्र आदि सभी शामिल हैं।

अब सरकार कह रही है कि ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करें, लेकिन किसको करें, यह मतदाता की इच्छा पर निर्भर है। चुनाव का प्रचार तो पार्टियां चुनाव की घोषणा से पहले ही कर चुकी हैं। उन्हें पता था कि चुनावी घोषणा के बाद तो प्रचार माध्यमों से प्रचार करने को मिलेगा ही नहीं, तो अभी से यह कार्य कर लें। इसमें जातीय समीकरण साधने की बात सबसे आगे-आगे चल रही है। हर जनसभा में जातीय समीकरणों की ही बात कहीं जा रही है। वैसे चुनाव आयोग जाति के आधार पर चुनाव प्रचार करने से मना करता है, लेकिन अंदरखाने तो सभी जगह यही चल रहा है।

किसान दंपती को पीटा छेड़छाड़ का भी आरोप

मुरादाबाद, अमृत विचार : खेत की मेड़ पर मिट्टी डालने के विवाद में आरोपियों ने किसान व उसकी पत्नी को मारपीट कर घायल कर दिया। एसएसपी ने दंपती का मेडिकल परीक्षण कराकर थानाध्यक्ष को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

घटना डिलारी थाना क्षेत्र के गांव की है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि 14 अप्रैल की शाम 5.30 बजे के दौरान उसके पति खेत की मेड़ पर मिट्टी डाल रहे थे। उसी समय गांव का ही व्यक्ति अपने तीन बेटों के साथ खेत पर आ गया था। इन चारों ने उसे और उसके पति से गाली-गलौज शुरू कर दी थी। पीड़िता के पति ने जब विरोध किया तो आरोपी पिता व उसके तीनों बेटों ने उसे मारपीट शुरू कर दी। इसमें किसान व उसकी पत्नी घायल हो गई। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके सोने के कुंडल भी आरोपी छीन ले गए हैं। उसके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें भी की हैं। आरोपी घटना के बाद महिला के पति को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए थे।

पारा @ 36 डिग्री सेल्सियस, अप्रैल में लोग बेहाल, मई में और सताएगी गर्मी

मई में 44 डिग्री पहुंच सकता है तापमान, सावधानी बरतने की सलाह दे रहे चिकित्सक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में गर्मी से लोग बेहाल हैं। मई में गर्मी और सताएगी। मंगलवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहा। आने वाले दिनों में और बढ़ने की उम्मीद मौसम विशेषज्ञ जता रहे हैं। वहीं चिकित्सक गर्मी व लू से बचने के लिए सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं।

मंगलवार को दोपहर में तेज धूप ने लोगों का पसीना निकाल दिया। धूप से बचने के लिए लोग छांव की तलाश में भटके तो वहीं शीतल पेय पदार्थों की दुकान पर लोगों की भीड़ रही। अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। आर्द्रता 24 प्रतिशत रही। जबकि 26 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली हवा से सुबह शाम लोगों को थोड़ी राहत रही। दोपहर में धूप और सड़कों पर उड़ रही धूल से लोग परेशान रहे।

सिविल लाइंस क्षेत्र में गर्मी से बचने को कपड़े से चेहरा ढक कर जाता साइकिल सवार व स्कूटी सवार युवतियां। ● अमृत विचार

पंडित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रिटायर्ड प्रोफेसर मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया अभी तापमान और बढ़ेगा। मई में गर्मी और बढ़ेगी। अधिकतम तापमान 43-44 डिग्री तक पहुंच सकता है। 19-20 अप्रैल को हल्के बादल रहेंगे। शेष दिनों में मौसम शुष्क रहेगा। उन्होंने लू से बचने की लोगों को सलाह दी। कहा कि दोपहर में लोग घर से बाहर निकलने में सावधानी बरतें।

वहीं जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. राम किशोर ने बताया कि इन दिनों डायरिया, उल्टी दस्त, पेट दर्द के मरीज ओपीडी में अधिक आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे मौसम में बाहर की तली भुनी चीजें और कटे, सड़े गले फल से दूर रहें। ठेले पर बर्फ का गोला, आइसक्रीम खाने से बचें। ताजा व सुपाच्य भोजन करें। पानी, शिकंजी आदि का सेवन करें। बहुत जरूरी काम होने पर ही दोपहर में धूप में निकलें। यदि जाएं भी तो सिर को ढक कर रखें। अपने साथ पानी की बोतल लेकर जाएं।

जेल में निरुद्ध बंदी की उपचार के दौरान मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार : जेल में निरुद्ध बंदी की तबियत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक बंदी विष्णु उर्फ राजू (24) पुत्र सुरेश मझोला थाना क्षेत्र में लाइनपार फुटपाथी माता मंदिर के पास आवारागर्द का रहने वाला था। इसकी मृत्यु सोमवार शाम 7.05 बजे हुई थी।

वरिष्ठ जेल अधीक्षक पवन प्रताप सिंह ने बताया कि बंदी विष्णु उर्फ राजू 22 मार्च 2024 को जेल में निरुद्ध हुआ था। इसके विरुद्ध इसी वर्ष 2024 में थाने आरपीएफ में मामला दर्ज हुआ था। वह अभी अविवाहित था और मजदूरी करता था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बताया कि बंदी विष्णु को 12 अप्रैल को दौरे पड़ने की शिकायत हुई थी। जिस पर इसे जेल चिकित्सक ने परीक्षण कर कारागार के अस्पताल में भर्ती किया था। सोमवार शाम को उसकी तबीयत और बिगड़ गई थी। परामर्शदाता डॉ. राधो कुमार सिंह उसका उपचार कर रहे थे। सीने में दर्द के साथ घबराहट के कारण उसके स्वास्थ में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा था। इस पर उसे सोमवार शाम 4.48 बजे के दौरान जिला अस्पताल रेफर किया गया था, जहां उसकी कुछ देर बाद मौत हो गई थी।

इंजन फेल होने से हकीमपुर में दो घंटे खड़ी रही राजधानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

परेशानी

- कैलसा रेलवे स्टेशन पर रोकी गई काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस यात्री हुए परेशान
- राजधानी एक्सप्रेस ढाई घंटा तो काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस डेढ़ घंटा देरी से मुरादाबाद पहुंची

अमृत विचार: इंजन फेल होने के कारण राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को हकीमपुर रेलवे स्टेशन पर दो घंटे के लिए रोका गया। जिसके चलते काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन को कैलसा स्टेशन पर रोकना पड़ा। जिससे यात्रियों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा।

मंगलवार को नई दिल्ली से डिब्रूगढ़ जा रही राजधानी एक्सप्रेस संख्या 20504 का अचानक इंजन फेल हो गया। ट्रेन का इंजन फेल हुआ तो वह हकीमपुर पहुंची थी। जिसके कारण उसे वहीं रोकना पड़ा। जिसके बाद स्टाफ ने इंजन फेल होने की सूचना रेलवे प्रशासन को दी। जिसके बाद राजधानी लगभग दो घंटे तक हकीमपुर रेलवे स्टेशन पर ही खड़ी रही। जिसकी वजह से वाराणसी जा रही काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ट्रेन संख्या-15128 को बीच रास्ते कैलसा में रोकना पड़ा। ट्रेन को रन-थ्रू निकालकर उसके पीछे काशी को चलाया जाना था। लेकिन, राजधानी के फेर में काशी भी उसके पीछे कैलसा में खड़ी रही। इससे आगे पीछे दोनों ट्रेनों के रुकने से यात्री गर्मी में परेशान हो गए। काशी में भीड़ से भी यात्रियों का बुरा हाल रहा। लगभग दो घंटे बाद नए इंजन के बाद ही राजधानी को चलाया जा सका। मुरादाबाद में ट्रेन जिसके बाद राजधानी एक्सप्रेस ढाई घंटे देरी से पहुंची। काशी भी डेढ़ घंटा लेट हो गई।

दैनिक यात्री संघ के अध्यक्ष सुधीर पाठक ने बताया कि रेलवे की कमी की वजह से दोनों गाड़ियां लेट हो गई। इस रूट पर कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं है। पहले इस रूट पर पुशपुल पैसेंजर ट्रेन का संचालन होने से दैनिक यात्रियों को सहूलियत थी। लेकिन, अब अमरोहा से सुबह 10 बजे अवध आसाम एक्सप्रेस के बाद दोपहर दो बजे काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ही मुरादाबाद आने का विकल्प है।

जनसंपर्क

ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित करतीं सपा प्रत्याशी।

रुचि वीरा ने ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र में किया जनसंपर्क

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी-गठबंधन प्रत्याशी रुचि वीरा ने ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील की। ठाकुरद्वारा विधानसभा में ग्राम सिडलऊ नजरपुर, सलीम सराय, काजीपुरा, सिहाली में नुक्कड़ सभाएं की तथा ग्राम बक्खरपुर व ग्राम फजलपुर, पिलकपुर, गुलरिया माफी, वाजिदपुर, अटायन, नहटोरा में जनसंपर्क किया। मंगलवार को जनसंपर्क के दौरान लोगों ने जगह-जगह रुचि वीरा का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। रुचि वीरा इतने अपार जनसमर्थन को देखकर भाव-विभोर हो गईं। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद से जितना प्रेम और मोहब्बत मुझे लोगों से मिल रही है उसको मैं कभी नहीं भूल सकती, जहां-जहां मैं जा रही हूं मुझे लोगों का बेशुमार प्यार मिल रहा है। लोग अपनी दुआएं दे रहे हैं, आशीर्वाद दे रहे है। इस दौरान जुगल किशोर वाल्मीकि, प्रियांक चौधरी, विनोद गुम्बर, अनिल कुमार, शहनबाज खान, मुख्तार अहमद, ब्रजलाल जाटव, महेंद्र सिंह, मनोज यादव, अमित प्रजापति आदि मौजूद रहे।

देशहित में मतदान करेंगी शिव सेना व भवानी सेना

मुरादाबाद, अमृत विचार: शिवसेना व भवानी सेना की संयुक्त बैठक जिला कार्यालय गायत्री नगर लाइन पार में आयोजित की गई। जिसमें देश हित, महंगाई व बेरोजगारी कम करने के लिए वोट करने का निर्णय लिया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रही शिवसेना-भवानी सेना की जिलाध्यक्ष ठाकुर मंजू राठौर ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा खोखला साबित हुआ है। देश में महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी है। जिसका सीधा असर महिलाओं पर पड़ रहा है। बैठक में नेमवती चंद्रा, राजबाला कश्यप, मिथलेश देवी, सुधा चौहान, कमलेश कश्यप, सरोज देवी, सोना प्रजापति, प्रवेश देवी, पुष्पा देवी, डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा, अंकित ठाकुर, ज्योति सैनी, इंद्रावती देवी, शीला सैनी आदि मौजूद रहे

25,000 का इनामी हिस्ट्रीशीटर 20 साल बाद पुलिस ने दबोचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : न्यायालय से फरार चल रहे वारंटी एवं लापता हिस्ट्रीशीटर की गिरफ्तारी के लिए चल रहे अभियान में मंगलवार को भगतपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसओजी और भगतपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीमों ने फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर इदरीश पुत्र सईद को ठाकुरद्वारा से दबोचा है। ये पिछले 20 साल से फरार चल रहा था। यह गांव पदियानगला का रहने वाला है। इसके विरुद्ध एसएसपी ने 25,000 रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट ठाकुरद्वारा ने इसके विरुद्ध कई मामलों में स्थाई वारंट जारी कर रखे थे।

भगतपुर थाना प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर इदरीश के विरुद्ध वर्ष 1996 में आर्म्स एक्ट और उप्र विद्युत अधिनियम में मामला दर्ज हुआ था। इसके बाद कई मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट-सात ने इदरीश पर वर्ष 2012 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले में स्थाई वारंट जारी किया था। इन्हीं वारंट में इसे गिरफ्तार किया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी उधमसिंह नगर के थाना सितारगंज में गांव पंडरी सितारगंज में परिवार के साथ रहने लगा था। इसके खिलाफ 39 मुकदमे दर्ज हैं। उसने बताया है कि पिछले 20 वर्षों से किसी भी मुकदमे में कोई तारीख नहीं ली है।

नवगीत साधक माहेश्वर तिवारी नहीं रहे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महानगर के साहित्यकारों में निधन से छाया शोक

अमृत विचार: अपनी साहित्यिक रचनाओं से कवि सम्मेलनीय मंचों पर हिंदी कविता की गरिमा को जीवित रखने वाले नवगीत साधक माहेश्वर तिवारी नहीं रहे। मंगलवार को उनके निधन की सूचना पर साहित्य जगत से जुड़े लोगों में शोक छा गया। सभी उनके घर गौर ग्रेसियस कॉलोनी में पहुंचे और उनका अंतिम दर्शन किया। उनके निधन से मर्माहत कवि योगेंद्र वर्मा ने कहा कि माहेश्वर तिवारी के निधन से साहित्य जगत की अपूरणीय क्षति हुई है।

योगेंद्र वर्मा ने बताया कि मंचों पर 1956 से लेकर आज तक कविता को हरदिन हरपल जीने वाले हिन्दी साहित्य सृजन में अति सक्रिय माहेश्वर तिवारी का जन्म 22 जुलाई 1939 को ग्राम-मलौली जिला-बस्ती में कीर्तिशेष श्यामबिहारी तिवारी व चन्द्रावती तिवारी के घर हुआ था। वह होशंगाबाद के डिग्री कॉलेज में प्रवक्ता थे। उनकी शादी मुरादाबाद में हुई। उनकी पत्नी प्रताप सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज में संगीत की शिक्षिका थीं। शादी के बाद वह होशंगाबाद से नौकरी छोड़कर मुरादाबाद में आकर बस गए और फिर यहीं के होकर रह गए।

हिन्दी साहित्य में यूं तो 'नवगीत' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम 1958 में प्रकाशित समवेत-संकलन 'गीतांगिनी' के संपादकीय में राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने किया था किंतु वास्तव में नवगीत का आरंभ निराला के 'नव-गति नव-लय, ताल-छंद-नव' से ही माना जाता है। निराला से आरंभ हुई नवगीत की यात्रा आज भी अनवरत गतिमान है। इस कविता-यात्रा में नवगीत को उत्तरोत्तर पुष्टता, प्रतिष्ठा व समृद्धि प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण नवगीत साधक माहेश्वर तिवारी की बस्ती से आरंभ हुई सृजन-सरिता विदिशा और होशंगाबाद से होती हुई मुरादाबाद में पिछले चार दशकों से अबाध रूप से बह रही थी। कथ्य के वैविध्य, भाषाई मिठास और संगीतात्मकता को आपस में पिरोकर नवगीत के साथ-साथ अन्य विधाओं में भी उल्लेखनीय रचना करने वाले माहेश्वर तिवारी हिंदी साहित्य में मुरादाबाद की पहचान के पर्याय बने। डॉ. भवदेव पाण्डेय द्वारा नवगीत के संदर्भ में लिखित तथा 1966 में प्रकाशित दस्तावेजी आलेख 'नवगीत के तिवारी त्रय' में उमाशंकर तिवारी व श्रीकृष्ण तिवारी के साथ श्री तिवारी को भी उल्लिखित किया गया।

जिपं सदस्य के पति, बेटे ने मजदूर को पीटा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़ित मजदूर ने रुपये हड़पने का भी लगाया आरोप, पिता-पुत्र समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : मजदूर के साथ मारपीट करने और उसके रुपये हड़प लेने के आरोप में कुंदरकी पुलिस ने मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य के पति हाजी मोहम्मद रफी और बेटे रजी समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

ये मामला मोहनपुर के जितेंद्र सिंह ने दर्ज कराया है। उन्होंने पुलिस को बताया है कि वह दो साल से रूपपुर गांव निवासी हाजी रफी के ईंट भट्टे पर ट्रैक्टर और गारा मशीन में मजदूरी कर रहे हैं। उनके बड़े भाई लखपत हाजी रफी के दूसरे भट्ठे पर मुंशी का काम करते हैं। जितेंद्र सिंह ने बताया कि उसके और भाई के मजदूरी के करीब दो लाख रुपये हाजी रफी पर निकल रहे थे। दो माह से दोनों भाई अपने पैसे मांग रहे थे, लेकिन हाजी रफी टाल-मटोल करते रहे थे। ऐसे में उन्होंने काम छोड़ दिया था और श्रम विभाग में शिकायत की थी। हाजी रफी ने 26 फरवरी को रात 10 बजे कॉल करके जितेंद्र के भाई लखपत को रूपपुर के भट्ठे पर बुलाया था। जितेंद्र के मुताबिक, आरोपी की बातों में आकर लखपत वहां पहुंचा तो हाजी रफी, उसके बेटे मोहम्मद रजी और तीन अज्ञात लोगों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी थी। डीजल चोरी का आरोप लगाकर उसे लात-घूंसों से पीटा था। वीडियो बनाकर उसमें उनसे कहलवाया कि मैं एक साल से डीजल चोरी कर रहा हूं। साथ ही बड़े भाई से कागज पर लिखवाया कि आठ दिन में 3 लाख रुपये दूंगा। ऐसा न करने पर ट्रैक्टर और गारा मशीन जब्त करने की धमकी भी दी थी। जितेंद्र ने बताया कि उसके बड़े भाई ने 3.5 लाख रुपये ब्याज पर लेकर हाजी रफी को दिए थे। इसके बाद उसने ट्रैक्टर और गारा मशीन वापस किया था।आरोप है कि हाजी रफी और उसका बेटा मोहम्मद रजी आए दिन उसके घर आकर धमकी देने लगे थे कि तीन दिन के अंदर 2 लाख रुपये भट्ठे पर पहुंचा दो नहीं तो उचित नहीं होगा। इससे परेशान होकर जितेंद्र ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की थी। जिस पर अब उच्चाधिकारियों की निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज हुआ है। उधर, सीओ बिलारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज हुई है, पूरे मामले की जांच की जा रही है।

मतदाता जागरूकता रैली में शामिल लोग। ● अमृत विचार

रैली से किया मतदाताओं को जागरूक

पाकबड़ा, अमृत विचार: नगर पंचायत की ओर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कस्बे के दिल्ली रोड, कैलसा रोड, शनिवार का बाजार, होली वाला कुआं, सर्राफा बाजार, बड़ा मंदिर, डाकखाना होते हुए रैली का समापन नगर पंचायत पर हुआ।

मतदाता जागरूकता अभियान रैली में गाड़ी पर बैनर लगाकर लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी लोगों को बताया गया कि सभी लोग अपने वोट का प्रयोग जरूर करें। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, लोकतंत्र में दें योगदान 19 अप्रैल को करें मतदान... का नारा लगाते हुए नगर पंचायत कर्मियों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से सभी को बताया गया कि अपने वोट का प्रयोग जरूर करें। इस अवसर पर दानिश मलिक, सलमान, सचिन, सनी कुमार, रोहित विशाल, संजीव, अजय आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

मनोहरपुर में प्रॉपर्टी डीलर कर रहे अवैध निर्माण

मुरादाबाद, अमृत विचार: महानगर के दिल्ली रोड के मनोहरपुर में कुछ प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है। जबकि मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने मनोहरपुर में नई कालोनी बसाने का फैसला लिया है। लेकिन उससे पहले ही प्रॉपर्टी डीलर सक्रिय हो गए हैं और उन लोगों ने यहां निर्माण शुरू कर दिया है। जिसकी जानकारी प्राधिकरण को नहीं है।

मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा दिल्ली रोड स्थित मनोहरपुर में जल्द ही एक नई आवासीय कालोनी बनाई जानी है। जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा किसानों से जमीन खरीदी जा रही है। आसपास के लोगों का कहना है कि उनके द्वारा कई बार इसकी शिकायत एमडीए के जेई और कर्मचारियों से की जा चुकी है, मगर अवैध निर्माण करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

दलित शोषण मुक्ति मंच की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी में विचार रखते वक्ता।

आरक्षण खत्म करना सरकार की साजिश

मुरादाबाद, अमृत विचार: दलित शोषण मुक्ति मंच और अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन के तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कंपनी बाग स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भवन में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कामरेड करन सिंह ने कहा कि सरकार आरक्षण खत्म करने की साजिश कर रही है।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए कामरेड विक्रम सिंह एडवोकेट ने कहा कि मौजूदा दौर में जिस तरह से देश के सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण किया जा रहा है। इस दौरान मिर्जा असलम बेग, कामरेड थान सिंह, शेर सिंह, दयाराम, अनिल कुमार लश्करी, जितेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट, करन सिंह, राजपाल सिंह, वीडी शर्मा, चंद्रपाल सिंह आजाद आदि ने संबोधित किया। संचालन महिपाल सिंह एडवोकेट ने किया।

एक नजर

विहिप बजरंग दल ने मनाया रामोत्सव

कांठ, अमृत विचार : नगर के विश्नोई मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने रामोत्सव मनाया। विभाग मंत्री नवदीप अग्रवाल ने कहा कि चैत्र में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल हिंदू नववर्ष मानता है। हम अपनी संस्कृति पर गर्व करते हैं और हिंदू नौजवान भी अपनी संस्कृति से जुड़ें। जिला धर्म प्रसार प्रमुख मोनू विश्नोई ने प्रभु राम के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि विश्व हिंदू परिषद रामोत्सव हर वर्ष मनाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान स्वामी चमन ऋषि ने सभी कार्यकर्ताओं को देश-धर्म के कार्यों में लगने के लिए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में जिला संयोजक शंकर राजपूत, जिला सहसंयोजक हर्ष विश्नोई, प्रखंड संयोजक राहुल पाल, प्रदीप सैनी, आवेश, हरीश, राकेश, जाटव, हैप्पी बिश्नोई, अखिलेश चौहान, रवि, कपिल, उमंग, हर्ष, नितिन सैनी, सचिन अग्निहोत्री आदि रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से नीलगाय घायल

छजलैट, अमृत विचार : फूलपुर भट्ठे के पास मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से नीलगाय घायल हो गई। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को सूचना दी। मंगलवार दोपहर नीलगाय मार्ग पार कर रही थी। इस दौरान बीच सड़क पर अज्ञात वाहन चालक ने नीलगाय को टक्कर मार दी। जिससे नीलगाय घायल हो गई।

बाइक और मोपेड की भिड़ंत, दो लोग जख्मी

कुंदरकी, अमृत विचार : मुरादाबाद-चंदौसी नेशनल हाईवे पर मंगलवार दोपहर बाइक और मोपेड की भिड़ंत हो गई। हादसे में दोनों के चालक घायल हो गए। बाइक चालक को गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया गया कि मोहर सिंह पुत्र रुकम सिंह निवासी ग्राम सिसय्या बिसौली बदायूं के अनुसार, वह एक इलेक्ट्रिक सामान की दुकान पर काम करता है। मोटर बदलने के लिए मंगलवार दोपहर बाइक से मुरादाबाद जा रहा था। हुसैनपुर और बिस्कुट फैक्ट्री के बीच पहुंचने पर उसकी बाइक से एक मोपेड की भिड़ंत हो गई। मोपेड चालक कामिल निवासी मोहल्ला लाइन पार घायल हो गया।

ठाकुरद्वारा में कन्या-बरुओं को भोजन करातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

माता मंदिर में भजन कीर्तन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

अष्टमी पर गूंजे माता महागौरी के जयकारे

महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर कन्या-बरुओं को कराया भोजन, मंदिरों व घरों में दिन भर गूंजे भजन कीर्तन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : नवरात्र के आठवें दिन माता महागौरी की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। उपवास रखने वाली महिलाओं ने कन्या व बरुओं को भोज कराकर अपना उपवास पूरा किया।

मंगलवार को माता महागौरी की विशेष पूजा अर्चना की। मान्यता है कि महागौरी की श्रद्धा भाव से जो भक्त पूजा अर्चना करते हैं उनके कष्ट दूर हो जाते हैं। उनके घर परिवारों में खुशहाली बनी रहती है। बाद में कन्याओं को भोजन कराकर दान दक्षिणा देकर उनसे अपने घर परिवार की प्रार्थना की। दोपहर बाद नगर व देहात क्षेत्र के माता मंदिरों में भजन कीर्तन हुए।

कोतवाली रोड स्थित दुर्गा मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, मोहल्ला छहरा मंदिर, पिपल टोला स्थित पंचशील मंदिर, हरिहर मन्दिर, चित्रगुप्त मंदिर, माता मंदिर, फरीदनगर रोड स्थित कालरात्रि मंदिर, मोहल्ला बंजारन शिव मंदिर, बाजार गंज स्थित दुर्गा मंदिर, होलिका मन्दिर, शरीफ नगर, सुरजन नगर, गोपी वाला, निर्मलपुर, सुल्तानपुर दोस्त, रामू वाला, गोपीवाला, शिव नगर पत्थर खेड़ा आदि स्थानों पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। क्षेत्र में यह सिलसिला देर शाम तक चलता रहा।

कन्या-बरुओं को भोजन कराती महिला। ● अमृत विचार

यज्ञ में पूर्ण आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

दुर्गा अष्टमी पर कन्याओं को जिमाया

कांठ, अमृत विचार : नगर व क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी पर मंगलवार को भक्तों ने दुर्गा माता की पूजा-अर्चना कर कामना की। भक्तों ने व्रत रखकर व अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराकर मां दुर्गा की आराधना की। इस दौरान नगर के माता का थान मंदिर, रामलीला मंदिर, जाहरवीर मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, मोहनी मंदिर आदि मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। महिलाओं ने मंदिरों में भजन कीर्तन व गीत गाकर माता को प्रसन्न किया। नागरिकों ने माता से देश व धर्म की तरक्की और अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए कामना की। बुधवार को नगर में हर्षोल्लास के साथ श्री रामनवमी मनाई जाएगी।

नगर में मां दुर्गा का सिंहासन निकाला

बिलारी, अमृत विचार : दुर्गा अष्टमी पर नगर में माता दुर्गा का सिंहासन निकाला गया। मंगलवार को नगर के प्राचीन गमा देवत मंदिर से शुरू होकर नगर के झंडा चौक, रैली चौक, नेहरू चौक, सराफा बाजार, पुरानी ओरिएंटल बैंक, रोड होते हुए, नई सड़क, गांधी मूर्ति, कोतवाली, नई तहसील, महाराणा प्रताप चौक, पौड़ा खेड़ा मंदिर से अन्य मार्गों पर गुजरा। इस दौरान सिंहासन यात्रा में व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल, सराफ मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, मनोज कुमार अग्रवाल, नरेंद्र ठाकुर, अखिलेश श्रीवास्तव, आकाश बंसल, दुष्यंत चौहान आदि मौजूद रहे। व्यापार सभा के नगर अध्यक्ष चिराग अग्रवाल ने बताया कि बुधवार शाम चार बजे से रामनवमी पर माता काली की भव्य शोभायात्रा निकलेगी।

माता महाकाली मंदिर के वार्षिकोत्सव का आरंभ

कांठ, अमृत विचार : नगर के माता महाकाली मंदिर के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का आरंभ महिला कीर्तन के साथ किया गया। महिलाओं ने माता रानी का गुणगान किया। देर रात विशाल जागरण का किया जाएगा। नगर के प्राचीन माता महाकाली मंदिर के वार्षिकोत्सव का आरंभ मंगलवार को किया गया। महिलाओं कीर्तन में भाग लिया। बुधवार को राम नवमीपर हवन व अनुष्ठान किए जाएंगे। दोपहर को मंदिर परिसर में भंडारा होगा। 18 अप्रैल को माता महाकाली की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी।

अष्टमी पर यज्ञ में श्रद्धालुओं ने दी आहुति

बिलारी, अमृत विचार : अमरपुर काशी स्थित चामुंडा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा संपन्न होने पर मंगलवार को अष्टमी को यज्ञ किया गया। आचार्य पंडित ओम शास्त्री ने यज्ञ कराया। मुख्य यजमान मेघराज सैनी, सुशील सैनी सहज यजमान, रामचरण सिंह तोमर, द्रौपदी समेत अन्य लोगों ने माता रानी की पूजा की। श्रद्धा भाव से विधि विधान पूर्वक यज्ञ किया। सुख समृद्धि का कामना की। इस दौरान सेवा भारती मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि अमरपुर काशी गांव में 29 दिन के अंदर पांच धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इस दौरान ठाकुर सोमपाल सिंह तोमर, देवेंद्र सिंह, रामवीर यादव, दिनेश पाल यादव, मुकेश सैनी, सचिन आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण देते अधिकारी। ● अमृत विचार

15 से शुरू होगा गन्ने का सर्वे, दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता, छजलैट

अमृत विचार : अगवानपुर स्थित दीवान चीनी मिल के सभाकक्ष में मंगलवार को जिला गन्ना अधिकारी राम किशन की अध्यक्षता में गन्ना सर्वेक्षण वर्ष-2024 का प्रशिक्षण दिया गया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक शीराज मलिक ने सर्वेक्षण का प्रशिक्षण दिया।

बताया कि गन्ना सर्वक्षण 15 अप्रैल से शुरू होकर 15 जून तक पूर्ण किया जाएगा। गन्ना सर्वेक्षण के लिए चीनी मिल व राजकीय कार्मिकों की संयुक्त टीम का गठन किया जाएगा। यह टीम खेतों पर जाकर गन्ना सर्वेक्षण करेगी। सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव मुकेश कुमार सक्सेना ने बताया कि नए सदस्य 30 सितम्बर तक बनाए जाएंगे। दीवान मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) राजपाल सिंह ने बताया कि गन्ना सर्वक्षण में गन्ना प्रजाति का विशेष ध्यान रखते हुए सही गन्ना प्रजाति दर्ज की जाए।

फैक्ट्री में काम करते समय गिरने से मजदूर की मौत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : फैक्ट्री में टिनशेड ठीक करते समय मजदूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। फैक्ट्री प्रबंधन व ठेकेदार ने उसे उपचार के लिए उत्तराखंड स्थित काशीपुर निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया।

जनपद बिजनौर में नगीना थाना क्षेत्र के गांव किशनपुर कुंडा निवासी नरेंद्र सिंह (40) पुत्र छत्रपाल सिंह ठाकुरद्वारा में किराये के मकान में रहकर ठेकेदार के सहयोग से फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार को ठाकुरद्वारा काशीपुर रोड स्थित एक फैक्ट्री में वह काम कर रहा था। दोपहर ढाई बजे वह अन्य मजदूरों के साथ टिनशेड ठीक कर रहा था। तभी पैर फिसलने से वह जमीन पर गिर गया इससे वह गंभीर रूप सेघायल हो गया। सूचना के बाद देर शाम परिजन भी मौके पर पहुंचे। पत्नी सावित्री देवी, बेटा चंद्र सिंह (13) बेटी विशाखा, प्राची, छोटे भाई राजेश का रोते रोते बुरा हाल हो गया।

रेल ट्रैक के बीच में फंसा मजदूर का पैर, ट्रेन से कटकर गई जान

संवाददाता, कुंदरकी

अमृत विचार : मजदूरी करने मुरादाबाद जाते समय मजदूर का पैर रेल ट्रैक के बीच फंस गया। तभी ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। रेलवे ट्रैक पर युवक की हालत देख परिजन बिलखने लगे। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

परिजनों ने बताया कि नगर के मोहल्ला लाइनपार में हाफिज शेर अली का परिवार रहता है। उनका जुबेर अली (28) मुरादाबाद में राजमिस्त्री के साथ मजदूरी करता था। बताया कि वह ट्रेन से ही मुरादाबाद जाता था। वह ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह वह काम पर जाने के लिए घर से गया था। जब वह ट्रेन में बैठने के लिए लाइन पार कर पुल के पास रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था तभी रेल ट्रैक के बीच उसका पैर फंस गया। इस दौरान ट्रेन आ गई। जिससे कटकर युवक की मौत हो गई।

रोती बिलखती परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

● **रेलवे स्टेशन पर जाते समय पुल के पास हुआ हादसा**

बताया कि जुबेर अली छह बहनों और चार भाइयों में दो से छोटा था। आर्थिक स्थिति सही नहीं है। मकान की छत भी कच्ची और टूटी हुई है। पत्नी खुशनुमा, बेटी गोसिया (4) जुनैद अली (डेढ़ वर्ष) हैं। पत्नी और छोटे बच्चों के सिर से साया उठ गया है। फिलहाल मंगलवार दोपहर नगर स्थित कब्रिस्तान में उसे सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है

संवाददाता, कांठ

अमृत विचार : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से मतदाता जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह रावत और डॉ. अभिषेक भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर किया।

सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सभी डीएलएड प्रशिक्षु मोहल्ला, बस्ती वालों से मतदान के प्रति अपील करें। रैली डायट के प्रशासनिक भवन से मुख्य द्वार तहसील परिसर से होते हुए, मंडी समिति से मौहल्ला फकीरगंज, रविदास चौक, रामलीला चौक, कांठ थाना, हरिद्वार मुख्य मार्ग, कंबोडिया होटल, बिजली घर के सामने से प्रशासनिक भवन पर समाप्त हुई। रैली में सभी काम छोड़ो, सबसे पहले वोट दो, पहले मतदान फिर जलपान, बनो देश के भाग्य विधाता अब जागो प्यारे मतदाता, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है, जन-जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है। लोकतंत्र बचाना है, वोट डालने जाना नारे रैली गूंजते रहे। प्रवक्ता शीतल कुमार ने डीएलएड प्रशिक्षुओं के बीच रैली के दौरान नारे बोले। शहर में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया गया।

हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते सुरेंद्र सिंह रावत और डॉ. अभिषेक भारद्वाज।

इस दौरान डॉ. स्नेह लता राव, डॉ. नेहा इकबाल, अंशु गुप्ता, डॉ. टीना वर्मा, आशुतोष त्यागी, राशिद अली, अजय विक्रम, पुलकित शर्मा आदी रहे। डीएलएड प्रशिक्षुओं में लवकुश, जयवीर प्रताप सिंह, निधि चौहान, सुमैना, तनु चौहान, साक्षी चौहान, निदा खान, इरम सैफी, सना परवीन, महजबी, अक्षिता अग्रवाल, महक खान, हर्षिता बिश्नोई आदि मौजूद रहीं। इसके अलावा ग्राम मथाना एवं मधुवा खालसा आदि ग्रामों के कंपोजिट विद्यालयों में भी छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरूक किया।

रैली में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ। ● अमृत विचार

मतदाताओं को किया जागरूक

संवाददाता, बिलारी/कांठ

अमृत विचार : स्योडारा स्थित आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने मंगलवार को रैली निकालकर मतदान के लिए जागरूक किया। छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने गांव में घूम कर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। पहले मतदान, बाद में अन्य काम का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा व स्टाफ मौजूद रहा।

उधर, कांठ क्षेत्र में मान नगर स्थित कंपोजिट विद्यालय में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापक भुवनेश ने विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर चुनाव, देश का गर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने मतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर तैयार कर रैली निकाली। इस दौरान सानिब, जैबा, सना, तसमिया, उकाशा, राधिका, कशिश, सूरज, युवराज आदि का सहयोग रहा।

सार संक्षेप

न्याय अधिकारी कुंवर सूर्य सेन से मुलाकात के दौरान अधिवक्ता। ● अमृत विचार

न्याय अधिकारी से अधिवक्ताओं ने की मुलाकात

कांठ, अमृत विचार : ग्राम न्यायालय में न्याय अधिकारी कुवंर सूर्य सेन ने मंगलवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने उनके साथ कई मामलों पर चर्चा की। तहसील में अधिवक्ता काफी समय से ग्राम न्यायालय की मांग कर आ रहे थे। पूर्व में जिला जज ने ग्राम न्यायालय में कुंवर सूर्य सेन की नियुक्ति कर दी थी। मंगलवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया। अब यहां तहसील क्षेत्राधिकार के सिविल मामले, 3 वर्ष तक की सजा वाले फौजदारी के वाद, समन मामले जुर्माने के द्वारा निस्तारण किए जाएंगे। इस दौरान प्रमोद शर्मा, सुगम पंवार, डॉ. विनीत नैन, विजयवीर सिंह, दीपक बिश्नोई, चंद्रपाल सिंह, प्रदीप कुमार, प्रेम सिंह, संजीव कुमार, महावीर सिंह, इकबाल अहमद, शमशाद अहमद, नन्हे खां आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

रॉयल पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

बिलारी, अमृत विचार : नगर के रॉयल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर में सीबीएसई के 60 स्कूलों के अध्यापकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। नगर के डाक बंगले के निकट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में चल रहा प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हुआ। इसमें मुरादाबाद के सीएम स्कूल, एसएस चिल्ड्रेन अकादमी, गांधी नगर पब्लिक स्कूल, सेंट मैरी स्कूल, सेन्ट मीरा अकादमी, सेन फोर्ट वर्ल्ड स्कूल और बिलारी के रानी प्रीतम स्कूल, एसबीएस सिल्वर एकेडमी समेत अन्य विद्यालयों के अध्यापकों को प्रशिक्षक डॉ. प्रशांत कुमार ने प्रशिक्षण दिया। सत्य निष्ठा विषय पर चर्चा की गई। रॉयल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य मुकेश शास्त्री ने सभी प्रशिक्षित अध्यापक अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं।

आग से सुरक्षा को लेकर चर्चा करते वक्ता। ● अमृत विचार

सुरक्षा सप्ताह में आग से बचाव के उपाय बताए

बिलारी, अमृत विचार : गांव अमरपुर काशी स्थित मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस मौके पर आदर्श कन्या जूनियर हाईस्कूल की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। फायर स्टेशन के प्रभारी देवेंद्र सिंह ने छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को अग्नि सुरक्षा के उपाय बताए। बताया कि बीड़ी, सिगरेट जलती हुई न डालें। इससे अग्निकांड हो सकता है। महिलाएं गर्म राख चूल्हे में न डालें। शाट सर्किट, गैस चूल्हे की लीकेज, माचिस की तीली से भी आग लग सकती है। एलपीजी सिलेंडर में आग लगे तो सिलेंडर खड़ा रखे। पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने अग्नि विभाग के सभी अतिथियों का पुष्प वर्षा कर तिलक लगाकर अभिवादन किया। इस दौरान पान सिंह चौहान, लक्ष्मीकांत वर्मा, कपिल कुमार, अनिल कुमार ने गैस सिलेंडर में आग लगाकर भुजाने की विधि बताई।

केंद्रों की निगरानी करें सेक्टर मजिस्ट्रेट

कांठ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए एसडीएम ने तहसील सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने सेक्टर की स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव का मतदान है। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर पर विशेष ध्यान दें।अगर किसी तरह की कोई समस्या है तो उसके बारे में तत्काल बताएं और समस्या का समाधान कराएं। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न करना पुलिस की जिम्मेदारी है। इस दौरान तहसीलदार आनंद कुमार नायक व क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : गाली गलौज का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी व मारपीट करने के मामले मे पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। गांव फैजुल्लागंज निवासी मुनेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को भीमराव आंबेडकर जयंती मनाई जा रही थी। तभी उसके पास गांव का ही विशाल आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। उसके पुत्र ने विरोध किया तो वह भड़क गया। आरोपी ने मारपीट की। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने आरोपी से जान-माल का खतरा बताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने विशाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पुलिस व निगरानी टीम ने चलाया चेकिंग अभियान

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उपनिरीक्षक जुगल किशोर ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने निगरानी टीम, स्टेटिक निगरानी टीम 24 घंटे उत्तराखंड से आने जाने वालों वाहनों पर पैनी निगाह बनाए रखे हुए है। लोकसभा चुनाव शांति व्यवस्था के साथ सम्पन्न कराया जाएगा।

वाहन की जांच करती पुलिस टीम।

पुलिस ने निकाला पैदल मार्च, सुरक्षा का भरोसा दिया

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : नगर में पंजाब बीडब्ल्यू होमगार्ड के जवानों व पुलिसकर्मियों ने लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर नगर में पैदल मार्च निकाला। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। नगर में मगलवार को उपनिरीक्षक उज्ज्वल राणा के नेतृत्व में पंजाब बीडब्ल्यू होमगार्ड के कैप्टन योगेंद्र सिंह ने पैदल मार्च निकाला। कोतवाली, बुधबाजार, कदीर तिराहा, चलचित्र ढाल, कमालपूरी चोराहा, अस्पताल रोड पर पैदल मार्च निकाला गया। लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। इस दौरान गुलशन कुमार व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पैदल मार्च निकालते पुलिसकर्मी व अन्य।


सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज एवं
शिशु मंदिर, मिलक की ओर से
राम नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार माहेश्वरी
अध्यक्ष
सुरेश चंद्र गंगवार
प्रबधंक
आनंदपाल
प्रधानाचार्य

समस्त क्षेत्रवासियों को
राम नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
सतीश चंद्र गंगवार
अध्यक्ष
बार एसोसिएशन, मिलक
विवेक गंगवार,
मिलक

सभी देशवासियों,
शुभ चिन्तकों
नगर वासियों, व्यापारियों को
राम नवमीं की
हार्दिक शुभकामनाएं।
दीक्षा
गंगवार
नगर पालिका
अध्यक्ष
मिलक


श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ सेवा ट्रस्ट
की ओर से राम नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
संजीव सक्सेना
अध्यक्ष

प्रवेश प्रारम्भ
PCI CODE- 7733
प्रवेश प्रारम्भ
BTE CODE- 1740
डॉ. रामबहादुर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज
बिलासपुर रोड, मिलक- रामपुर (उ.प्र.)
राम नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
D-PHARMA
ADMISSION START
डी. फार्मा में प्रवेश प्रारम्भ
B.A. (Hindi, English, Sociology, History, Economics, Political Science, Geography, Home Science, Drawing, Education)
B.Com, B.Sc. (ZBC, PCM, Home Science, Military Science)
M.A. (Geography, Home Science, Hindi, English, Sociology, Education) M.Sc. (Home Sceince, Botany, Zoology, Chemistry) PGDCA (Computer), FIRE & SAFTY
सम्पर्क सूत्र
7830302001, 9720207474, 9720822008, 9761104879
E-mail: dr.rambahadurcollege@gmail.com | Website: www.drbscollege.com

सभी देशवासियों,
शुभ चिन्तकों
नगर वासियों, व्यापारियों को
राम नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
हैरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी
मिलक, रामपुर
गंगाशंकर पांडेय
संस्थापक
मनोज पांडेय
प्रबन्धक
रीना दूबे
प्रिंसिपल

LEARNING LADDER
GROW | LEARN | ACHIEVE
Learning Ladder School
सभी देशवासियों
शुभ चिन्तकों
नगर वासियों, व्यापारियों को
राम नवमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
अर्चना गंगवार
ब्लॉक प्रमुख मिलक
शुभांक प्रकाश गंगवार
सदस्य क्षेत्र पंचायत मिलक
दर्शिता गंगवार
सदस्य क्षेत्र पंचायत मिलक
Nai Basti Behind Veterinary Hospital, Station Road Milak, Rampur
6396777306, 9675396266, 9758792605

समस्त क्षेत्रवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

बिजेंद्र त्यागी,
ग्राम विकास अधिकारी, ब्लाक जोया

राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज बुरावली की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

सुरेंद्र सिंह आर्य
प्रधानाचार्य

सरोज गुर्जर
प्रबंधिका

सभी क्षेत्रवासियों को राम नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

श्री राजपाल सैनी जी
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद हसनपुर

संगीता कश्यप
अवर अभियंता

प्रशांत सैनी
नगर स्वच्छता प्रेरक हसनपुर

प्रदीप नरायण दीक्षित
अधिशासी अधिकारी

श्री राजेश कुमार त्यागी
जिलाधिकारी-अमरोहा

अपील

- पालिका के समस्त देयों का भुगतान समय से करें।
- जल का सदुपयोग करें।
- नगर को साफ रखने में सहयोग करें।
- डेंगू से बचने के लिये पानी को ढक्कर रखें और पानी को एक जगह एकत्र न करें।
- जन्म मृत्यु दर निर्धारित समय के अर्न्तगत दर्ज करयें।
- सार्वजनिक सम्पत्तियों, तालाबों, पोखरों एवं कब्रिस्तान आदि पर अतिक्रमण न करें। पालीथीन का प्रयोग न करें।

निवेदक- नगर पालिका परिषद हसनपुर जनपद अमरोहा

आप सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

नवरात्रि स्पेशल 10599/- में 4 CCTV कैमरा सेट 7 दिन की रिकॉर्डिंग सहित

सुनील कुमार

Shiv Security System
All Type of CCTV Camera Sale & Service
Cont:- 7900900041, 7060307048
Kashiram Nagar, Near Police Chowki
Moradabad- 244001

आप सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं
इस ड की कटिंग लाये और पाये मुफ्त आकर्षक उपहार

बाबूराम ज्वैलर्स
मंडी चौक, मुरादाबाद-244001
Cont.: 0591-2974973, 8477006084, 7351016888, 0591-2471234

समस्त क्षेत्रवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं

LEMON DROPS RESTAURANT
A Fine Multi Cusine Restaurant

BANSAL'S Regal 77
HOTEL & BANQUET HALL
The Lap of Luxury
A Unit of Bansal Green View Resort

CLUB 77
A PREMIUM FAMILY CLUB

NAVRATRI Special OFFER

Special Discount on Pre Wedding Functions & Wedding Functions booking

- 43 Luxurious Rooms
- Big Lush Green Lawn
- Gymnasium
- Beautiful Centrally A.C. Banquet Hall
- Restaurant & Bar
- Swimming Pool
- Game Zone
- Big Parking Area

HOTEL REGAL 77, BIJNOR ROAD, AMROHA
9627155320, 9927155320

सभी क्षेत्रवासियों को राम नवमी की हार्दिक शुभकामनाएं



ADMISSION OPEN
Session 2024-25
For Class
Nursery to IX & XI

- Subject Groups: Commerce, Humanities, Science.
- Subjects Offered: Physics, Chemistry, Mathematics, Biology, Accountancy, Economics, Business Studies, Hindi, English, Physical Education, Computer Science, Home Science, Sociology, Fine Arts

SCHOOL HIGHLIGHTS

- Quality Education With holistic approach towards students
- 1:30 Teacher Student ratio
- Extra co-curricular activities like Yoga, Scout & Guide, Taekwondo
- Outdoor Games: Cricket, Football
- Uninterrupted power supply
- Smart Classes, Computer Lab, Science Lab
- Well stocked library
- Fully Wi-Fi Campus
- Own Transport to Pick & CCTV surveillance
- Purified water facility

NAVADA ROAD, ALLIPUR CHAUPLA GAJRAULA(AMROHA)
CONTACT: 9412308312
cpsgajraula.edu.in
cpsgajraula@yahoo.in

एक नजर

परिजनों से नाराज किशोरी ने की जान देने की कोशिश

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में सोमवार रात परिजनों की डांट से नाराज 17 वर्षीय किशोरी कमरे की छत में लगे कुंडे में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटक गई। परिजनों की नजर पड़ी तो उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के बाद किशोरी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। पुलिस को मामले की जानकारी नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि किशोरी सोमवार देर शाम परिजनों के साथ खाना खा रही थी। अचानक किसी बात को लेकर परिजनों ने उसे डांट दिया। इससे किशोरी नाराज होकर अपने कमरे में चली गई। उसके बाद वह कमरे में लगे कुंडे से दुपट्टे का फंदा लटक गई। लेकिन परिजनों ने समय रहते उसे बचा लिया।

श्री बांके बिहारी सेवा समिति ने की आरती

हसनपुर, अमृत विचार : मां चामुंडा मंदिर में श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में मां दुर्गा की 108 दीपकों से आरती की गई। आरती के बाद भक्तों ने माता रानी को भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया। प्रत्येक वर्ष समिति पदाधिकारियों द्वारा अष्टमी तक 108 दीपकों से आरती की जाती है तथा नवमी के दिन 2100 दीपक से मां दुर्गा की महाआरती की जाती है। इस मौके पर मुदित राजपूत, मनोज जोशी, संजय अग्रवाल, प्रियांशु गर्ग, बॉबी अग्रवाल, नीरज, ऋषि आदि भक्त मौजूद रहे।

जनसंख्या फाउंडेशन के मीडिया प्रमुख बने प्रिंस

मंडी धनौरा, अमृत विचार : जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक डॉ. इंद्रेश कुमार व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र गुर्जर ने मोहल्ला शिवपुरी निवासी प्रिंस चावला को प्रदेश का सोशल मीडिया प्रमुख मनोनीत किया है। प्रिंस चावला ने कहा कि जनसंख्या समाधान फाउंडेशन ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है। उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाऊंगा।

58 अपराधियों के विरुद्ध गुंडाएक्ट की कार्रवाई

अमरोहा, अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं भय मुक्त कराने के लिए अपराधियों के खिलाफ जिले में कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में पुलिस ने 58 अपराधियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है। अमरोहा नगर पुलिस ने 15 के चालान किए। रजपबुर पुलिस ने 2, नौगांवा सादात ने 11, हसनपुर ने 25, आदमपुर पुलिस ने पांच अपराधियों के चालान किए हैं। वहीं पुलिस ने 24 घंटों में पुलिस ने 384 वाहनों के चालान किया है। मंगलवार को ट्रैफिक इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चेकिंग अभियान में 24 घंटे के अंदर ट्रैफिक एवं सिविल पुलिस ने मिलकर 384 वाहनों के चालान किए।

चुनाव में 15 बसों के जाने से यात्री परेशान

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के लिए रोडवेज की 11 बसों को और भेजा गया है। अमरोहा डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रोडवेज की 11 बसों को चुनाव में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले चार बसों को भेजा था। 15 रोडवेज की बसें लोकसभा चुनाव में लगाई गई हैं। उन्होंने बताया कि रोडवेज की बसों के चुनाव में लगा दिए जाने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि हालांकि अनुबंधित बस हर रोज की तरह मार्गों पर चल रही है।

अमरोहा में भोजन करतीं कन्याएं। ● अमृत विचार

गजरौला में भोजन करते बच्चे। ● अमृत विचार

महागौरी का पूजन कर कन्याओं को भोजन कराया

मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर लगाए माता के जयकारे, भोग लगाकर लिया आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को देवी महागौरी की पूजा अर्चना कर हवन-पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिरों और घरों में मां के महागौरी स्वरूप की आराधना कर सुख समृद्धि व आरोग्य की कामना की। श्रद्धालुओं ने घरों में कन्याओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया।

मंगलवार को देवी महागौरी की पूजा अर्चना कर अष्ठमी का पूजन किया गया। मंदिरों में सुबह से ही दर्शन पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। देवी उपासकों ने माता के चरणों में फल, फूल, धूप, दीप, नैवेद्य अर्पित किया। माता की आरती उतारी और जयकारे लगाए। माता का रोली से तिलक कर पुष्प और फल अर्पित कर नवरात्र व्रत कथा का पाठ किया। इसके बाद आरती और दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ ही पूजन किया। श्रद्धालुओं ने हवन सामग्री के साथ ही धूप, कपूर, लौंग, सूखे मेवा, मिश्री-मिष्ठान, देशी घी के साथ आहुति देकर पूजन किया। अष्ठमी पर शहर के दुर्गा देवी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी रही। अष्टमी पर श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में हवन पूजन कर कन्या पूजन भी किया और उन्हें दक्षिणा के साथ उपहार भी भेंट किए गए। वहीं बुधवार को नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रों का समापन हो जाएगा। इसके साथ ही कन्या पूजन भी होगा।

मंडी धनौरा में कन्याओं को जिमाती महिला। ● अमृत विचार

महागौरी से की सुख-समृद्धि की कामना

मंडी धनौरा, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के आठवें दिन शक्ति की अधिष्ठात्री मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी माता का पूजन किया गया। मां का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का भी माना जाता है। श्रद्धालुओं ने मां महागौरी से परिवार को अन्न-वस्त्र-धन और सुख-समृद्धि से परिपूर्ण करने की प्रार्थना की। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। जगह-जगह कन्या पूजन, भंडारा और हवन होने से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। प्राचीन नवदुर्गा मंदिर के पुजारी हरिओम त्रिवेदी ने बताया कि कन्या देवी स्वरूप होती हैं। इनके पूजन से मानव के सभी कष्टों का निवारण होने के साथ मनोकामना पूरी होती हैं।

हसनपुर में कन्याओं को भोजन कराते पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी।

श्रद्धालुओं ने हलवा-पूरी का भोग लगाया

गजरौला, अमृत विचार : मंगलवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्र में नवरात्र की अष्टमी पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा विधि विधान से की गई। देवी मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए लगी रही। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में प्रसाद चढ़ाया तथा हलुआ-पूरी का भोग लगाया। इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर के अलावा बस्ती मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर, ललिता देवी मंदिर, स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। ग्रामीण क्षेत्र में भी नवरात्र के आठवें दिन देवी भक्तों ने कन्याओं व बरुओं को भोजन कराकर आशीर्वाद लिया।

ललिता देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

गजरौला, अमृत विचार : चैत्र माह के चौथे मंगलवार को मां ललिता देवी के दर्शन को दिनभर श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंचे और माता रानी के दर्शन कर फूल प्रसाद, अनाज आदि अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने नौनिहालों के मुंडन संस्कार कराकर दरबार में बच्चों का माथा टिकवाया। मंदिर में नवविवाहितों ने भी माता रानी के दरबार में हाजिरी लगा दाम्पत्य जीवन की खुशहाली की प्रार्थना की। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने दान कर धर्म लाभ कमाया।

मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया भजन-कीर्तन

हसनपुर, अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के आठवें नवरात्र को मां दुर्गा के अष्टम स्वरूप देवी महागौरी की भक्तों ने पूजा अर्चना करके सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। माता रानी की पूजा अर्चना के लिए मंदिरों में सुबह से ही कतार लग गई थी। शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर में मंगलवार को भक्तों ने मां महागौरी की विधि विधान से पूजा कर माता रानी को फल, फूल, प्रसाद, मिष्ठान चढ़ाकर ज्योत जलाकर परिवार में सुख शांति का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में सर्वेश कुमार वर्मा ने शेर पर सवार होके आजा मेरी शेरावाली, मां मुरादें पूरी करदे हलवा पूरी ... आदि भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों का मन मोह लिया। भक्तों ने माता रानी को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया। मां चामुंडा मंदिर के पुजारी पंडित सोमदत्त शर्मा ने बताया कि माता रानी के नवरात्रों के अवसर पर भक्तों द्वारा प्रतिदिन भजन कीर्तन किया जा रहा है। इस मौके पर अलका शर्मा, प्रतिमा अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, गुड्डी यादव, आरती यादव, अखिलेश अग्रवाल, आशु वर्मा, हर्षिका, हितांशी, युवराज, निर्मित, विक्की राजपूत, उज्जवल शर्मा, हिमांगी शर्मा, लोकेश शर्मा, आशु शर्मा मौजूद रहे। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मंदिरों में मां दुर्गा की आराधना कर कन्याओं को जिमाया। पालिका के चेयरमैन राजपाल सिंह ने कन्याओं को भोजन कराया और आशीर्वाद लिया।

गोवंशीय पशुओं की तस्करी के 11 आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, गजरौला

● गिरफ्तार आरोपियों में कई कर्नाटक, बिहार, दिल्ली के निवासी

अमृत विचार : गोवंशीय पशुओं से भरे दो कैंटरों को पकड़कर पुलिस ने गो तस्करी का पर्दाफाश किया है। इसमें 11 आरोपी गिरफ्तार भी किए गए हैं। कई आरोपी कर्नाटक, बिहार और दिल्ली के निवासी हैं।

हाईवे पर कांकाठेर गांव के ढाल के निकट निजी संस्था की गोशाला संचालित है। मंगलवार को पुलिस हाइवे पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुरादाबाद की दिशा से आ रहे इसी गोशाला के दो कैंटरों को पुलिस ने रोका। पुलिस को देखकर कैंटर सवार लोग भागने लगे। घेराबंदी कर पुलिस ने सभी लोगों को हिरासत में ले लिया। दोनों कैंटरों में गोवंशीय पशु बंधे हुए थे। पुलिस दोनों कैंटरों को गजरौला औद्योगिक चौकी ले गई। सूचना मिलने पर सीओ श्वेताभ भास्कर, एसडीएम धनौरा व हसनपुर भी मौके पर पहुंच गए। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कांकाठेर ढाल पर बनी गोशाला का निरीक्षण किया तो वहां के कर्मचारी फरार हो चुके थे। कई गोवंशीय पशु अंदर बंधे हुए थे। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि कर्नाटक के चिक्काबालपुरा के गांव सादली दिब्बुराहल्ली निवासी मंजूनाथ, रवि, हाथरस के शेर खां खुटीपुरी निवासी लोकेश, गजरौला के पतेई खादर गांव निवासी मुकेश, तिगरिया खादर गांव निवासी राहुल, बिहार के लदनिया निवासी संगमलाल, दिल्ली निवासी हरिराम, केपी अग्रहारा नियर आयल मिल्स बंगलुरु निवासी वेंक्टाचलपथि, एस सुरेश, एस मधुसूदन व मोहम्मद हनीफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

ट्रक की टक्कर से मजदूर की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मोबाइल रिचार्ज कराने जा रहे बाइक सवार भट्ठा मजदूर को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ट्रक के अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के अमरोहा कैलसा रोड की है। थाना रहरा क्षेत्र के गांव बुरावली निवासी 40 वर्षीय प्रवेश गांव लालू नगला में एक भट्ठे पर मजदूरी करता था। परिजनों के मुताबिक सोमवार शाम वह मोबाइल रिचार्ज कराने बाइक से भट्ठे से अमरोहा शहर की ओर आया था। रास्ते में अमरोहा-कैलसा मार्ग पर ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में प्रवेश घायल हो गया। जबकि आरोपी ट्रक चालक घटनास्थल पर ट्रक को छोड़कर भाग निकला। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

दवा लेने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

अमरोहा, अमृत विचार : नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के गांव रज्जाकपुर में स्व. हरकिशन का परिवार रहता है। परिवार में उनकी पत्नी मोयना और दो बेटे हैं। 35 वर्षीय बड़े बेटे ओमवीर सिंह को बचपन से मोतियाबिंद के कारण कम दिखाई देता है। मंगलवार सुबह ओमवीर मां मोयना की दवा लेने के लिए नौगांवा सादात-अमरोहा रोड स्थित कताई मिल आ रहा था। उसे सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने ओमवीर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। शाम को परिजनों ने ओमवीर के शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

हसनपुर, अमृत विचार : संभल मार्ग पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार मौसा और भांजे घायल हो गए। विक्की पुत्र सोमवीर निवासी ग्राम अतोरा जनपद संभल निवासी अपने मौसा बृजेश पुत्र सुखराम निवासी ग्राम वाइखेड़ा हसनपुर के साथ बाइक से आ रहा था। जैसे ही उनकी बाइक संभल मार्ग से चीनी मिल गेट के निकट पहुंची तो हसनपुर दिशा से आ रहे वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। राहगीरों ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों को चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस सीएचसी पहुंची और परिजनों को हादसे की जानकारी दी। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि हादसे में दो लोग घायल हो गए थे। उन्हें हायर सेंटर भेज दिया।

सार संक्षेप

हसनपुर में सभासद के साथ चर्चा करते राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति।

राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति का किया स्वागत

हसनपुर, अमृत विचार : मंगलवार को होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति का आगरा जाते समय हसनपुर में सभासद श्याम आर्य ने आवास पर स्वागत किया। इस दौरान राज्य मंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी वार्ता भी की और अमरोहा लोकसभा क्षेत्र का जायजा लिया। इसके बाद नगर में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, भारत लाल प्रजापति एवं सोनिया प्रजापति के आवास पर भी स्वागत हुआ। इस मौके पर श्याम प्रजापति, महेंद्र प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, मोहित, धर्मेंद्र, राम खिलाड़ी आदि मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में प्रभातफेरी निकालते लोग। ● अमृत विचार

श्रीराम प्रकटोत्सव पर निकाली प्रभातफेरी

मंडी धनौरा, अमृत विचार : राम नवमी उत्सव की शुरुआत प्रभात फेरी निकाल कर की गई। मंगलवार से राम जानकी भक्त मंडल के तत्वावधान में राम जानकी मंदिर बाबा जी के बाग में राम नवमी का प्रकटोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। पहले दिन नगर के प्रमुख मार्गों से प्रभातफेरी निकाली गई। इसका आरंभ मंदिर परिसर से हुआ जो कंचन बाजार, हरदेव बाजार, बड़ा फाटक, गढ़ी मंदिर, तिकोनिया स्कूल, मेन बाजार, सोसायटी, अहिंसा स्तम्भ चौराहा होती हुई मंदिर परिसर में पहुंच कर संपन्न हुई। प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं ने ढोलक व मंजीरे की थाप पर भजन कीर्तन किया। मंदिर में विधि विधान से श्री रामचरित मानस के अखंड पाठ प्रारम्भ किया। इस मौके पर कुसुमलता गोयल, छत्रपाल, विनय कुमार, अक्षय अग्रवाल, अजय कौशिक, वैभव अग्रवाल, हर्ष भटनागर, यश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

गजरौला में बैठक करते राष्ट्रीय किसान यूनियन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

राकियू के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री को देंगे ज्ञापन

गजरौला, अमृत विचार : राष्ट्रीय किसान यूनियन की पंचायत मंगलवार को ढकिया भूड़ और मिलक में हुई। किसानों की पंचायत में 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री अमरोहा जिले में आ रहे हैं। प्रधानमंत्री को किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन पत्र सौंपा जाएगा। जिला अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को बिजली मुफ्त देने के नाम पर गडबड़ी कर रही है। छुट्टा गोवंश को लेकर गांव के किसानों में नाराजगी है। इस मौके पर इरशाद चौधरी, रवि राज चौधरी, मुक्ति सिंह, विजेंद्र सिंह, सहदेव सिंह, मिल्क हरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

उम्मीदवारों के व्यय रजिस्टर में मिलीं कमियां

अमरोहा, अमृत विचार : जिला मजिस्ट्रेट एवं रिटर्निंग आफिसर राजेश कुमार त्यागी ने बताया कि उम्मीदवार एवं निर्वाचन एजेन्ट को व्यय प्रेक्षक को चुनावी व्यय का निरीक्षण कराना जरुरी है। इसी के तहत 15 अप्रैल को कई प्रत्याशियों ने व्यय रजिस्टर चेक कराया। जिसमें कुशाग्र, कुमदेश कुमार निर्दलीय प्रत्याशी, सुहैल हैदर प्रत्याशी अचिल भारतीय परिवार पार्टी ने निर्वाचन व्यय रजिस्टर व्यय प्रेक्षक के समक्ष प्रस्तुत किया। जिससें निरीक्षण में कमियां मिलीं। नरेन्द्र सिंह निर्दलीय प्रत्याशी की भी व्यय लेखा पंजिका अधूरी मिली। कुंवर दानिश अली का भी निर्वाचन व्यय लेखा पंजिका अपूर्ण है। जीतपाल राणा निर्दलीय प्रत्याशी का निर्वाचन व्यय लेखा पंजिका अपूर्ण है। इनको 48 घंटे में कमियां पूरी कर रजिस्टर पेश करने का नोटिस दिया गया है।

भूमि विवाद में एक परिवार के 10 लोगों पर रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट के दौरान महिला ने छेड़खानी का भी आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर एक परिवार के 10 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव का है। यहां के दो परिवारों में जमीन को लेकर विवाद है। आरोप है कि एक पक्ष ने जमीन पर जबरन कब्जा कर रखा है और रास्ता निकालने की कोशिश कर रहे हैं। बताते हैं कि 14 अप्रैल की शाम पीड़ित महिला के पति, ससुर और देवर ब्रजघाट गए थे। परिवार की महिलाएं ही घर पर थीं। इसी बीच आरोपी पक्ष के लोग घर में घुस आए और महिलाओं को पीटा और छेड़खानी भी की। इस दौरान किसी ने इसकी वीडियो बना ली। मामले की शिकायत एसपी से की गई। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीओ अंजलि कटारिया ने बताया कि मामले में एक परिवार के 10 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

तैयारी जनसभा स्थल का एडीजी ने डीआईजी, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के साथ किया निरीक्षण

19 को अमरोहा आएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में वीवीआईपी दौरे लग रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी व अमरोहा के पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर के पक्ष में 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी जनसभा करेंगे। इसके अलावा 20 अप्रैल को अखिलेश यादव और राहुल गांधी का दौरा भी लगभग फाइनल हो चुका है। वहीं प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर एडीजी, डीआईजी ने जनसभा स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। जबकि जिले में 21 अप्रैल को बसपा प्रमुख मायावती और 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री लोगों को संबोधित करेंगे।

नेशनल हाइवे पर गजरौला में हवेली होटल के सामने होने वाले मैदान में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। मंगलवार को स्टेज व पंडाल बनाने का काम शुरू हुआ। वहीं एडीजी पीसी मीना, डीआईजी मुनिराज जी, जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी व पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने जनसभा स्थल का जायजा लिया। वहीं भाजपा के प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर व अन्य नेताओं और पदाधिकारियों ने स्टेज निर्माण सहित अन्य तैयारियों का जायजा लिया। वहीं प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा हेतु कमर कस ली है। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने का भी खाका तैयार कर लिया गया है। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले और प्रस्थान के कुछ समय बाद तक यातायात व्यवस्था को वनवे रखा जाएगा। क्योंकि जनसभा हाइवे किनारे होगी। जनसभा में हजारों लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इससे सुरक्षा के साथ यातायात व्यवस्था का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस दौरान एडीजी और डीआईजी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को समय से तैयारियां पूरी कराने के निर्देश दिए।

जनसभा स्थल का निरीक्षण करते एडीजी पीसी मीना, डीआईजी मुनीराज जी, डीएम व एसपी।

इनके रहेंगे जिले में दौरे

19 अप्रैल - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

20 अप्रैल - सपा प्रमुख अखिलेश यादव व कांग्रेस नेता राहुल गांधी करेंगे जनसभा।

21 अप्रैल - बसपा प्रमुख मायावती जोई के मैदान में करेंगी जनसभा।

23 अप्रैल- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हसनपुर क्षेत्र में जनसभा को करेंगे सम्बोधित।

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे 40 लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, हसनपुर

● भूमि पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद, वीडियो से हुई पहचान

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव में दो पक्षों में कहासुनी के बाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझ कर मामला शांत कराया। वहीं, पुलिस ने 35-40 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस वीडियो से अज्ञात लोगों की पहचान कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धौरिया ऐतमाली में स्थित महाराणा प्रताप के गेट पर आंबेडकर जयंती के अवसर पर झंडा लगा दिया गया था। जिसको एक समाज के लोगों ने वहां से हटा दिया था, इस बात को लेकर दो पक्षों में नोंकझोक भी हुई थी। सोमवार रात एक समाज के लोग बाइकों से हाथों में लाठी-डंडे लेकर गाली देते हुए गांव से निकल रहे थे। इस बात को लेकर दूसरे समाज के लोगों ने आपत्ति दर्ज कराई, तो दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।

जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को वहां से हटाया। लेकिन गांव का माहौल शांत नहीं हुआ। हल्का दरोगा सतीश कुमार ने बताया कि दो पक्षों में विवाद की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची ने 35 से 40 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



एक नजर

पिता और पुत्र को मारपीट कर किया घायल

संभल/सिरसी, अमृत विचार : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव बराही निवासी सलमान ने सोमवार की देर रात पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शाम साढ़े आठ बजे गांव में किराना की दुकान पर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही चार लोगों ने सलमान को रोक लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। सलमान को बचाने पहुंचे उसके पिता अशरफ के साथ भी मारपीट की। चारों लोगों ने किसी लोहे की चीज से सिर पर हमला कर सलमान को घायल कर दिया।

बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल, एक गंभीर

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र में संभल हसनपुर मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के गांव खग्गूपुरा निवासी रवि मंगलवार की शाम साढ़े पांच गांव के ही दीपक के साथ बाइक पर सवार होकर बस स्टैंड पर आ रहा था। संभल हसनपुर मार्ग पार करते समय संभल की ओर से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार रवि, दीपक व गांव रुकुनुद्दीन सराय निवासी राहिल व तसलीम घायल हो गए। परिजन रवि को लेकर जिला अस्पताल आ गए। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर रवि को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बसपा प्रत्याशी सौलत समेत 5 ने किया नामांकन

तीसरे दिन पांच प्रत्याशियों ने आठ पर्चे दाखिल कर संभल लोकसभा चुनाव में ठोकी ताल

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : संभल लोकसभा सीट के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीसरे दिन भी नामांकन प्रक्रिया जारी रही । बसपा प्रत्याशी सौलत अली ने अपना नामांकन पत्र सादगी के साथ दाखिल किया तो वहीं चार अन्य प्रत्याशियों ने भी नामांकन पत्र दाखिल कर चुनावी मैदान में ताल ठोकी। एक दिन पहले नामांकन करा चुके पीस पार्टी प्रत्याशी ने अपना दूसरा सेट दाखिल किया।

कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय पर नामांकन प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रारंभ हुई। जहां पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। यहां पर कड़ी तलाशी के बाद ही प्रत्याशियों व उनके प्रस्तावकों को नामांकन स्थल पर प्रवेश दिया गया। सबसे पहले बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सौलत अली अपने समर्थकों के साथ बड़ा मैदान पर पहुंच गए। जहां पर उनका बसपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहना कर स्वागत किया। इसके बाद वह अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन स्थल पर पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए नियमों की शपथ दिलाई। इसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार खड़कवंशी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव मैदान में ताल ठोंकी। पीस पार्टी के प्रत्याशी राशिद अली ने एक और नामांकन पत्र दाखिल किया। किसान क्रांति दल से संतोष यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बहजोई निवासी अरविंद कुमार मौर्य ने निर्दलीय के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। कुल पांच प्रत्याशियों ने 8 नामांकन पत्र दाखिल किये।

नामांकन दाखिल करने जाते बसपा प्रत्याशी सौलत अली(बीच में)। ● अमृत विचार

नामांकन दाखिल करते निर्दलीय प्रत्याशी। ● अमृत विचार

सादगी से पर्चे दाखिल करने पहुंचे

बहजोई। पीस पार्टी के प्रत्याशी राशिद अली हों या बसपा प्रत्याशी सौलत अली या फिर निर्दलीय । सभी उम्मीदवार सादगी के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने आ रहे हैं। अब तक 6 प्रत्याशी चुनावी मैदान में अपनी ताल ठोक चुके हैं। लेकिन कोई भी प्रत्याशी अपने साथ इस तरीके का दमखम लेकर नहीं आया जैसा पिछले चुनावों में लेकर आते थे। हालांकि अभी भाजपा व सपा प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं कराया है।

नामांकन को 9 प्रत्याशियों ने लिए 16 पर्चे

बहजोई प्रत्याशियों के नामांकन पर दाखिल करने को लेकर अब भी नामांकन पत्र लिए जा रहे हैं। विकास इंडिया पार्टी के प्रत्याशी विकार अहमद को दो सेट, भारतीय जननायक पार्टी से फरमान ने एक सेट, पीस पार्टी के राशिद अली ने दो सेट, अखिल भारतीय हिंदू महासभा प्रत्याशी ने एक सेट, सामाजिक न्याय मोर्चा पार्टी के प्रत्याशी फिरोज खान ने दो सेट, निर्दलीय के तौर पर तौफीक अहमद ने दो सेट, कमरूज्जमा ने एक सेट, अनुज वार्ष्णेय ने चार सेट, नजाकत हुसैन ने एक सेट लिया है। कुल 9 प्रत्याशियों के लिए 16 पर्चे लिए गए हैं।

110 बुजुर्ग व 27 दिव्यांग घर में पोस्टल बैलेट से करेंगे मतदान

कार्यालय संवाददाता, संभल

● संभल व असमोली में इकट्ठा किए गए बुजुर्गों व दिव्यांगों के फार्म

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र संभल और असमोली में 85 वर्ष से अधिक आयु के 110 बुजुर्गों और 27 दिव्यांगों ने घरों पर ही पोस्टल बैलेट से वोट डालने की इच्छा जाहिर की है। इनके फार्म बीएलओ से इकट्ठा कराने के बाद प्रशासन ने ब्यौरा तैयार कर लिया है। तिथि निर्धारित होने के बाद मतदान कर्मियों की टीमें घर जाकर पोस्टल बैलेट से मतदान कराने का काम करेंगी।

प्रशासन ने बीएलओ के जरिये ऐसे बुजुर्गों और दिव्यांगों के फार्म जुटाए हैं जिन्होंने घरों पर ही मतदान करने की इच्छा जाहिर की। मंगलवार को नई तहसील सभागार में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की मौजूदगी में बीएलओ से फार्म प्राप्त करने के बाद सुपरवाइजरों के रूप में लगे लेखपालों, ग्राम पंचायत सचिवों और शिक्षकों ने ब्यौरा तैयार किया। तहसीलदार रवि सोनकर ने बताया कि संभल विधानसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक आयु के 74 बुजुर्गों और 13 दिव्यांगों, असमोली विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु के 36 बुजुर्गों और 14 दिव्यांगों के फार्म प्राप्त हुए हैं। यह सभी पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान करेंगे।

तहसील में घर से मतदान की तैयारियों की समीक्षा करते एसडीएम विनय मिश्रा।

600 हिस्ट्रीशीटरों ने थानों में खाई गड़बड़ी न करने की कसम

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के दौरान शांतिपूर्ण मतदान के लिए जनपद की पुलिस ने अनूठी पहल की है। जनपद के 600 हिस्ट्रीशीटर और अपराधी खुद चलकर थानों पर पहुंचे और वहां शपथ लेकर कहा कि वह चुनाव में गड़बड़ी नहीं करेंगे। यदि कोई दूसरा गड़बड़ी करता है तो उसकी सूचना पुलिस को देंगे।

चुनाव में हिस्ट्रीशीटर अपराधी हिंसा फैलाने जैसी वारदातों को अंजाम दे देते हैं। हिस्ट्रीशीटर अपराधी चुनाव में गड़बड़ी न करें बल्कि पुलिस के मददगार बनें, इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने अनोखी पहल की। एक खास अभियान चलाकर जनपद की हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को प्रेरित किया गया। इसके बाद ही पुलिस के आह्वान पर मंगलवार को जनपद के 600 हिस्ट्रीशीटर व अपराधी जनपद के थानों पर पहुंचे। वहां पुलिस अधिकारियों के सामने शपथ लेकर कहा कि वह चुनाव के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी नहीं करेंगे। यदि कोई दूसरा गड़बड़ी करने का प्रयास करेगा तो उसकी सूचना पुलिस को देकर लोकसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने में मददगार बनेंगे। पुलिस के इस पहल की लोग चर्चा कर रहे हैं।

संभल कोतवाली में शपथ लेते हिस्ट्रीशीटर व अपराधी। ● अमृत विचार

चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न कराने की दिलाई शपथ

चन्दौसी, अमृत विचार : मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह ने शहर के हिस्ट्री शीटरों को कोतवाली बुलाया।उन्हें लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बताया कि वह लोग चुनाव के दौरान किसी प्रकार का कोई उत्पात न करें। जिससे चुनाव में व्यवधान उत्पन्न हो । ऐसा करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। चुनाव शांति पूर्वक संपन्न कराने की हिस्ट्री शीटरों को प्रभारी निरीक्षक ने शपथ भी दिलाई ।

> लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हिस्ट्रीशीटरों व अन्य अपराधियों का पुलिस ने वेरिफिकेशन किया। इस कार्रवाई के दौरान उन्हें चुनाव में खलल न डालने की हिदायत भी दी गई। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर व अपराधियों ने थानों में आकर चुनाव में खलल न डालने और पुलिस का सहयोग करने की शपथ ली। अपराधी तत्वों के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। कोई चुनाव में खलल डालने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।
> –कुलदीप सिंह गुनावत, पुलिसअधीक्षक

शौच को गई किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, थाने में पहुंचा मामला

कार्यालय संवाददाता,संभल/रजपुरा

तहरीर दी

● तीन युवकों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, घर पहुंचकर बेहोश हो गई किशोरी

अमृत विचार : धनारी थाना क्षेत्र में शौच के लिए गई किशोरी को तीन युवकों ने पकड़ लिया। युवकों ने किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म किया। किशोरी घर पहुंचकर बेहोश हो गई। किशोरी के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। वहीं पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच विवाद में झूठा आरोप लगाया जा रहा है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने धनारी थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि मंगलवार को सुबह करीब पौने चार बजे उसकी 14 वर्षीय बेटी शौच के लिए घर से गई तो मुहल्ले के ही तीन युवकों ने उसे पकड़ लिया। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि युवकों ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में किशोरी घर पहुंचकर और बेहोश होकर गिर गई। होश में आने पर किशोरी ने आप बीती घटना की जानकारी दी। जिसकी सूचना थाना पुलिस को भी दी गई। ग्रामीण ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई है। पिता ने कहा कि उस पर मामला वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक धनारी नरेश कुमार का कहना है कि गांव में दोनों पक्षों के बीच पार्टी बाजी चल रही है। झूठा आरोप लगाया गया है।

सार-संक्षेप

टीकाकरण जागरूकता को खेल दिखाता जादूगर। ● अमृत विचार

जादू दिखाकर समझाया टीकाकरण का महत्व

संभल, अमृत विचार : जिला अस्पताल परिसर में कोर पीसीआई जन कल्याण समिति एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से जादू का कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में जादूगर संदीप शर्मा ने विभिन्न जादू दिखाकर लोगों को टीबी, काली खांसी, गलाघोंटू, टिटनेस, दिमागी बुखार, खसरा, रूबेला, दस्त, पोलियो आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए जागरूक किया। बताया गया कि टीकाकरण कराने से मां और बच्चे की मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी। इसलिए लोगों को जागरूक रहकर बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों का टीकाकरण कराना चाहिए। इस दौरान सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनीष अरोड़ा, डॉ.सुनील त्यागी, कोर पीसीआई जन कल्याण समिति के जिला मोबिलाइजेशन कोऑर्डिनेटर मोहम्मद जावेद, बीसीपीएम शाकिर, बीएमसी रफीक अहमद, गोपाल शर्मा, रिजवान आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय को फर्नीचर मिलने पर विद्यार्थी खुश

सिरसी, अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय उत्तरी सिरसी में विद्यार्थियों के लिए नया फर्नीचर आया। फर्नीचर पर बैठकर बच्चों में खुशी का माहौल बन गया। इस स्कूल में अभी तक बच्चों के लिए फर्नीचर की व्यवस्था नहीं थी। विद्यार्थी चटाई पर ही बैठते थे। इंचार्ज अध्यापिका सरिता सागर ने बताया कि कम्पोजिट ग्रांट से दो कमरों के लिए फर्नीचर उपलब्ध कराया गया है। बच्चों के लिए खेल सामग्री भी मंगाई गई है। इस दौरान सहायक अध्यापक, यासमीन, परिवेश शर्मा, शिक्षामित्र मेहंदी जहरा और निगार फातमा मौजूद रहे।

आंबेडकर जयंती शोभायात्रा में झूमते युवा। ● अमृत विचार

उत्साह से निकाली गई आंबेडकर शोभायात्रा

संभल/गवां, अमृत विचार : गुन्नौर तहसील के गवां कस्बे में आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल कई झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा का आरंभ बीएस भारती के आवास राज मोहल्ला से हुआ। इसके बाद शोभायात्रा कस्बे के विभिन्न रास्तों से गुजरते हुए डॉ. भीमराव आम्बेडकर पार्क पर पहुंची। शोभायात्रा में बैंडबाजों के साथ कई आकर्षक झांकियां रहीं। शोभायात्रा के समापन पर सभा में डा. भीम राव आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। कहा गया कि डा. आंबेडकर ने शिक्षित बनकर अपने हक के लिए संघर्ष का जो संदेश दिया उसके अपनाने से हर हाल में सफलता मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरीशपाल सिंह, राजकुमार सिद्धार्थ, आशाराम जाटव, यादराम जाटव, वेदप्रकाश गौतम, अजय कुमार भारती, अखिलेश कुमार गौतम, धर्मवीर गौतम, लटूरी प्रसाद गौतम आदि ने विचार रखे।

चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करते पुलिस अधीक्षक।

पहले चरण का मतदान कराने को शामली रवाना हुई संभल पुलिस

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में मतदान कराने के लिए जनपद संभल का पुलिस बल शामली जनपद के लिए पुलिस बल रवाना हुआ। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने चुनाव के दौरान निष्पक्षता से सजग ड्यूटी का पुलिसकर्मियों को पाठ पढ़ाया।

पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस ब्रीफिंग में जनपद शामली के लिए जाने वाले पुलिसकर्मियों को एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने निर्देश देते हुए कहा कि मतदान के दिन वह अपना आचरण अच्छा रखें। कोई ऐसा कृत्य न करें जिससे जनपद पुलिस की बदनामी हो। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान निष्पक्षता के साथ कार्य करने के साथ उनकी कार्यप्रणाली निष्पक्ष दिखनी चाहिए। इसके बाद एसपी ने पुलिसकर्मियों की बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा, सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक अशोक कुमार सहित आदि मौजूद रहे।

फजीहत के बाद पुलिस ने दर्ज किया मामला

संभल/मनोटा, अमृत विचार: नाबालिग किशोरी से से छेड़छाड़ के मामले में फजीहत के बाद ऐचोड़ा कंबोह थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना क्षेत्र के गांव में एक युवक ने घर में घुसकर नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ की थी। किशोरी ने शोर मचाया तो मौके पर पहुंचे लोगों ने आरोपी युवक के पकड़कर बैठा लिया था। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को अपने साथ ले आई थी।

इसके बावजूद पुलिस ने न तो छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया और न ही आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई की।

मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो ऐंचोड़ा कम्बोह थाना पुलिस को फटकार पड़ी। इसके बाद मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

मां दुर्गा का डोला व शोभायात्रा निकाली

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र में अष्टमी पर मां दुर्गा का डोला और मां काली की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल स्वचलित झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। तीन जिलों के अखाड़ों की 31 काली के स्वरूपों ने तलवारबाजी के करतब दिखाकर हैरान किया। मां काली के दर्शन करने और प्रसाद लेने वाले भक्तों की भीड़ उमड़ी।

राजघाट रोड स्थित वार्ष्णेय सेवा सदन से श्री काली अखाड़ा सेवा समिति की ओर से मां दुर्गा का डोला और महाकाली की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना और महाकाली की आरती उतारकर किया गया। शोभायात्रा इंदिरा चौक, मुख्य बाजार, अनूपशहर रोड, रामलीला मैदान, सर्राफा बाजार, टीचर्स कालोनी होते हुए देर रात संपन्न हुई। शोभायात्रा में शामिल बैंडबाजे, भजन कीर्तन मंडली मां दुर्गे को समर्पित भक्ति गीतों का गुणगान करते चल रहे थे। शोभायात्रा में बदायूं जिले के बजीरगंज, बुलंदशहर जनपद के डिबाई, गुन्नौर और नगर के प्रसिद्ध काली अखाड़े की 31 काली के साथ विघ्नहर्ता गणेश, भोले की बरात, श्रीराम मंदिर, महाकाल, हनुमान, राम दरबार, महिषासुर, राजस्थानी नृत्य, काशी विश्वनाथ के साथ खाटू श्याम, शंकर पार्वती समेत दो दर्जन से अधिक स्वचलित झांकियां शामिल रहीं।

शोभायात्रा में मां काली का अखाड़ा। ● अमृत विचार

कई जगह हुआ स्वागत, रहे सुरक्षा प्रबंध

बबराला, अमृत विचार : जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत हुआ। इस दौरान चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, डिंपल वार्ष्णेय, जगतनारायण, योगेश वार्ष्णेय, राम अवतार राजौरा, विवेक वार्ष्णेय, योगेन्द्र भगतजी, अतुल गोयल, यशपाल वार्ष्णेय, पंकज मामा, सुनीत भोला, आदि रहे।

चैत्र नवरात्र श्रद्धालुओं ने नवरात्र व्रत का किया पारण, मंदिरों में हुई महागौरी की पूजा

अष्टमी पर भक्तों ने घरों में जिमाईं कन्या और वरूए, दिए उपहार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र में अष्टमी पर भक्तों ने घरों में कन्या-वरूए जिमाकर उपहार भेंट किए। मंदिरों में मां दुर्गा के स्वरूप महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना करके मनौती मांगी। तमाम भक्तों ने चैत्र नवरात्र व्रत का पारण करते हुए माता रानी के भजन गाकर गुणगान किया।

चैत्र नवरात्र में मंगलवार को सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने महागौरी की विधि विधान से पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लिया। चामुंडा मंदिर हल्लू सराय, चामुंडा मंदिर हयातनगर और चामुंडा मंदिर घुंघावली में पूजा अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। पूजा अर्चना से माहौल भक्तिमय बना रहा। तमाम भक्तों ने घरों पर कन्या वरूए जिमाए। उन्हें पूरी, सब्जी, हलुआ खिलाकर दक्षिणा के रूप में रुपये और उपहार भेंट करके आशीर्वाद लिया। भक्तों ने नवरात्र व्रत का पारण करते हुए माता रानी के भजन भी गाए। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, धनारी, बबराला, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गुन्नौर क्षेत्र में अष्टमी पर विधि विधान से महागौरी की पूजा अर्चना की गई। मंदिरों पर भक्तों की सुरक्षा में पुलिस मुस्तैद रही। वहीं चन्दौसी में नवरात्र पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। देवी भक्तों ने पूजा-अर्चना के बाद कन्या-बरुआ को भोजन कराया। इसके पश्चात उन्हें उपहार देकर घर से विदा किया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। वहीं देवी मंदिरों में भी पूजा-अर्चना करने वाले देवी भक्तों की भीड़भाड़ लगी रही।

● उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे, देवी मंदिरों पर रही श्रद्धालुओं की भीड़

मंगलवार को देवी भक्तों ने महागौरी का विधि विधान से पूजन किया। इसके बाद भक्तों ने अपने घरों में कन्या व बरुआ को हलवा, पूड़ी व चना आदि का भोजन कराया। इसके पश्चात कन्याओं का तिलक कर उन्हें उपहार देकर विदा किया। इसके बाद भक्तों ने अपने व्रत का पारण किया। वहीं शहर के रामबाग धाम स्थित मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा मंदिर, कैथल गेट स्थित श्रीदेवी गंगा मंदिर, सीता रोड स्थित बगिया वाली देवी मंदिर, जारई गेट स्थित प्राचीन देवी मंदिर व मौलागढ़ स्थित प्राचीन मां कंकाली देवी मंदिर पर सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। शाम को मंदिरों पर पहुंच आरती में भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

हयातनगर में देवी पूजन के दौरान मौजूद महिलाएं व कन्याएं। ● अमृत विचार

चन्दौसी के एक घर में कन्या-बरुआ जिमाती महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार

पूजन के बाद कन्याओं को कराया भोजन

संभल/सरायतरीन, अमृत विचार : दुर्गाष्टमी के मौके पर संभल के हयातनगर में महिलाओं ने देवी पूजन के साथ ही भजन कीर्तन से माता का गुणगान किया। विभिन्न स्वरूपों में सजी कन्याओं का भी पूजन किया और भोजन कराया। हयातनगर के ठाकुर जी मंदिर पर महिलाओं ने दुर्गा अष्टमी का उत्सव उत्साह के साथ मनाया। यहां महिलाओं के द्वारा माता के भजनों की प्रस्तुति की गई। माता का पूजन करने के बाद विभिन्न रूपों में सजी कन्याओं को भोजन कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

सूचना

मैं कि श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री ओमप्रकाश सिंह निवासी 182, आवास विकास निकट नूरमहल तहसील सदर जनपद रामपुर उ०प्र०, हाल निवासी ग्राम भरतपुर पो०- कुंडा काशीपुर, उधमसिंहनगर उत्तराखण्ड की एक किता आवासीय मकान स्थित आवास विकास योजना नं0-3 तहसील सदर जिला रामपुर हाउस नं0-बी 182, क्षेत्रफल-43.74 वर्ग मी0 जिसके पूरब में दीवार नूरमहल, पश्चिम में हाउस नं0-183 EWS, उत्तर में-हाउस नं0-204 EWS, दक्षिण में रास्ता 6 मी० की मालिक व काबिज हूँ जिसका मूल बैनामा दिनांकी 16.08.1999 जिसका इन्द्राज सबरजिस्ट्रार कार्यालय रजिस्ट्रेशन तहसील सदर जनपद रामपुर मे वही नं0-1, जिल्द सं0-293 पृष्ठ सं0-229 से 244 दस्तावेज सं0-2744/2745 पर दर्ज है। तथा सम्पत्ति प्रबन्धक अधिकारी उ०प्र० आवास एवं विकास रामपुर द्वारा किशन लाल भाटिया पुत्र श्री चिमन लाल भाटिया निवासी 182, आवास विकास, निकट नूरमहल तहसील सदर जिला रामपुर के हक में निष्पादित किया गया था। जो कि दिनांक-10.04.2024 को जिला कचहरी रामपुर से फोटो कॉपी करवाकर लाते समय जिला कचहरी रामपुर से कहीं गुम हो गया है जो काफी तलाश करने के बाबजूद भी प्रार्थिनी को प्राप्त नहीं हो पाया है।

उपरोक्त विवरण का मूल बैनामा किसी भी बैंक या अन्य किसी वित्तीय सरकारी या गैर सरकारी संस्था मे बंधक नहीं किया गया है और न ही उपरोक्त विवरण की सम्पत्ति को या उसके किसी भाग को किसी दीगर शक्स को बेचा गया है। प्रार्थिनी अब इस सम्पत्ति को आगे विक्रय या दान करना चाहती है यदि किसी व्यक्ति विशेष वित्तीय संस्था या अन्य किसी भी कानूनी व्यक्ति को प्रार्थिनी के उपरोक्त सम्पत्ति को अग्रिम विक्रय करने या दान करने एवं अन्य किसी वित्तीय संस्थान से ऋण लेने मे कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रार्थिनी को आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार का कोई दावा या क्लेम किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं होगा।

नोटः- उपरोक्त मूल बैनामा दिनांकी 16.08.1999 दस्तावेज सं0-2744/2745 के गुम होने की सूचना सम्बन्धित थाने मे दिनांक 12.04.2024 को दर्ज करवा दी गयी है।

अधिवक्ता जितेन्द्र प्रधान एडवोकेट
चैम्बर नं0-100, जिला कचहरी
जिला रामपुर

श्रुतं प्रज्ञानुगं यस्य प्रज्ञा चैव श्रुतानुगा।
असम्भित्रायेमर्याद: पण्डिताख्यां लभेत स:॥

जो व्यक्ति गंथों-शास्त्रों से विद्या ग्रहण कर उसी के अनुरूप अपनी बुद्धि को ढलता है और अपनी बुद्धि का प्रयोग उसी प्राप्त विद्या के अनुरूप ही करता है तथा जो सज्जन पुरुषों की मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं करता, वही ज्ञानी है।

संपादकीय

नक्सलवाद बड़ी चुनौती

छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना बड़ी चुनौती बना हुआ है। वास्तव में नक्सली समस्या छत्तीसगढ़ जैसे एक राज्य की नहीं पूरे राष्ट्र की समस्या है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए। सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। मुठभेड़ में नक्सल कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। उस पर 25 लाख का ईनाम था। पुलिस ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल और जिला रिजर्व गार्ड के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ ऐसे समय हुई है, जब तीन दिन के बाद वहा पहले चरण का मतदान होने वाला है। निश्चित रुप से सुरक्षाबलों के लिए यह बड़ी कामयाबी है। भारत के 12 राज्यों के 220 जिलों में नक्सली फैल चुके है। संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 40 प्रतिशत क्षेत्र नक्सली ग्रसित है अर्थात 92 हजार वर्ग किलोमीटर। वहीं छत्तीसगढ़ नक्सली समस्या के शिकंजे में कसता जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की शुरूआत समीपवर्ती राज्य आंध्रप्रदेश की सीमा से लगे बस्तर से हुई है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में ऐतिहासिक अवधारणा यह है कि नक्सली समस्या उन क्षेत्रों में पनप रही है जहां आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव और राजनीतिक पिछड़ापन है।

यह बात सत्य है कि छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित सभी जिले इसी श्रेणी में है। साथ ही नक्सली समस्या पनपने में कहीं न कहीं दोष प्रशासनिक असमानताओं का भी है। यह दोष एवं असमानताएं राजनैतिक प्राशासनिक सामाजिक कुछ भी हो सकता है। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके नक्सलवाद से निपटने की रणनीति को अमल में लाते-लाते देश और प्रदेश की सरकारें सही पर सफल क्रियान्वयन चाहती हैं। मगर किस तरह से नक्सली समस्या को समाप्त किया जा सकेगा इसका दावा करना मुश्किल है। सवाल उठ हैं कि आखिर छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन की क्या स्थिति है। सरकार कह रही है कि नक्सली बैकफुट पर हैं। आखिर इसमें कितनी सच्चाई है। इसके अलावा नक्सलियों के खिलाफ बनाई गई रणनीति कारगर है या फिर इसमें बदलाव की जरूरत है। देश की सभी प्रांतों की सरकार संयुक्त प्रयास से नक्सलियों को जड़ से समाप्त करने में अपनी शक्ति लगाएं। शिक्षा का, प्रसार स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, सड़कों का निर्माण जैसी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति करना आवश्यक है। इन सब गतिविधियों के संचालन में प्रत्येक प्रांत के सरकार अपनी राजनैतिक प्रतिद्वंद्विता भुलाकर सार्थक प्रयास करें।

आज के संदर्भ में सबके राम का संदेश

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी।

वाल्मीकि ने राम का जो आख्यान वाल्मीकि रामायण में प्रस्तुत किया वह भारत की हर भाषा में काव्य का रोचक कथावस्तु बनता गया। इक्ष्वाकुवंश में उत्पन्न हुए एक ऐसे पुरुष हैं, जो लोगों में रामनाम से विख्यात हैं, वे ही मन को वश में रखने वाले महाबलवान, कांतिवान, धैर्यवान और जितेन्द्रिय हैं। ऐसे राम की कथा महाभारत के वनपर्व, द्रोणपर्व, शांतिपर्व में है। बौद्ध साहित्य में भी तीन जातकों-दशरथ जातक, अनामक जातक तथा सम्बुला जातक में भी रामकथा का उल्लेख है। जैन साहित्य में विमलसूरि कृत पउमचरियम-प्राकृत, आचार्य रविषेण कृत पदमपुराण-संस्कृत, पउम चरिउ -अपभ्रंश में रामकथा वर्णित है जिसमे राम का मूल नाम-पद्म है। संस्कृत साहित्य मे कालिदास, भास, भवभूति, राजशेखर आदि ने अपने महाकव्यों में राम को नायक बनाया। पुराणों में विष्णु पुराण, हरिवंश पुराण, भागवत पुराण, ब्रह्मपुराण ब्रह्मवैवर्त पुराण, अग्निपुराण, तथा पद्मपुराण में विस्तार से रामकथा का चित्रण है।

हिंदी में तुलसी के रामचरित मानस लिखे जाने के पूर्व ही तमिल में कम्ब रामायण, तेलगु में रंगनाथ रामायण, मलयालम में रामचरित्र कन्नड़ में तोरवे रामायण, असामी में असमिया रामायण, बंगला में कृत्तिवास रामायण, उड़िया में सारलादास तथा बलरामदास के दो रामायण की रचना हो चुकी थी। मराठी और गुजराती में अनेक रामकथाओं के काव्यों का प्रणयन हुआ। आदिम प्रजातियों तथा विभिन्न प्रांतों के लोकगीतों में रामकथा जन जन में गूंजती रही है।

विदेशों में तिब्बती रामायण, पूर्वी तुर्किस्तान की खोतानी रामायण, इंडोनेशिया की ककबिन रामायण के साथ साथ जावा, सूरीनाम, मम्यार और थाईलैंड के रामायण में अपनी-अपनी तरह से रामकथा का वर्णन है।

गीता के रामः शस्त्रभृतामहम-अर्थात शस्त्र धारण कर्ताओं में मैं राम हूं तथा वाल्मीकि रामायण के आदर्श मानव राम जो सदाचरण और पुण्य के प्रतीक हैं, जो रावण जैसे दुष्ट और पाप के प्रतीक का विनाश करते हैं। राम जो उद्धारक हैं शनैः शनैः अलौकिकता की ओर बढ़ते हैं।

कबीर को केवल राम से आशा है –कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए–जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

शतपथ ब्राह्मण से अवतारवाद की अवधारणा उद्भूत होती है। पौराणिक युग में विष्णु का महत्व बढ़ने लगा। त्रिदेवों में विष्णु सृष्टि के पालनकर्ता हैं, ब्रह्मा और शिव के भी वंदनीय हैं। राम को विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित किया गया।

उत्तर वैदिक काल में ब्राह्मण धर्म के जटिल कर्मकांड और यज्ञ्ढ़वस्था के विरुद्ध प्रतिक्रिया स्वरूप सुधारात्मक रूप में जब भागवत धर्म का उदय हुआ तो भागवतों के इष्ट कृष्ण थे। राधाकृष्ण के प्रेमतत्व तथा धर्म संस्थापक के रूप में कृष्ण को चरम लोकप्रियता प्राप्त हुई। पांचवीं शताब्दी के आसपास दक्षिण भारत के आलवार संतों ने विष्णु आराधना और विष्णु के विभिन्न अवतारों के प्रति असीम भक्ति भावना प्रसारित किया। आलवार संतों के अंतःकरण और चरित्र दैवीय गुणों से ऐसे आलोकित थे की उन्होंने श्रीहरि विष्णु की भक्ति के माध्यम से समाज के वर्णगत और धनगत विषमता को दूर किया। इनके बारह संतों गुरुवों की ऐसी ख्याति हुई की कालांतर में मंदिरों में विष्णु के साथ उनकी भी प्रतिमाएं लगाकर विष्णु के साथ उनकी पूजा का भी विधान किया गया।

आलवार संतों की ही परंपरा के रामानुजाचार्य -1016-1137 ने राम के सगुण भक्ति और अवतारवाद को विकसित किया। रामानुज संप्रदाय के अंतर्गत रामभक्ति और रामोपासना विषयक सहिंताएं और उपनिषदों की रचना हुई। ईस्वी सन की पहली शताब्दी में राम, विष्णु के अवतार के रूप में प्रतिष्ठित हुए उसके एक हजार साल बाद देश में रामोपासना को महत्व मिला जिसमें सर्वाधिक योगदान दक्षिण भारत की संस्कृति का है।

उत्तर भारत में राम भक्ति को लोकप्रियता प्रदान करने का कार्य रामानुज संप्रदाय के ही रामानंद-1356-1470 ने किया। रामानंद दक्षिण में जन्मे की प्रयाग या काशी में इससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि रामानंद के अध्यात्म रामायण का राम के ब्रह्मत्व की स्थापना में बड़ा योगदान है। रामानंद ने राम को प्रकृति से परे परमात्मा, अनादि, आनंदघन, अद्वितीय पुरुषोत्तम के रूप में स्थापित किया।

चौदहवीं-पंद्रहवीं शताब्दी तक उत्तर भारत में रामानुज मत का कोई व्यापक प्रचार नहीं था। रामानंद यद्यपि रामानुज संप्रदाय के ही थे। परन्तु स्वच्छंद और स्वतन्त्र विचार के संत होने के कारण उनके गुरु राघवानंद ने रामानंद को पृथक संप्रदाय बना लेने का निर्देश दिया। फलतः रामानंद ने वैरागी संप्रदाय-रामावत संप्रदाय की स्थापना की-चार बरन आश्रम सबहि को भक्ति दृढ़ाई। इस वैरागी संप्रदाय से निर्गुण और सगुण रामोपासना की दो धाराएं निकली। एक धारा में कबीर, रैदास-रविदास, पीपा, धना, सेन आदि थे तो दूसरे सगुण धारा में अनंतदास, तुलसीदास हुए। भक्ति द्रविण उपजी लाये रामानंद, प्रकट करी कबीर ने सात द्वीप नवखंड। भक्ति संप्रदाय के रामानंद के साधुओं की टोली पूरे देश में-जाति पांति पूछे नहि कोई हरी को भजे सो हरी का होइ - का उद्‌घोष करते हुए रामोपासना का अलख जगाते रहे और रामनाम के महामंत्र को गांव गांव, घर घर पहुंचा दिया।

रामानंद के प्रखर शिष्य कबीर का मूलमंत्र रहा-राम मा दोइ आखर सारा, कहै कबीर तिहुंलोक पियारा-जिन्होंने रामनाम को वेदमंत्र से अधिक महत्त्व दिया-तू ब्राह्मन मैं काशी का जुलाहा मोहि तोहि बराबरी कैसे की बनहि/ हमरे राम नाम कहि उबरे वेद भरोसे पांडे डूब मरहि।

कबीर को केवल राम से आशा है-कबीर आसा करिये राम की अबरै आस निराश। कबीर अपने सिद्धांतों के मान्यताओं के प्रबल अनुयायी थे। मरण के पूर्व मगहर यह कह कर गए-जो काशी तन तजै कबीरा, रामहि कौन निहोरा। कबीर के राम दशरथ नंदन अयोध्यापति न होकर परमब्रह्म परमेश्वर थे जिन्हें कबीर विश्वधर्म, मानवधर्म के प्रवर्तक के रूप में देखते हैं।

सिखों के अतिपावन ग्रंथ आदिग्रंथ में गुरु रामदास ने संत रविदास का यशोगान करते हुए कहा है-रविदास चमार उस्तति करै हरि कीरति निमिष इक गाई/ पतित जाति उत्तम भया चारि बरन पये पगि आई।

अर्थात पतित चमार जाति में जन्म लेकर संत रविदास ने हरि की महिमा का ऐसा गान किया की वे श्रेष्ठ पुरुष बन गए और चारों वर्णों के लोग उमके पांव पड़ने लगे।

संत रविदास जन्मजात ब्रह्मज्ञानी थे परन्तु अपने गुरु रामानंद की यात्राओं में साथ रहने पर सत्संग करते रहने पर वे शास्त्र ज्ञान से भी परिपूर्ण हो गए थे। झाली रानी रतन कुअंरि तथा मीराबाई संत रविदास के शिष्यों में प्रमुख थे। संत रविदास की रामभक्ति से वर्णाश्रम व्यवस्था की नीव हिल गई थी। वेद -विद्वान् ,वेदांग निष्णात ब्राह्मण इस दलित संत को दंडवत करने लगे थे।

मोसों सकुचत छुई सब छाहून-मैं इतना बड़ा अछूत हूं की मेरी छाया तक छूने में लोग संकोच करते हैं ऐसा तुलसी रामनाम की महिमा से सुखी हुआ-कहा न कियो कहां न गयो सीस काहि न नायो/ राम रावरो बिन भये जन जनमि जनमि जग दुःख दशहु दिसि पायो।

अपने-अपने सब के राम का आज के संदर्भ में यही संदेश है कि-सबसों सनेह सबहि को सन्मानिये। राम वह तत्व है जो सबसे स्नेह करता है—ईर्ष्या द्वेष का कारण नहीं बनता। रामराज का यही उद्देश्य था- सब नर करहिं परस्पर प्रीति चलहिं स्वधर्म निरत श्रुतिनीति। सभी प्राणियों में प्रेम रहे और सब ऋत -ब्रह्मांडीय नियमों के अनुसार अपने कर्तव्य का पालन करते रहें यही रामराज है यही ईश्वरीय सत्ता है। अंत में–जड़ चेतन जग जीव जत सकल राममय जानि/ बंदउ सब के पदकमल सदा जोरि जुग पानि।

प्रसंगवश

पतन का मूल कारण

डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जिस संस्कृति में बाहरी दुनियां और उसमें अच्छा करने के बारे में हीन भावना फैलाई जाती रही हो और तथाकथित अध्यात्म विद्या का बेतरीका महिमा मंडन होता रहा हो, वह संस्कृति पतन का स्वागत करती है। यही भारत के पतन का मूल कारण है। शरीर का होना अध्यात्म चिंतन के लिए भी आवश्यक है। शरीर से मुक्त आत्मा अध्यात्म विद्या में कोई रुचि नहीं लेता। और शरीर का होना रोटी मांगता है। यह शंकराचार्य के लिए भी सही है और बुद्ध के लिए भी। भौतिक जीवन में अत्यधिक रति और अध्यात्मिक जीवन की उपेक्षा जितनी निंदनीय है, उतनी ही निंदनीय है। भौतिक जीवन की उपेक्षा और अध्यात्मिक जीवन की प्रतिष्ठा। अति दोनों जगहों पर निंदनीय है।

विज्ञान हमें बताता है कि अल्प मात्रा में सभी ड्रग किसी न किसी बीमारी की दवा हैं। यह तंबाकू, अफीम, धतूरा से लेकर रेडिएशन्स तक सही है। लेकिन वही ड्रग अधिक मात्रा में विष हैं, मारक हैं। उसी तरह सीमा से अधिक भक्ति और अध्यात्म जहर का काम करते हैं और सीमा से अधिक भोग भी, भौतिकता भी। आचार्यों एवं उपदेशकों का कर्तव्य है कि वे इस सीमा का निर्धारण करें और तदनुसार प्रवचन करें।

हमारे उपदेशक बहुधा अनजाने में पाखंडवाद सिखलाते हैं। श्रोता जब विरक्ति, भक्ति, माया, इत्यादि पर अनर्गल प्रलाप सुन कर घर लौटता है तो वह पाता है कि जीने के लिए उपदेशों से हट कर चलना आवश्यक है। इस तरह वह दोहरी जिंदगी जीने के लिए विवश हो जाता है। उसके मुंह में राम और बगल में छुरी रहने लगती है। यह दोहरा जीवन सामाजिक पूंजी के क्षरण का कारण होता है।

अति भक्ति चोरों का लक्षण बन जाती है। हमारा चारित्रिक पतन अति आदर्शवाद के चलते हुआ है। इसमें बाबा लोगों का बहुत बड़ा रोल है। अधिकतर बाबा त्याग और संयम का उपदेश देकर अरबपति बन जाते हैं और कुछ जेल तक चले जाते हैं। इसीलिए, जब कोई आदमी अध्यात्म की बातें करने लगता है तो मैं सावधान हो जाता हूं। मेरा व्यक्तिगत विचार है कि आए दिन होने वाले प्रवचन सुनने और पतुरिया का नाच देखने में ज्यादा फर्क नहीं है। बाबा और पतुरिया दोनों ही भाड़े पर आते हैं, गायक वादकों के साथ।

हेपेटाइटिस की बढ़ती चुनौतियां और खतरे

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट में भारत में हेपेटाइटिस की चुनौतियों और खतरों का उल्लेख है। हेपेटाइटिस शब्द यकृत की किसी भी सूजन को संदर्भित करता है- किसी भी कारण से लीवर कोशिकाओं में होने वाली जलन या सूजन। यह तीव्र भी हो सकता है। लीवर की सूजन छह महीने से अधिक समय तक भी रहती है, लेकिन अनिवार्य रूप से इसका कोई लक्षण नहीं दिखाई देता है। आमतौर पर यह ए,बी,सी,डी, और ई सहित हेपेटोट्रोपिक वायरस के एक समूह के कारण होता है। अन्य वायरस भी इसका कारण हो सकते हैं, जैसे कि वैरिकाला वायरस जो चिकन पॉक्स का कारण बनता है।

डब्ल्यूएचओ की रपट के मुताबिक लीवर से जुड़ी यह बीमारी घातक भी साबित हो सकती है और बाद में कैंसर का रूप भी धारण कर सकती है। हेपेटाइटिस बी और सी को लेकर भारत में जागृति बहुत कम है, क्योंकि इनके लक्षण ही पेचीदा हैं। चूंकि यह भी वायरल संक्रमण की बीमारी है, लिहाजा डॉक्टर भी लक्षणों का अध्ययन करते समय गलत निष्कर्ष पर पहुंच जाते हैं।

भारत में हेपेटाइटिस बी के करीब तीन करोड़ संक्रमित मरीज हैं, जबकि हेपेटाइटिस सी के 50 लाख से अधिक लोग बीमार हैं। लीवर की सूजन और संक्रमण के साथ इन बीमारियों का बोझ उठाने वाला भारत विश्व में ऐसा दूसरा देश है। वह दिन दूर नहीं, जब विश्व में सर्वाधिक हेपेटाइटिस संक्रमण भारत में होगा। भारत में ही 2022 में हेपेटाइटिस ने एक लाख से अधिक जिंदगियां छीन ली थीं। चिंताजनक पक्ष यह है कि बहुत कम संक्रमित लोगों के लक्षण स्पष्ट हो पाते हैं, लिहाजा वे निदान और इलाज के दायरे में नहीं आ पाते।

हेपेटाइटिस सी के 30 फीसदी से कम मामलों की पहचान हो पाती है, लिहाजा लीवर का यह संक्रमण ज्यादा घातक, यहां तक कि जानलेवा, साबित हो सकता है। हेपेटाइटिस बी के आंकड़े मात्र 3 फीसदी ही बताए जाते हैं। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम का लक्ष्य 2030 तक भारत को हेपेटाइटिस सी से मुक्त कराना है। हेपेटाइटिस बी से जुड़ी रुग्णता, मृत्यु-संख्या और मृत्यु-दर को भी 2030 तक ही काफी कम करना है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार काफी आशान्वित हैं कि यदि 2024 और 2026 के बीच स्थितियों में सुधार लाया जाए, तो हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम पटरी पर लाया जा सकता है। भारत में हेपेटाइटिस बी संक्रमण मामलों का अभी तक जो विश्लेषण किए गए हैं, उनमें संक्रमण मां से शिशु की ओर गया है। टीकाकरण से भी इस बीमारी और संक्रमण के विस्तार को रोका जा सकता है। भारत में टीकाकरण भी काफी अनियमित है और शिशु के जन्म लेने के तुरंत बाद जो टीकाकरण किया जाना चाहिए, उसके प्रति अशिक्षित और अज्ञानी जमात गंभीर नहीं है, लिहाजा शिशु की इम्युनिटी प्रभावित होती है। भारत में 50 फीसदी से कम शिशुओं को सभी आवश्यक टीके समयानुसार दिए जाते हैं। बहरहाल हेपेटाइटिस सी का इलाज अपेक्षाकृत आसान और संभव है। एंटी-वायरल बीमारी का इलाज कर सकते हैं और दीर्घकाल में लीवर को क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में हेपेटाइटिस का उपलब्ध इलाज दुनिया में सबसे सस्ता है। करीब 70 फीसदी मरीज निदान और इलाज नेटवर्क से दूर भागते रहते हैं और प्राथमिक चिकित्सा को दोष देते रहते हैं।

हेपेटाइटिस बी को भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया है। जो हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी, खसरा, रूबेला, जापानी इंसेफेलाइटिस, रोटावायरस डायरिया के कारण ग्यारह (हेपेटाइटिस बी को छोड़कर) वैक्सीन-रोकथाम योग्य बीमारियों यानी तपेदिक, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, टेटनस, पोलियो, निमोनिया और मेनिनजाइटिस के खिलाफ मुफ्त टीकाकरण प्रदान करता है। बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और थाईलैंड विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में हेपेटाइटिस बी को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने वाले पहले चार देश बन गए हैं।

बात ताजा रपट की कि जाए तो चूंकि यह चेतावनी विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से आई है, लिहाजा सरकारों के स्तर पर इस संक्रमण को संबोधित किया जाना चाहिए। बेशक हेपेटाइटिस हो अथवा टीबी हो, इन संक्रामक बीमारियों को लेकर जरा-सी भी कोताही नहीं बरतनी चाहिए। कोरोना काल के दौरान जिस तरह सजगता के साथ काम किया गया, उसी पैटर्न पर काम करने की जरूरत है।

सोशल फोरम

दि ग्रेट डिक्टेटर

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

दुनिया के महान कॉमेडियन-फिलॉस्फर चार्ली चैपलिन ने यूं तो कई फिल्में बनाईं लेकिन 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चार्ली चैपलिन की सबसे कामयाब, उद्देश्यपूर्ण और चर्चित फिल्म है। यह चैपलिन की पहली बोलती फिल्म भी रही। हालांकि इसका एक अच्छा हिस्सा ज़रूरत के मुताबिक़ साइलेंट है, चैपलिन की पिछली फिल्मों की तरह। 1940 में रिलीज़ हुई 'दि ग्रेट डिक्टेटर' चैपलिन ने उस दौर के एक वीभत्स सोच के जर्मन नस्लवादी और खब्ती किस्म के इंसान हिटलर का मखौल उड़ाने की गरज से बनाई थी, जिसके सनकपन ने दुनिया को दूसरे विश्वयुद्ध में धकेला था। लेकिन चैपलिन को कई तरह के खतरे भी थे। ऐसा न हो बजाय हिटलर का मज़ाक उड़ने की जगह वो और उनकी फिल्म ही हंसी की सामग्री बन जाए। और मुमकिन है कि नाजी सोच के लोग उनको दुनिया से उड़ा दें। इसीलिए रिलीज से पहले उन्होंने एक लंबा रिसर्च भी कराया। अपने दोस्तों से सलाह ली। कई ने मना किया कि बहुत बड़ा रिस्क है। हो सकता है कि कई देशों में ये प्रतिबंधित हो जाए। नाज़ियों के समर्थकों और विरोधियों के बीच भीषण दंगे भी हो सकते हैं। युद्ध की विभीषिका झेल रहा यूरोप ज्यादा बड़े संकट में भी आ सकता है। यह भी संभव है कि इस युद्ध में नाज़ियों की जीत हो और नतीजतन चैपलिन को बीच चौराहे सूली पर लटका दिया जाए।

मगर चार्ली चैपलिन ने अपने मित्र डगलस फेयरबैंक्स की सलाह पर फैसला किया कि दुनिया के महाखलनायक का मुकाबला उसी की शक्ल का दुनिया का महाविदूषक चार्ली चैपलिन करेगा। ऐसा करना उनका फर्ज है और मानवता व सच की सेवा भी। जान जाती है तो जाए। जब 'दि ग्रेट डिक्टेटर' रिलीज़ हुई तो सचमुच हंगामा हो गया, सुपर हिट हुई। मगर हिटलर की नाजी सोच के समर्थकों के डर से दक्षिण अमरीका के कई देशों में प्रतिबंधित हुई। यूरोप में भी इसके विरुद्ध प्रदर्शन हुए। कई जगह से फिल्म उतार ली गई। इंग्लैंड ने शुरू में विरोध के दृष्टिगत इसकी रिलीज़ रोकने का फैसला किया। लेकिन कुछ अफसरों ने फिल्म देख कर सरकार को मशविरा दिया कि नाज़ियों के विरुद्ध प्रोपेगंडा के लिए ये फिल्म मज़बूत हथियार है।

-फेसबुक वॉल से

राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है,जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है।

बहु प्रचलित लोक मान्यता के अनुसार राम अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र थे, जिनका जन्म त्रेता युग के अंत में चैत्र शुक्ल नवमी को कौशल्या की कुक्षि से हुआ और उनकी कथा बहु श्रुत है। वैसे इस शब्द का अर्थ और नाम, रूप, विग्रह अनेक हैं। गोस्वामी तुलसीदास ने भी 'रामचरितमानस' में साफ कहा है, 'नाना भांति राम अवतारा। रामायण सत कोटि अपारा'। संत कबीर भी कहते हैं, 'दसरथ सुत तिहुं लोक बखाना। राम नाम कर मरमु है आना'। सामान्यतया राम को इसी चतुर्युगी के त्रेता के अंत में जन्मा माना जाता है। संप्रति वैवस्वत मन्वंतर की 27 वीं चतुर्युगी चल रही है, किंतु हरिवंश पुराण के अनुसार राम 24 वीं चतुर्युगी के त्रेता में हुए। दशावतारों का उल्लेख करने वाले श्लोक में तीन अवतारों को राम कहा गया है, जो हैं परशुराम, राम और बलराम। 'वनजौ वनजौ खर्वः त्रिरामो सकृपोऽकृपः। अवतारादशैवेते कृष्णस्तु भगवान् स्वयम्'। राम के इस 27 वें त्रेता वाले अवतार की कथा वाल्मीकि ने 24 हजार श्लोकों में लिखी, जो सर्वाधिक मान्य है, क्योंकि वे राम के समकालीन थे, जैसा कि इस रामायण के शुरुआती श्लोकों से हो स्पष्ट हो जाता है। इन्हें आदि कवि कहा गया और ज्यादातर यह पहली रामकथा की मान्यता लिए है। वैसे 'दशरथ जातक' इसके पहले की रचना है, जिसमें राम की कथा विद्यमान है।

मानव सभ्यता का सबसे पहला ग्रंथ ऋग्वेद है, जिसमें राम का नाम आया है। इस नाम का धर्मात्मा और प्रतापी राजा हुआ है। सीता को असुर संहारिणी देवी के रूप में स्मृत किया गया है, जिसके नयनोन्मीलन, निमीलन से सृष्टि का सृजन संहार होता है। वेद से पहले भला कौन ग्रंथ था? यानी यह तो त्रेता के पहले की ऋचाएं हैं, भगवान विष्णु की श्वास से निःसृत हुईं और शून्य में व्याप्त हो गईं, जिन्हें ऋषियों ने देखा और संग्रह किया। इसीलिए वे मंत्र द्रष्टा कहलाए और वेद संहिताएं कही गईं। वेदांत ग्रंथ उननिषदों में अलग 'रामोपनिषद्' और 'सीतोपनषद्' हैं। वाल्मीकि के ही एक अन्य संकलन 'योग बासिष्ठ' में रामों की संख्या 73 कही गई है। एक कथा के अनुसार हनुमान जी जब मुद्रिका लिए सीतान्वेषण में तत्पर थे, तो उन्हें प्यास लगी। एक ऋषि आश्रम में वे अंजुली से जल पीने लगे और उसके पहले वह मुद्रिका उनके कमंडलु में डाल दी। जल पीकर जब वे उन्होंने मुद्रिका उठानी चाही, तो उसमें तमाम वैसी ही मुद्रिकाएं दिखाई दीं। चकित हनुमान ने जब ऋषि से पृच्छा की, तो उन्होंने कहा युग युग में आप इसी हेतु आते रहे हैं और ये सब राम मुद्रिकायें ही हैं, जिन्हें आपने जल पीते सभय इसमें रक्खा था। धार्मिक मामलों में तर्क नहीं चलता है। कहते हैं 'मजहब में अकल का दखल नहीं है'। बस इससे राम और उनकी कथाओं की अनन्तता का भान होता है।

दरअसल राम अवतार भी हैं और ब्रह्म का पर्याय भी, जो सबमें रमा है या रमण करता है। यह एक मंत्र है, जिसका जप ॐ के समान परिणाम देने वाला है, जो सृष्टि सृजन के समय हुए 'स्फोट' का स्वर है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त भी उन्हें सबमें रमा हुआ बताते हैं फिर भी अयोध्या पंचवटी आदि में उनका विशेष वास कहा है। कबीरदास ने 'रमैया की दुलहिन लूटा बजार' कहकर राम को ब्रह्म माना है; तभी तो ब्रह्म की माया को 'राम की दुलहिन' बताया है। उनका सम्यक् ज्ञान हो जाने से तो व्यक्ति 'पूर्ण' होकर उनमें समाहित ही हो जायगा, जिसे तुलसी ने 'जानत तुम्हइ तुम्हइ होइ जाई' कहा है। राम वह परब्रह्म है, जो कुतत्वों के निराकरण हेतु 'सम्भवामि युगे युगे' होते हैं, जिनके नाम रूप असंख्य और वर्णनातीत हैं।

बात करना शायद एक लुप्त होती कला



संजय वर्मा
इंदौर

शायद हम सब बात करना भूल गए हैं। अकेलेपन की शिकायत तो करते हैं पर कोई मिले तो आप कैसे हैं से शुरू हो कर कभी घर आईए तक एक दो मिनट में बात खत्म हो जाती है। बातों की डोर के बगैर रिश्ते जुड़े कैसे? बात करना शायद एक लुप्त होती कला है। मैं जिस तरह के लोगों के बीच उठता बैठता हूं वे बहुत पढ़े-लिखे और कामयाब लोग हैं। मगर डिग्रियों और कामयाबी की चिंता में हम सबने अपने सामाजिक हुनर खो दिए हैं। हमारा आईक्यू भले ही ज्यादा हो, मगर सामाजिक बुद्धिमत्ता बहुत कम हो गई है। कभी लगता है समर कैंप में हॉबी क्लासेज में एक क्लास बात कैसे करें पर भी होनी चाहिए।

बात करना सूचनाओं का आदान प्रदान नहीं है। बतरस का आनंद लेना जैसे एक इमारत बनाने जैसा है जिसमें बातों की ईंट पर ईंट रखकर दीवारें चुनी जाती हैं, किस्सों के मेहराब गढ़े जाते हैं, व्यंग्योंक्तियों, मुहावरों के आर्टीफैक्ट्स से सजाया जाता है। बात में से बात निकाली जाती है। मगर अफसोस किसी स्कूल में यह जरूरी हुनर नहीं सिखाया जाता। फिर जब ऐसे अनपढ़ लोग किसी पार्टी में मिलते हैं और उन्हें कोई बात नहीं सूझती तो वे जहरीली सियासी बहस पर उतर आते हैं। आधे एक पार्टी के पक्ष में हो जाते हैं और बाकी दूसरी के। राजनीति पर बहस के अचानक प्रचलन में आने के पीछे एक कारण यह भी हो सकता है कि लोग कोई दूसरी बात करना जानते ही नहीं।

ऐसे में मुझे मेरी मौसी याद आती है। वे अनपढ़ ठेठ गंवार थीं। न स्कूल गईं न दुनिया देखी। पर जब बोलतीं तो लोग मंत्र मुग्ध होकर उनकी बातें सुनते। शादी ब्याह में तो जैसे वे फुल फॉर्म में होतीं। हर बात पर कटाक्ष, ताने, मुहावरे, मजाक! लोग हंसते-हंसते लोटपोट हो जाते। महिलाएं ही नहीं कभी-कभी तो घर के बड़े बूढ़े भी जिनसे उनका ससुर जेठ का रिश्ता था वे भी निशाने पर आ जाते और उन्हें भागने को जगह न मिलती।

इन दिनों चश्मा चढ़ाए आईआईटी की तैयारी कर रहे हैं बच्चों से कभी बात करता हूं, तो लगता है जैसे कोई मंजिल की चिंता में रास्ते में लगे फूल पौधों को देखना भूल गया है।

पत्नियां पति से बातचीत के नाम पर पुलिसिया इंटेरोगेशन कर रही हैं-कहां गए थे? कब लौटोगे? क्या खाओगे? अमेरिका गए बच्चों के मां-बाप उनसे सुबह-शाम वीडियो कॉल पर बात कर रहे हैं। पर वही घिसा पिटा रिकॉर्ड-आज खाने में क्या खाया, ठंड तो नहीं है, तबीयत कैसी है..! कभी लगता है उन्हें एक दिन की बातचीत रिकॉर्ड कर रोज उसका टेप चला देना चाहिए। शादियों में लोग यूं खामोश बैठे रहते हैं कि किसी शोक सभा का गुमां होता है। जीवन के नौ रस हुआ करते थे, यह फेहरिस्त अब संक्षिप्त होती जा रही है। यह एक अजीब बदलाव है। हमारे पुरखों का एक्सपोजर सीमित था। उन्होंने दुनिया कम देखी थी। हमने उनके मुकाबले ज्यादा दुनिया देखी, ज्यादा घूमे, ज्यादा पढ़े। पर फिर उनके पास हमसे ज्यादा किस्से कैसे थे? क्या इसका संबंध संघर्ष से है? क्या परस्पर निर्भरता की मजबूरी ने उन्हें बात करना सिखा दिया और हमे टेक्नोलॉजी ने आत्म निर्भर बना कर उसकी आवश्यकता खत्म कर दी। हो सकता है जो लोग जीने के लिए संघर्ष करते हों, वे यह किस्सागोई का हुनर सीख जाते हों, और आज जिस मध्यम वर्ग का रोना मैं रो रहा हूं उनके जीवन में कोई संघर्ष ही नहीं है। यदि संघर्ष और किस्सागोई का कोई रिश्ता है, तो इसका मतलब यह मुश्किल समय में जिंदा बचे रहने का जरूरी हुनर है।

एक नजर

चरस बेच रही महिला गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा निवासी नफीस की पत्नी रुखसाना मंगलवार को मुहल्ला में स्थित कादरी मस्जिद के पास चरस के साथ खड़ी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 350 ग्राम चरस बरामद कर पुलिस ने रुखसाना को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने रुखसाना का चालान कर दिया।

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला के व्यक्ति की पत्नी रविवार को 15 वर्षीय पुत्री को घर छोड़कर पड़ोस में ईद मिलने गई हुई थी। आरोप है कि मुहल्ला का अनस अंसारी बहला-फुसलाकर किशोरी को घर से ले गया। जानकारी होने पर किशोरी का पिता कोतवाली पहुंचा और तहरीर देकर मुहल्ला के ही अनस अंसारी के खिलाफ बहला-फुसलाकर किशोरी को भगाकर ले जाने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

चन्दौसी, अमृत विचार : मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान बदायूं रोड स्थित पैराडाईज होटल के निकट से भोज उर्फ देव पुत्र लखपत व अलुआ पुत्र स्व. लटूरी निवासी मोहल्ला कबीर गली सीकरी गेट चन्दौसी से गिरफ्तार किया। तलाशी में इनके पास से दो अवैध तमंचा 12 बोर व दो कारतूस बरामद किए। साथ ही चोरी किया गया सामान भी मिला।

प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षा व्यवस्था में बदलाव

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय की प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षा कराने और परीक्षकों की नियुक्ति की व्यवस्था में बदलाव किया है। इसके तहत बीएड की प्रयोगात्मक परीक्षा दो दिन में कराई जाएगी। अंक अपलोड करते समय परीक्षक के मोबाइल या ईमेल पर ओटीपी आएगा और इसके बाद ही फाइलन अंक सबमिट होंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक नई व्यवस्था के तहत एमजेपीआरयूआईयूएमएस पोर्टल पर कॉलेज लॉगिन, एक्सटर्नल एग्जामिनर असाइनमेंट, रिपोर्ट, फिल द डिटेल ऑफ सब्जेक्ट, व्यू और एक्टर्नल एग्जामिनर की लिस्ट होगी।

किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को पांच वर्ष का कारावास

अदालत ने 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- अर्थदण्ड की राशि पीड़िता को पुनर्वास हेतु दी जाएगी
- थाना नखासा क्षेत्र के गांव में 26 जुलाई 2020 की रात हुई थी घटना

अमृत विचार : किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी को अदालत ने पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना जनपद संभल के थाना नखासा क्षेत्र के गांव में 26 जुलाई 2020 की रात में छत पर सो रही 13 वर्षीय किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ की थी।

पीड़ित पक्ष के अनुसार जनपद संभल के थाना नखासा क्षेत्र के गांव निवासी पीड़िता के पिता ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 26 जुलाई 2020 की रात करीब ढाई बजे वह और उसकी पत्नी घर में नीचे सो रहे थे। उसकी 13 वर्षीय पुत्री अन्य बच्चों के साथ छत पर सो रही थी। उसी समय पड़ोस का रहने वाला शाने आलम पुत्र सफीक छत पर आ गया और वहां सो रही उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकतें की। पुत्री ने शोर मचाया तो युवक भाग निकला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 29 जुलाई 2020 को आरोपी शानेआलम पुत्र सफीक निवासी गांव लखौरी जलालपुर थाना नखासा के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया था। विवेचना में साक्ष्यों को जुटा कर पुलिस ने पांच जनवरी 2021 को अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। मुकदमा न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट/अपर सत्र एवं न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से नरेन्द्र कुमार यादव विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो जनपद संभल ने मुकदमें की पैरवी की और साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं।

मंगलवार को न्यायाधीश अशोक कुमार यादव द्वितीय ने आरोपी शाने आलम को धारा 354 आईपीसी सपठित धारा 8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के आरोप में दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अर्थदण्ड की समस्त धनराशि पीड़िता को पुनर्वास हेतु प्रदान की जाएगी।

झोपड़ी व सामान जलने के बाद परेशान बैठा परिवार। ● अमृत विचार

जलती सिगरेट फेंककर ग्रामीण की झोपड़ी में आग लगाने का आरोप

संवाददाता, संभल/धनारी

- खाने पीने का सामान और कपड़े आदि जलकर राख

अमृत विचारः धनारी थाना क्षेत्र में खेत पर काम करने गए ग्रामीण की झोपड़ी में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। मौके पर फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही झोपड़ी की आग में खाने पीने का सामान, कपड़े सहित आदि सामान जलकर बर्बाद हो गया। ग्रामीण ने गांव के ही युवक पर जलती सिगरेट फेंककर झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया।

थाना क्षेत्र के गांव कीरतपुर निवासी मदनलाल गांव में ही झोपड़ी नुमा बने घर में पत्नी व बच्चों सहित रहता है। मंगलवार को मदनलाल ने बताया कि सोमवार की सुबह परिजनों सहित खेत पर काम करने गया था। मदनलाल के खेत पर जाने के थोड़ी देर बाद ही अचानक से झोपड़ी में आग लग गई। आग ने झोपड़ी को चारों ओर से चपेट में ले लिया। ग्रामीण बाल्टी से पानी डालकर खुद ही आग बुझाने की कोशिश करने लगे। झोपड़ी के अंदर रखा खाने पीने का सामान जलकर बर्बाद हो गया। जिसके बाद मदनलाल थाने पहुंचा और पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही एक युवक पर जलती सिगरेट फेंककर झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया। मदनलाल ने बताया कि आग में अनाज की बोरी, कपड़े, चारपाई सहित तमाम सामान जल गया है।

सार-संक्षेप

दहेज के लिए बरात नहीं लाने पर 11 पर रिपोर्ट दर्ज

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव पचाक में दहेज की मांग पूरी न होने पर वर पक्ष बरात लेकर नहीं पहुंचा था। जिससे वधु पक्ष की सारी तैयारियां धरी की धरी रह गई थी। वधु के पिता ने वर सहित 11 लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। गांव पचाक निवासी भूरे पुत्र मुन्ना लाल ने दो माह पहले जनपद मुरादाबाद के थाना मूंडापांडे क्षेत्र के गांव बुजपुर की मिलक निवासी विजय कुमार पुत्र हरि सिंह के साथ अपनी पुत्री के रिश्ता तय किया था। 15 अप्रैल को बरात आनी तय हुई थी। 15 अप्रैल की सुबह 9 .22 बजे युवक विजय सिंह व उनके रिश्तेदारों ने फोन कर दहेज में ढाई लाख रुपये व चार बीघा भूमि नाम कराने की बात कही। मांग पूरी न होने पर बरात लाने से इनकार कर दिया। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने वर विजय, उसके पिता हरि सिंह, भूरे सिंह, सोम सिंह, धर्म सिंह, अजय, सोनी, राजवती व मोनी निवासी बुजपुर की मिलक, थाना मुंडापांडे जनपद मुरादाबाद व राजवीर निवासी लालपुर बहारी, थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद, जय प्रकाश गांव चौधरपुर, जनपद रामपुर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस कर्मियों को पानी की बोतल व चश्मा देते एसपी। ● अमृत विचार

एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिये चश्मे व पानी की बोतल

बहजोई, अमृत विचार : भीषण गर्मी में यातायात की व्यवस्था को सुचारू रखने को लेकर यातायात पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए पुलिस अधीक्षक ने अल्ट्रा वायलेट चश्मा तथा पीने के पानी की बोतल वितरण की। अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से किए जाने के एसपी ने निर्देश दिए। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम के तहत एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने यातायात पुलिस कर्मियों की सुविधा के लिए तथा भीषण गर्मी में आंखों को बचाने के लिए अल्ट्रा वायलेट चश्मा तथा मिल्टन की पानी की बोतल प्रदूषण से बचने के लिए मास्क आदि सामान वितरण किया।

जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करते सीडीओ भरत कुमार मिश्रा।

सफाई कर्मियों ने निकाली बाइक रैली

बहजोई, अमृत विचार : जिला पंचायत राज विभाग के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले भर के सफाई कर्मियों ने मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली। सफाई कर्मियों ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष धीरज पाल यादव के नेतृत्व में जिले भर के सफाई कर्मचारी मंडी समिति में एकत्रित हुए। जहां से उन्होंने मतदाता जागरूकता बाइक रैली निकाली। बाइक रैली को सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बाइक रैली में सफाई कर्मी पहले मतदान फिर जलपान जैसे नारे लगाते हुए आमजन को चुनाव के दिन अपना मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए चल रहे थे। सीडीओ ने कहा कि अच्छे लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। अच्छी सरकार चुनकर लोकतंत्र को मजबूत करें। सभी खुद तो मतदान करें ही अपने आसपास के लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें। इस दौरान परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह, डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे, खंड विकास अधिकारी बहजोई प्रेमचंद, रनजीत सिंह, सुभाष जेनवाल सहित आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण से गैर हाजिर रहे 19 मतदान कार्मिकों पर होगी रिपोर्ट

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान ड्यूटी के बाद मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में गैर हाजिर रहने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने 19 मतदान कार्मिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए थे। जिस पर बीएसए ने कोतवाली भेजी में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है।

लोकसभा चुनाव से पहले चंदौसी के स्कूल में 9, 10 व 12 अप्रैल को प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें 19 मतदान कार्मिक अनुपस्थित रहे थे। जिसमें नगर पंचायत गन्नौर के लिपिक अशोक कुमार, कलेक्ट्रेट कनिष्ठ सहायक मोहम्मद मोनीष, अनुराग कौशिक कैशियर, गौरव श्री वास्तव सहायक प्रबंधक हिमासपुर, हाशिम असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय संभल, सचिन आर्य वरिष्ठ सहायक आलम सराय संभल, अमित कुमार, अंकित अग्रवाल लिपिक पीएनबी पुरानी पेठ मुख्य शाखा चंदौसी, मीनू कुमारी सहायक अध्यापक जवाहरलाल मेमोरियल इंटर कॉलेज सिरसी, इरशाद हुसैन लेखाकार नगर पालिका परिषद संभल, अजय कुमार चौरसिया सहायक अभियंता, अशोक कुमार ग्राम विकास अधिकारी गुन्नौर, अमित कुमार सहायक अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय, देवेंद्र कुमार मिश्रा डेंटल हाइजीनिस्ट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आसिफ अली सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगर पालिका परिषद संभल, अनुज वीर चकबंदी लेखपाल कार्यालय संभल, राकेश कुमार चकबंदी लेखपाल कार्यालय संभल, हर्ष आर्य सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय बायभूड़, ओम राज सिंह कनिष्ठ सहायक गन्ना विकास परिषद संभल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी गई है।

एडी हेल्थ ने जिला अस्पताल में देखीं व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : एडी हेल्थ मुरादाबाद ने संभल जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य रूप से हीट वेव को लेकर तैयार किए गए कोल्ड रूम का हाल जाना। कोल्ड रूम में व्यवस्थाओं को देखा और जरूरी निर्देश दिए। एडी हेल्थ ने नगर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर आशाओं की सक्रियता को भी जांचा।

एडी हेल्थ मुरादाबाद डॉ.रितु कात्याल मंगलवार को दोपहर सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा के साथ जिला अस्पताल पहुंचीं। यहां सीएमएस डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल से हीट वेव को लेकर तैयार किए गए कोल्ड रूम के बारे में जानकारी ली। एडी हेल्थ ने कोल्ड रूम का निरीक्षण करते हुए बेड, पानी, ओआरएस, एसी, कूलर, पंखा, आइस पैक और दवाओं को देखा। हीट वेव से प्रभावित मरीज के इलाज को लेकर निर्देश दिए। कहा कि हीट वेव को लेकर सभी तैयारियां चाक चौबंद होनी चाहिए। इसमें किसी तरह की लापरवाही सामने नहीं आनी चाहिए। एडी हेल्थ ने ओपीडी से होकर इमरजेंसी, सीटी स्कैन का निरीक्षण करते हुए अस्पताल परिसर को भी देखा। इस दौरान एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी आदि रहे।

संभल जिला चिकित्सालय में एडी हेल्थ को जानकारी देते सीएमएस। ● अमृत विचार

आशाओं की सक्रियता को भी देखा

संभल, अमृत विचार : एडी हेल्थ ने स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चल रहे दस्तक अभियान को लेकर आशाओं की सक्रियता जांची। मुहल्ला कोट पूर्वी में जाकर लोगों से जानकारी ली कि क्या आशाओं ने संपर्क किया है। एडी हेल्थ ने जिम्मेदारों को आशाओं की ट्रेनिंग कराने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएचसी चिकित्सा अधीक्षक डॉ.मनीष अरोड़ा आदि रहे।

जलापूर्ति की समस्या को लेकर सभासदों ने सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : नगर पालिका के सभासदों ने अधिशासी अधिकारी व पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देकर सभी वार्डों में जल आपूर्ति को सुचारू कराने की मांग की है।

सभासदों ने बताया कि नगर के 25 वार्डों में जल आपूर्ति का समय निर्धारण सुबह सात बजे से नौ बजे तक व शाम को छह बजे से रात आठ बजे तक है। मगर गर्मी का मौसम आरंभ होने के बाद भी नगर पालिका के जल विभाग द्वारा जल आपूर्ति में एक से डेढ़ घंटे की कटौती की जा रही है। सभासदों ने बताया कि जनता की मूलभूत समस्या के निराकरण के लिए वह दस माह से शिकायत करते चले आ रहे हैं। मगर समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। शहर में जगह-जगह पानी की पाइप लाइन फटी होने से पानी की लीकेज हो रही है। जगह-जगह सड़कों पर कर्मचारियों द्वारा गड्ढे कर दिए गए हैं। शहर में खोदे गए गड्ढों को दुरुस्त कराया जाए। भीषण गर्मी को देखते हुए दोपहर एक बजे से दो बजे तक जनता के लिए जलापूर्ति की जाए। इसके अलावा सुबह व शाम को होने वाली आपूर्ति में कटौती नहीं की जाए। ज्ञापन देने वालों में सभासद सुलेखा, सचिन रस्तोगी, शहवाज खा अन्ना, नवकान्त देव शर्मा, अमन कोरी, अनुराग अग्रवाल आदि रहे।

चन्दौसी के जवाहर रोड पर जलनिगम के गड्ढे में होती लीकेज। ● अमृत विचार

ट्रक से दबने की दहशत में युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के दंपती की बाइक मुरादाबाद में स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। युवक ने बच्चों को उठाने का प्रयास किया लेकिन तभी सामने से ट्रक आ गया। ट्रक के नीचे दबने की दहशत में युवक की हालत बिगड़ गई, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी मजदूर मोहम्मद दानिश (28 वर्ष) पुत्र जाबिर हुसैन सोमवार दोपहर बाद पत्नी रजिया खातून, बेटी शबेनूर (2 वर्ष) और छह महीने के बेटे अबू बकर को साथ लेकर पत्नी की मौसी के यहां नूरपुर जिला बिजनौर गया था। वहां से देर रात बाइक से साढ़ू मोहम्मद दीन निवासी मुहल्ला बरबलान मुरादाबाद के यहां जाने लगा। देर रात करीब 11 बजे जब मुरादाबाद में पीली कोठी के पहुंचा तो सड़क पर बने ब्रेकर पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिससे बाइक पर बैठे दंपती और बच्चे इधर उधर जा गिरे। मोहम्मद दानिश ने उठकर सड़क पर पड़े बच्चों को उठाया। इसी दौरान सामने से ट्रक आ गया। मोहम्मद दानिश को ट्रक के नीचे दब जाने की दहशत में जमीन पर गिर पड़ा। दूसरी बाइक पर सवार साढ़ू मोहम्मद दीन उसे आनन-फानन में सिविल लाइन अस्पताल ले गया। डाक्टर ने मोहम्मद दानिश की हालत गंभीर बताई। वहां से मोहम्मद दानिश को दूसरे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर देर रात परिजन मुरादाबाद अस्पताल पहुंचे और शव को घर ले आए।

संभल के ओबरी में युवक की मौत के बाद बिलखती परिवार की महिलाएं।

- असमोली क्षेत्र के दंपती के साथ मुरादाबाद में हुआ हादसा

उड़नदस्ता टीम ने जब्त किए 79 हजार रुपये

गुन्नौर, अमृत विचार : मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर जुनावई के पास चेकिंग में स्टेटिक टीम और पुलिस टीम ने मारूति वैन में 79700 रुपये की नकदी बरामद की। साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर रकम को कोषागार में जमा करा दिया।

मंगलवार को उड़नदस्ता टीम प्रभारी राम लखन यादव जुनावई के निकट वाहन चेकिंग कर रहे थे। टीम ने चेकिंग के लिए मारूति वैन यूपी 38 डब्ल्यू-1836 को रोकने का इशारा किया तो चालक वैन को भगा ले गया। इस पर टीम ने पीछा करके वैन को रोक लिया और तलाशी ली तो सवार शाहरुख पुत्र शहजाद मुहल्ला पीर बहादुर अतरौली और कमल सिंह पुत्र जानकी प्रसाद निवासी मुहल्ला शिवाजी नगर अतरौली जनपद अलीगढ़ से 79700 रुपये की नकदी बरामद हुई। साक्ष्य नहीं दिखाने पर आचार संहिता का उल्लंघन को लेकर नकदी जब्त करते हुए कोषागार संभल में जमा करा दी गई।

उड़नदस्ता टीम ने किसान से छीने 24 हजार रुपये

संवाददाता, बहजोई

अमृत विचार : शिमला मिर्च बेचकर वापस लौट रहे बदायूं के किसान व उसके साथी से उड़नदस्ता टीम ने 2 लाख 54 हजार की नगदी चेकिंग के नाम पर कब्जे में ले ली। आरोप है कि 24 हजार की नगदी अपने पास रखकर बाकी नगदी किसान को वापस दे दी। किसान ने पूरी रकम वापस मांगी तो उसके साथ अभद्रता की गई। किसान ने कार्रवाई के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र दिया है।

जनपद बदायूं के थाना उघेती के गांव राज बरौलिया निवासी किसान नीरज पुत्र भोले हरी मिर्च शिमला मिर्च बेचकर चंडीगढ़ से पिकअप बड़ी से दोपहर 12 के लगभग अपने घर वापस लौट रहा था। कि जैसे ही वह संभल बहजोई मार्ग स्थित गांव बेहटा जयसिंह के निकट पहुंचा तो रास्ते में उड़नदस्ता टीम ने उसकी पिकअप गाड़ी रोक ली। तलाशी लेने पर किसान के पास से 2 लाख 54 हजार बरामद हुए। आरोप है कि इस नकदी की रसीद उड़नदस्ता टीम को किसान ने दिखाई। लेकिन उड़ानदस्ता टीम के अफसर ने उसकी रसीद फाड़ कर फेंक दी। इसके बाद 24 हजार की नगदी रिश्वत के रूप में रखकर बाकी रकम किसान को वापस कर दी। किसान ने अपने रुपए वापस मांगे तो टीम के सदस्यों ने उसके साथ अभद्रता की।

शिकायत लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचा किसान।

लापरवाही दिन ढलते ही गांव की सड़कों पर छा जाता है अंधेरा, होती दिक्कत

गांवों में लगाई गईं सूर्या लाइटें शोपीस बनीं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अमृत विचार : जहां एक ओर सरकार गांवों को रोशन करने के लिए सूर्या लाइटें लगा रही है। वहीं सरकारी तंत्र योजनाओं को पलीता लगा रहा है। ब्लॉक बनियाखेड़ा के गांव भुलाबई समेत अधिकांश गांव में लगाई गई सूर्या लाइटें शोपीस बनी हुई हैं। दिन ढलते ही गांव की सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। जिससे रात के अंधेरे में ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ब्लॉक बनियाखेड़ा गांव भुलाबई में ग्राम प्रधान के पिछले कार्यकाल में 2019 की पंचवर्षीय योजना के तहत करीब 25 से 30 सूर्या लाइट लगाई गई थीं। कुछ समय तक लाइटें सही काम करती रहीं। इसके बाद अधिकांश लाइटें बंद हो गईं। इतना ही नहीं कई लाइटों से बैटरी व प्लेटें तक गायब हो गईं। आलम ये है कि गांव में इक्का दुक्का लाइट ही काम कर रही हैं। ये हालत अधिकांश ग्रामों की है। इसी बीच प्रधान के चुनाव हो गए। प्रधान का कार्यकाल बदलने के बाद इन लाइटों की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। तब से लाइटें शोपीस बनी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत दर शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने सूर्या लाइटें दुरुस्त कराने की मांग की है। जिससे रात के समय आवागमन में परेशानी न हो।

बनियाठेर के गांव भुलाबई में शोपीस बनी सूर्या लाइट। ● अमृत विचार

> पिछले प्रधान के कार्यकाल में गांव में सूर्या लाइटें लगाई गई थीं। अधिकांश लाइटें खराब स्थिति में हैं। सभी की बैटरी खराब हैं। जिन्हें बदलवाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। जल्दी ही लाइटें दुरुस्त करा दी जाएंगी। **-दिलशाद खां, प्रधान पति, गांव भुलाबई।**

> सूर्या लाइटें खराब होने का मामला मेरे संज्ञान नहीं आया है। न ही इस संदर्भ में कोई शिकायत मिली है। यदि लाइटों का ग्रामीण अंचलों में ये हाल है तो इसकी जांच करा कर लाइटों को दुरुस्त कराया जाएगा। **-कमल कांत, बीडीओ, ब्लॉक बनियाखेड़ा।**

पेड़ पर लटका मिला शिक्षक का शव

हापुड़, अमृत विचार : पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के गांव मसौता के जंगल में हरियाणा के जिला मेवात के नूंह के गांव सूद ताबडो के रहने वाले शिक्षक का शव जामुन के पेड़ पर लटका मिला है। पुलिस की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि दो दिनों से शिक्षक मानसिक अवसाद में था। वह एक ट्राले में बैठकर यहां तक पहुंचा था और देर रात्रि उसकी वार्ता अपनी मां से भी हुई थी। गांव लाखन निवासी अनिल का मसौता के जंगल में खेत है, जिसमें गेहूं की फसल है। मंगलवार को जब वह खेत पर पहुंचे तो जामुन के पेड़ पर फंदे से शव लटका दिखा। पुलिस ने शव पेड़ से उतारा और उसके पास मिले दस्तावेजों से पहचान की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि गांव सूद निवासी शिक्षक धर्मपाल के पुत्र सुरेंद्र भी निजी पाठशाला में डेढ़ वर्ष पूर्व शिक्षक के पद पर तैनात हुए थे।

बिना इजाजत टांग काटने का लगाया आरोप

संवाददाता, संभल

अमृत विचारः सदर कोतवाली क्षेत्र में निजी अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाकर मरीज के परिजनों ने हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह हालात संभाले। परिजनों का आरोप है कि डाक्टर ने बिना इजाजत लिये हादसे में घायल युवक की टांग काट दी। बाद में हालत बिगड़ी तो रेफर स्लिप देने से इंकार कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर देव निवासी मोहम्मद नाजिम के भाई हिसाम की 14 जनवरी को सड़क हादसे में दोनों टांगों में फ्रैक्चर हो गया था। हिसाम को डा. बदरुल हसन के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने ठीक करने की जिम्मेदारी लेकर हिसाम की टांगों में रॉड डाली थी। मवाद पड़ा तो डॉक्टर ने बिना परिजनों से बिना पूछे हिसाम की एक टांग काट दी। हालत बिगड़ने के बाद अस्पताल से बाहर कर दिया लेकिन रेफर स्लिप नहीं दी। गुस्साए परिजनों ने मंगलवार को अस्पताल पर पहुंचकर हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस के दखल के बाद डॉक्टर ने रेफर स्लिप बनाकर परिजनों को दी। तब जाकर मामला शांत हुआ। हालांकि डाक्टर बदरुल का कहना है कि परिजनों की सहमति से ही टांग काटी गई थी। हिसाम को अस्पताल लेकर पहुंचे परिजनों से स्टाफ ने डॉक्टर के घर में मौजूद होने के बावजूद रामपुर जाने की बात बताई। जिससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पुलिस पहुंची तो डॉक्टर आ गए। डॉक्टर ने बताया कि सोमवार को परिजनों को डिस्चार्ज लिखकर दे दिया था। सोमवार को ही रेफर स्लिप की मांग करते तो वह भी परिजनों को दे दी जाती।

संभल के निजी अस्पताल में हंगामा करते परिजन व तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

- परिजनों ने निजी अस्पताल में किया हंगामा, नहीं दी रेफर स्लिप

चैस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे हापुड़ के खिलाड़ी

हापुड़, अमृत विचार : चैस एसोसिएशन के अध्यक्ष व जेएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशनस के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल ने बताया कि मंगलवार को अंडर-17 के चैस चैंपियंस का ट्रायल हुआ। यूपी स्टेट चैस चैंपियनशिप अंडर -17, 2024-25 इंटरनेशनल रेटिंग की ओर से 22 से 24 अप्रैल तक एक होटल कौशाम्बी में आयोजित होगी। यह प्रतियोगिता राज्य स्तर पर आयोजित की जाएगी। इसमें कई जनपदों के अंडर-17 चैस के खिलाडी प्रतिभाग करेंगे। हापुड़ के चयनित खिलाड़ी भी इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे।

आवश्यक सूचना

मैं श्रीमती ममता पत्नी हरिओम, वार्ड नं. 16 मडैयान नादर बाग, थाना सिविल लाइंस जिला रामपुर अपने पुत्र अरूण व उसकी पत्नी पूजा को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं, अगर अरूण व उसकी पत्नी पूजा भविष्य में कोई भी अनैतिक कार्य आदि करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। इन दोनों से मेरा व मेरे परिवार का आज के बाद से कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा।

एक नजर

नजीबाबाद में आज सभा करेंगे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव

नजीबाबाद, अमृत विचार : गांव हर्षवाड़ा स्थित आजाद चौक पर बुधवार को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी और राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जनसभा को संबोधित करेंगे। इसमें ये नेता नगीना लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी मनोज कुमार के लिए वोट की अपील करेंगे। सपा के जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि जनसभा के लिए पूर्ण तैयारी कर ली गई है।

सुरक्षाबलों के ठहरने के लिए की गई व्यवस्था

किरतपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूर्ण कर ली है। क्षेत्र में अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को मुचलका पाबंद कर चेतावनी दी गई है। थाना प्रभारी उदय प्रताप ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। क्षेत्र के 4399 व्यक्तियों को मुचलका पाबंद किया गया है। बताया कि शुक्रवार को केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से नगर में तीन स्थानों को चिह्नित किया गया है। होमगार्ड बटालियन, असम एसएपी व सीआईएसएफ बटालियन के ठहरने की व्यवस्था की गई है। मतगणना के दौरान किसी भी तरह के अराजकतत्वों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

पुलिस ने किया पैदल मार्च

शेरकोट, अमृत विचार : गांव हाफिजाबाद, बिहारीपुर, मिर्जापुर, हादकपुर, उमरपुर आशा, पालकी एमन व तीपरजोत में उपनिरीक्षक गौरव कुमार व पुलिस ने पैदल मार्च किया। इसमें उपनिरीक्षक गौरव कुमार, कांस्टेबल शक्तिराम, इंस्पेक्टर रघुनाथ सिंह, नरेंद्र सिंह, मूल सिंह भाटी आदि शामिल रहे।

साहिल बने युवा उपाध्यक्ष

किरतपुर, अमृत विचार : प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय और जिला अध्यक्ष अभिनव अग्रवाल के आदेश पर साहिल अग्रवाल को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश का जिला युवा उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनसे आशा व्यक्त की गई कि वह संगठन की एकता व अखंडता का ध्यान रखेंगे। साहिल ने कहा कि मैं संगठन के हित में कार्य करूँगा और जहाँ भी मेरी जरूत पड़ेगी मै तन मन धन से मौजूद रहूंगा।

तिगरिया के राशन डीलर ने दिया त्यागपत्र

हसनपुर, अमृत विचार : गांव तिगरिया खादर व फिरोजपुर गढ़ावली निवासी राशन डीलर नंदकिशोर ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर अपनी राशन की दुकान से त्याग पत्र दे दिया है। उन्होंने बताया कि वृद्धावस्था होने की वजह से इलेक्ट्रानिक मशीन का संचालन नहीं हो पा रहा है। कोई अन्य व्यक्ति मशीन के संचालन में सहयोग करने वाला नहीं है। इसलिए राशन की दुकान का त्यागपत्र स्वीकार किया जाए। वहीं एसडीएम ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

बनखंडी देवी मंदिर में रामलीला का मंचन

रहरा, अमृत विचार : नवरात्र को लेकर गांव चचौरा बनखंडी देवी मंदिर में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का आयोजन बाबा सुंदरलाल महाराज करा रहे है। जिसमें सुभाष शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, प्रवेश, अजय कुमार, महेश ठाकुर, कुलदीप आदि रामलीला में मंचन कर रहे हैं। मंगलवार को बाली और सुग्रीव का युद्ध हुआ। बाली मारा गया और सुग्रीव का राजतिलक किया गया।

बिजनौर में फोरलेन मार्ग और मेडिकल कॉलेज बनवा समस्या का किया समाधान

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गिनाईं केंद्र व राज्य सरकारों की उपलब्धियां

संवाददाता, नहटौर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न भेंट करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : कोतवाली देहात मार्ग स्थित मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनसभा को संबोधित किया। इसमें उन्होंने कहा कि 80 करोड़ लोगों को अन्न योजना का लाभ भाजपा सरकार में मिला है। 50 करोड़ लोगों को जनधन, 12 करोड़ किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 10 करोड़ लोग उज्ज्वला गैस योजना और चार करोड़ लोग प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित हुए हैं। भाजपा के संकल्प पत्र में आगे भी 3 करोड़ आवास बनाने की और पांच वर्ष तक निशुल्क राशन, आयुष्मान कार्ड का लाभ और किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जाएगा। बिजनौर में फोरलेन मार्ग और महात्मा विदुर के नाम एक मेडिकल कॉलेज देकर क्षेत्र की समस्या को दूर किया है। किसानों के नलकूप के लिए निशुल्क बिजली का लाभ दिया है।

उन्होंने कहा कि आपका एक वोट तकदीर और तस्वीर बदलने की ताकत रखता है। इसलिए 19 अप्रैल को बढ़ चढ़कर मतदान करें। इस मौके पर एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के प्रतिपालक बाबा फुलसन्दे वाले, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया, क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी हरिओम शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, रालोद जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, विधायक अशोक राणा, एमएलसी गोपाल अंजान, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी सुबोध पारासर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, भाजपा महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शोभा रानी, किरतपुर ब्लॉक प्रमुख अंकित चौधरी, नहटौर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान, अल्हैपुर ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, पूर्व सांसद शीशराम रवि, जिला महामंत्री मुकेन्द्र त्यागी आदि मौजूद रहे।

नाला तोड़ने में कई आरोपियों पर रिपोर्ट

कुंदरकी, अमृत विचार : गांव सीलपुर स्थित शिव मंदिर के पास एक बस्ती से जलनिकाली के लिए बनाया गया नाला तोड़ने के मामले में पुलिस ने आठ नामजद और 6-7 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। यह कार्रवाई ग्राम सचिव की शिकायत पर हुई है। सचिव ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और राजस्व क्षति पहुंचाने का आरोप लगाया है। ग्राम सचिव विवेक कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल को खंड विकास अधिकारी ने नाला निर्माण के लिए भूमि चिह्नित की थी। अब नाला निर्माण कर दिया गया था। ग्राम प्रधान ने उन्हें बताया कि शाम को हासम, कासम, साबिर उर्फ बाबू, भूरा, हाकम, आजम शाकिर और नदीम ने नाले को तोड़कर ध्वस्त कर दिया।

भैंस के 25 किलो मांस के साथ आरोपी गिरफ्तार

भोजपुर, अमृत विचार : पुलिस ने नगर के मोहल्ला जमा मस्जिद निवासी नाजिम के मकान में भैंस का 25 किलो मांस पकड़ लिया। पुलिस आरोपी नाजिम को गिरफ्तार कर थाने ले आई। मौके से मांस काटने के उपकरण भी बरामद मिले हैं।

सार संक्षेप

ठेकेदार को नोटिस देकर पार्क बंद कराया

नगीना, अमृत विचार : नगर पालिका प्रशासन ने ठेकेदार को नोटिस देकर पार्क को बंद करा दिया है। ठेकेदार द्वारा मानकों के विपरीत कार्य करने व लापरवाही बरने पर ईद के दिन पार्क में अधिक लोड के कारण बच्चों से भरी नाव पलट गई थी। इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने पार्क में नाव चलाने पर रोक लगा दी थी। पार्क का ठेका निरस्त कर दिया गया था। मंगलवार को अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना, पालिका के जेई व मुख्य लिपिक मदनपाल सिंह ने स्टाफ के साथ पार्क का निरीक्षण किया। यहां अवैध रूप से पार्किंग संचालित मिला। ईओ ने पार्क को कार्य पूर्ण होने तक बंद कर दिया। पार्क में नोटिस बोर्ड चस्पा कर दिया। पालिका के मुख्य लिपिक ने बताया कि पार्क के ठेकेदार पर दो लाख 60 हजार का बकाया होने व अनुबंध की शर्तें पूरी नहीं करने, कार्य में लापरवाही बरतने पर ठेका निरस्त कर दिया है। पार्क बंद होने के बाद लोग लौट गए।

बंद मकान के ताले तोड़कर सामान चुराया

नजीबाबाद, अमृत विचार : गांव असदुल्लापुर उर्फ हुसैनपुर में सोमवार रात बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने सामान चोरी कर लिया। मकान मालिक की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी ली। असदुल्लापुर उर्फ हुसैनपुर निवासी इर्तजा हुसैन के बंद मकान में चोरों ने ताला तोड़कर उत्पात मचाया। बर्तन व कपड़े न अन्य सामान ले गए। इर्तजा का परिवार जयपुर में रहकर कारोबार करता है। मकान में चोरी की सूचना के बाद परिजन गांव आए। बताया गया कि कई वर्ष पहले भी इसी घर में चोरी हो चुकी है। 13 अक्टूबर 2010 की रात्रि बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाकर लूट की थी। जेवर और नकदी लेकर फरार हो गये थे। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

कन्याओं को प्रसाद खिलाते भक्त। ● अमृत विचार

कन्याओं को जिमाकर उपहार भेंट किए

नगीना, अमृत विचार : क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी पर मंगलवार को भक्तों ने माता महागौरी की पूजा की। कन्या को जिमाकर व्रत समाप्त किया। महागौरी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कन्याओं को भोजन कराकर व उनके चरण स्पर्श किए। उन्हें चुनरी व उपहार भेंट किए। सुबह से ही कन्याओं को जिमाने के लिए श्रद्धालु उन्हें ढूंढते नजर आए। रामलीला ग्राउंड स्थित देवी दुर्गा के प्रसिद्ध मंदिर में देवी के श्रंगार का सामान व प्रसाद चढ़ाकर व हलवा पूरी का भोग लगाकरपरिवार की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। यहां मेला भी लगा। इसमें भीड़ उमड़ी। मंदिर गेट के बाहर तक दुकानें लगी होने के कारण श्रद्धालु मंदिर तक न पहुंच सके। कुछ लोग देवी के दर्शन नहीं कर पाए। मंदिर में प्रसाद चढ़ाने के लिए सड़क तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

दुर्गा अष्टमी पर मेले में उमड़ी भीड़

किरतपुर, अमृत विचार : नगर स्थित प्राचीन मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर लोगों की भीड़ उमड़ी। महिलाओं ने माता रानी की पूजा अर्चना की। मंगलवार को दुर्गा अष्टमी पर नगर के श्री महाकाली सिद्धि पीठ प्राचीन मंदिर में माता रानी की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही ग्रामीण क्षेत्रों व नगर से महिलाओं बच्चों और लोगों का आना लगा रहा। जहां भक्तों ने माता रानी की पूजा अर्चना की और श्रृंगार का सामान चरणों में अर्पित किया। मंदिर परिसर में मेले भी लगा।

19 की सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा मतदान

बिजनौर, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने बताया कि 19 अप्रैल को जिले में सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान के लिए समय निर्धारित किया गया है। इस अवधि में मतदाता वोट डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि कोई भी मतदाता मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लेकर मतदेय कक्ष में प्रवेश नहीं करेगा। मतदान करने के लिए मतदाता अपने निजी वाहन का प्रयोग कर सकते हैं। उन्हें अपने वाहन को निर्धारित परिधि के बाहर खड़ा करना होगा। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों की सहायता के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर की सुविधा मिलेगी।

बच्चों ने मतदाताओं को किया जागरूक

स्योहारा, अमृत विचार : यूथ वेलफेयर सोसायटी ने दारूल हुदा जूनियर हाई स्कूल व मदरसा हजरत बिलाल के बच्चों व स्टाफ के सहयोग से नुक्कड़ सभाएं कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। सोसाइटी के अध्यक्ष तनवीर चौधरी ने कहा कि वोट आपका अधिकार है। दारूल हुदा स्कूल के प्रबंधक डॉ. महमूद ने मतदाताओं को वोट का महत्व समझया। मदरसा हजरत बिलाल के प्रधानाचार्य ने वोट डालने की अपील की। फुव्वारा चौक पर नुक्कड़ सभा से मतदान के प्रेरित किया। साथ ही फुव्वारा चौक से रैली पालिका रोड ठाकुरद्वारा रोड, थाने चौराहे बिरामपुर ईदगाह रोड मदरसा हजरत बिलाल पर समाप्त हुई। इस मौके पर वासित अली, डॉ. सलीम, जुबैर जैदी, मोहम्मद जीशान, अमीन अहमद, तनवीर, डॉ. महमूद, निकहत, अरशद आदि रहे।

भगवान श्री राम के जीवन के प्रसंग बताए

डिलारी, अमृत विचार : गांव अलियाबाद में मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की ओर से रामोत्सव मनाया गया। इसमें विभाग मंत्री नवदीप अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव राष्ट्रहित का चुनाव होगा। जिला धर्म प्रसार प्रमुख मोनू बिश्नोई ने भगवान राम के जीवन के प्रसंग बताए। इस दौरान जिलाध्यक्ष सचिन, जिला संयोजक शंकर राजपूत, जिला धर्म प्रचार प्रमुख मोनू विश्नोई, जिला प्रचार प्रमुख कमल अवतार राणा, जिला गौ रक्षा प्रमुख रवि, जिला सह संयोजक अजय भारती, प्रखंड अध्यक्ष डिलारी पवन कुमार, अशोक कुमार आदि कार्यकर्ता रहे।

अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

हसनपुर, अमृत विचार : मौसम के बदले मिजाज को लेकर नगर के सरकारी अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। चिकित्सकों ने बताया कि खांसी, जुखाम, नजला एवं बुखार के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। हर बार जहां इस महीने में दिन में गर्मी का अहसास होने लगता था, वहीं इस बार मौसम बार-बार बदल रहा है। इससे मरीजों की संख्या बढ़ रही है। सरकारी अस्पताल में अधिकतर सर्दी, जुकाम और खांसी के अलावा सीने में दर्द वाले मरीज पहुंच रहे हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि मौसम के बदलने से लोग बीमार हो रहे हैं। सीएचसी में लगभग 300 से 350 लोगों की जांच कर दवा दी जा रही है।

पत्नी की मौत के बाद शव और बच्चों को छोड़कर पति फरार

संवाददाता, धामपुर

▸▸ मोहल्ला नई सराय की घटना, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

अमृत विचार : नगर के मोहल्ला नई सराय स्थित किराये के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। इसके बाद पति पत्नी का शव व बच्चों को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नई सराय में किराये के मकान में जनपद बहराइच निवासी जुल्फिकार परिवार के साथ रह रहा है। मंगलवार को उसकी पत्नी नूरजहां (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद जुल्फकार पत्नी के शव और बच्चों को छोड़कर मौके से फरार हो गया। मकान स्वामी के पुत्र ने पुलिस को घटना की सूचना दी। बताया कि जुल्फिकार दिव्यांग है। वह लगभग एक साल से अपने परिवार के साथ उनके यहां किराये पर रह रहा है। कोतवाल किशन अवतार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला की मौत के कारण का पता चल सकेगा।

हादसे में दो लोग घायल

नगीना, अमृत विचार : मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी अली हसन बढ़ापुर मार्ग स्थित एक बैंक्वेट हाल में दावत खाकर घर लौट रहे थे। इस दौरान मोहल्ला कलालान निवासी फैज अपनी बाइक से अपने घर आ रहा था। बढ़ापुर मार्ग पर एफसीआई के पुराने गोदाम के पास पहुंचने पर कार व बाइक की टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार व वृद्ध दोनों घायल हो गए। घायल वृद्ध को पुलिस कर्मियों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घायल बाइक सवार को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

भाजपा सरकार में गरीबों, दलितों मुस्लिमों का नहीं हो सका विकास

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

बसपा सुप्रीमो मायावती को उपहार देतीं प्रत्याशी बिजेंद्र सिंह की पुत्री रश्मि।

▸▸ नुमाइश ग्राउंड में बसपा सुप्रीमो मायावती ने की जनसभा

अमृत विचार : नुमाइश ग्राउंड में मंगलवार को बसपा प्रमुख मायावती ने जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में चार बार बसपा की सरकार रही। उसमें किसानों का ध्यान रखा गया, फसलों का उचित दाम दिया। गन्ने का मूल्य बढ़ाया गया। भाजपा सरकार में जातिवादी व पूंजीवादी सोच के चलते गरीबों, दलितों, पिछड़ों और मुस्लिमों का विकास नहीं हो सका।

उन्होंने कहा कि नौकरी में दलित और आदिवासियों का आरक्षण का कोटा पूरा नहीं भरा जा सका है। आरक्षण को पदोन्नति में भी प्रभावहीन बना दिया है। पदोन्नति में आरक्षण को प्रभावशाली बनाने के लिए राज्यसभा में बिल लाया गया था, जिसे सपा के सांसदों ने पास नहीं होने दिया। निजी सेक्टर में दलितों का शोषण अभी भी बंद नहीं हुआ है। पश्चिमी यूपी से जाटों के बच्चे बड़ी तादात में हमारी सरकार में पुलिस में भर्ती हुए। कहा कि केंद्र में बसपा की सरकार बनने पर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति के साथ सरकार चलाएगी। अपने देश के महान संतों, डॉ. भीमराव आंबेडकर, चौधरी चरण सिंह के अधूरे सपनों को पूरा करने का काम हमारी पार्टी करेगी। इस दौरान नगीना लोकसभा सीट से प्रत्याशी सुरेंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

घर में लगी आग, तीन लोग झुलसे

संवाददाता, अफजलगढ़

▸▸ माधोवाला में खाना बनाते समय आग से कई सिलेंडर भी फटे

अमृत विचार : रेहड़ थाना क्षेत्र के गांव माधोवाला में ग्रामीण के घर छप्पर पर बिजली के तार से निकली चिंगारी गिरने से आग लग गई। इससे तीन लोग झुलस गए। साथ की घर का सामान नष्ट हो गया।

गांव माधोवाला में दलपत सिंह पाल के पुत्र मोनू की बुधवार को बरात जानी है। मंगलवार को घर पर ही छप्पर के नीचे खाना बन रहा था। तभई ऊपर से जा रही बिजली की लाइन से चिंगारी निलककर छप्पर पर गिर गई जिससे छप्पर में आग गई साथ ही गैस सिलेंडर ने भी आग पकड़ ली। पास में रखे दो सिलेंडर भी आग की चपेट में आ गए। तीनों सिलेंडर फट गए। इससे टुकड़े आस पड़ोस में जाकर गिरे। आग बुझाने के प्रयास में मोनू भी झुलस गया, जबकि पड़ोस में छत पर खड़े मनोज व उसकी पत्नी यशोदा भी सिलेंडर का टुकड़ा गिरने से झुलस गए। सभी घायलों को उपचार के लिया निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है।

उधर, परिजनो ने आग में बाइक, कुट्टी मशीन, इंजन, बर्तन, कपड़े, खिड़की दरवाजे, आनाज नष्ट हो गया। घटना की सूचना के बाद तहसीलदार पवन शर्मा, नायब तहसीलदार लक्ष्मण सिंह भंडारी, थाना प्रभारी धीरज सोलंकी, लेखपाल पप्पू कुमार शाह ने मौके का निरीक्षण किया।

ग्रामीणों ने जेई बिजली घर मानियावाला के रवैये को लेकर ऐतराज किया। उनका कहना था की लटके तारों को लेकर कई बार शिकायत की गई थी। घटना के बाद भी सूचना मिलने पर जेई ने मौके पर जाना जरूरी नहीं समझा।

पशुशाला में आग से चार पशुओं की मौत

बढ़ापुर, अमृत विचार : गांव भोगपुर में मंगलवार को आग लगने से पशुशाला में बंधी एक भैंस और तीन भैंसों की जलकर मौत हो गई। पीड़ित पशुपालक ने मुआवजा की मांग की है। बताया कि गुरजीत सिंह का गांव में पुश्तैनी मकान है। इसमें ही पशुशाला है। मंगलवार शाम पशु शाला में आग लग गई। लोगों ने आग बुझाने का प्रत्यास किया। लेकिन आग से झुलसकर एक भैंस व तीन भैंसों की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुची राजस्व विभाग की टीम राजस्व निरीक्षक बलबीर सिंह, लेखपाल बेनीराम सिंह व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मृत पशुओं को गड्ढे खोदकर दबवा दिया। पशु स्वामी को उचित मुआवजा दिलाने के लिए रिपोर्ट तैयार कर विभागीय उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। जल्द ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

बसपा प्रत्याशी का प्रचार कर रही 50 ई-रिक्शा पकड़ीं, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

कार्यालय पर हंगामा करते चालक।

अमृत विचार : बसपा प्रत्याशी बिजेंद्र सिंह का बिना अनुमति चुनाव प्रचार कर रही 50 ई-रिक्शाओं को पकड़कर पुलिस थाने ले गई। ई-रिक्शा छुड़वाने को लेकर चालकों ने बसपा कार्यालय पर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

बिजनौर में मंगलवार को बसपा सुप्रीमो मायावती की जनसभा का प्रचार करने के लिए प्रत्याशी बिजेंद्र सिंह ने बिना अनुमति ई-रिक्शाओं को लगाया था। नगर में ई-रिक्शाओं से बसपा प्रत्याशी का प्रचार होता देख पुलिस ने ई-रिक्शा चालकों से अनुमति पत्र मांगे तो कोई भी चालक नहीं दिखा पाया। इसके बाद पुलिस ने ई-रिक्शाओं को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के आरोप में पकड़ लिया। शाम तक पुलिस ने ई-रिक्शाएं नहीं छोड़ीं तो चालकों में रोष व्याप्त हो गया। चालक अपने परिजनों के साथ बसपा कार्यालय पर पहुंच गए और ई रिक्शा छुड़वाने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। ई-रिक्शा चालकों का कहना था कि उनकी ई-रिक्शा 200-200 रुपये में बुक करके पूर्ण जिम्मेदारी ली गई थी। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि आचार संहिता का उल्लंघन करने में मामला दर्ज किया गया है।

युवक ने अधिवक्ता पर ईंट से किया हमला

अमरोहा, अमृत विचार : न्यायालय परिसर में अपशब्द बोलने के विरोध पर युवक ने अधिवक्ता पर ईंट से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के जोया रोड स्थित न्यायालय परिसर का है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर सुमाली निवासी मालवेंद्र सिंह अधिवक्ता हैं। सोमवार को वह चैंबर से न्यायालय से जा रहे थे। आरोप है कि कचहरी में दो युवक वकीलों को अपशब्द बोलते हुए गुजर रहे थे। मालवेंद्र सिंह ने दोनों को गाली देने से मना किया तो हिमांशु नाम के युवक ने ईंट उठाकर उन पर हमला कर दिया। इससे मालवेंद्र सिंह घायल हो गए। मौके पर अधिवक्ताओं की भीड़ भी जुट गई। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजनीति भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने बताईं उपलब्धियां

केंद्र की योजनाएं जन कल्याण के लिए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

मीडियाकर्मियों से बात करते भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल।

▸▸ कहा, भाजपा ने राम मंदिर निर्माण कराया और अनुच्छेद 370 भी हटाया

अमृत विचार : भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा ने मंगलवार को मनोज वर्मा के प्रतिष्ठान पर मीडिया कर्मियों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश तथा केंद्र सरकार की योजना सभी के कल्याण के लिए चलाई गई हैं।

मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों गिनाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। भाजपा ने राम मंदिर निर्माण को कहा तो करके दिखाया। अनुच्छेद 370 को समाप्त करने की घोषणा की थी, उसको समाप्त करके दिखाया। मुद्रा योजना के अंतर्गत 44 करोड़ लोगों को लोन दिया गया। व्यापारियों को पेंशन योजना दी। व्यापारी कल्याण बोर्ड देश तथा प्रदेश में बनाया गया। एक जिला एक उत्पाद भाजपा सरकार ने दी। व्यापारियों को 10 लाख तक का दुर्घटना बीमा योजना दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता, जिला अध्यक्ष उदय उदयगिरि गोस्वामी, हरीश वीर सिंह, रमेश कलाल, आलोक गोयल, मिकी नकवी, राजेश आर्य, आकाश रस्तोगी, गौरव वर्मा आदि मौजूद रहे।

पहले पुलिस भैंस पकड़ती थी, अब गुंडों को पकड़ती है : अपर्णा

शाहबाद, अमृत विचार : मंगलवार को रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री अपर्णा यादव ने बगैर नाम लिए पूर्व मंत्री आजम खां पर निशाना साधा। कहा कि सपा सरकार में पुलिस भैंस ढूंढती थी। अब बाबा की सरकार में गुंडों को पकड़ कर जेल भेज रही है। बाबा की सरकार में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। डबल इंजन की सरकार में सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिला है।

मंगलवार को भाजपा नेत्री भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने आई थीं। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। कहा कि उनकी सरकार में हर वर्ग के साथ गरीबों में खुशहाली आई है। सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए शौचालय, आवास योजना, आयुष्मान कार्ड आदि योजना चलाईं।

गुजरात में क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगा सकती है भाजपा

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों से भाजपा क्लीन स्वीप कर रही है। अबकी बार 400 पार का नारा लेकर चल रही भाजपा राज्य में लगातार तीसरी बार सभी 26 लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक लगाने की राह तैयारी में जुटी है। गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान एक ही चरण में सात मई को होगा। कांग्रेस ने भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी से गठबंधन किया है। राज्य में कांग्रेस 24 और आप दो सीटों भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है।

गुजरात में पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 26 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में कोई भी सीट नहीं आई थी। भाजपा जहां फिर से सभी सीटें हथियाने के लिए जोरदार प्रचार अभियान चला रही है, वहीं राज्य में अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस इस बार आम आदमी पार्टी के साथ मिलकर भाजपा की क्लीन स्वीप जीत की हैट्रिक रोकने के लिए दमखम लगा रही है। 2022 में गुजरात विधानसभा के चुनावों में भाजपा ने सबसे बड़ी जीत हासिसल की थी और 2017 के विधान सभा चुनाव में सत्ता के करीब पहुंची कांग्रेस को केवल 17 सीटों पर समेट दिया था। इसके बाद से 2024 के चुनावों में क्या कांग्रेस वापसी कर पाएगी ? इसे लेकर लगातार अटकलें लग रही हैं।

कांग्रेस को 40 फीसदी से अधिक वोट मिलने पर ही कुछ सीटें मिल सकती हैं

- हालांकि यह भी तथ्य है कि राज्य में जब भी कांग्रेस का वोट शेयर 40 फीसदी से ऊपर गया है, उसके हाथ कुछ सीटें जरूर लगी हैं। 2009, 2004 और 1999 के चुनावी आंकड़े इस बात की गवाही देते हैं। 2009 में कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं और उसे 43 .38 फीसदी वोट हासिल हुए थे जबकि भाजपा को कांग्रेस से करीब तीन फीसदी ज्यादा वोट मिले थे और पार्टी को 15 सीटें मिली थीं। 2004 में भी कमोबेश यही स्थिति थी, भाजपा को तब 45 .02 फीसदी वोट के साथ 14 सीटें मिली थीं और कांग्रेस के हाथ में 43 .86 फीसदी वोट के साथ 12 सीटें आई थीं।

पिछले चुनाव में कांग्रेस पर थी 30 फीसदी वोटों की बढ़त

गुजरात राज्य में भाजपा का जन समर्थन लगातार बढ़ रहा है, और कांग्रेस का जनाधार घट रहा है। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में 59 .05 फीसदी वोट प्राप्त किए थे, वहीं 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 62 .21 फीसदी पर पहुंच गया। इसके मुकाबले कांग्रेस क्रमश: 32 .86 और 32 .11 फीसदी ही वोट प्राप्त कर सकी थी। 2014 में भाजपा जहां कांग्रेस से वोट शेयर में करीब 27 फीसदी आगे थी, वहीं 2019 में उसकी बढ़त 30 फीसदी से ज्यादा थी।

32.86 प्रतिशत कांग्रेस को 2014 के चुनाव में मिले थे मत

32.11 प्रतिशत कांग्रेस को 2019 के चुनाव में मिले थे मत

59.05 भाजपा का 2014 लोकसभा चुनाव में था मत प्रतिशत

62.21 प्रतिशत भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव में मिले मत

1.17 फीसदी 2014 लोस चुनाव में आप के थे मत

13.0 आप को 2022 के विस . चुनाव में मिले थे मत

आप पर विस चुनाव जैसे प्रदर्शन, कांग्रेस पर वोट शेयर बढ़ाने का दबाव

- कांग्रेस और आप नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनावों के आंकड़े अब इतिहास हैं। उनका तर्क है कि मतदाताओं की भावनाओं में बदलाव और एक नए गठबंधन के गठन के साथ दोनों दल लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ अपने एकीकृत मोर्चे के लिए अधिक संख्या में समर्थक जुटाने में सक्षम होंगे। अब यह तो समय ही बताएगा कि दोनों के गठबंधन को एक साथ कितना वोट शेयर मिलता है। लेकिन इतना तय है कि भाजपा को क्लीन स्वीप से रोकने के लिए लोकसभा चुनाव में जहां आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन करना होगा, वहीं कांग्रेस को भी सीटें हासिल करने के लिए अपना वोट प्रतिशत 40 के आसपास पहुंचाने के लिए जोर लगाना पड़ेगा, जो मौजूदा परिस्थितियों में आसान नहीं नजर आ रहा है। इसकी वजह यह है कि गुजरात में कांग्रेस अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन मोढ़वाडिया, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अंबरीश डेर ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टी का साथ छोड़ दिया था, तो उससे पहले चार विधायक भी कांग्रेस से नाता तोड़ चुके थे। हाल ही में पार्टी प्रवक्ता रोहन गुप्ता ने भी कांग्रेस को अलविदा कह दिया है। इसके अलावा जिला और पंचायत स्तर पर भी सैकड़ों पदाधिकारी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

2014 और 2019 में भाजपा ने राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर हासिल की थी जीत

कांग्रेस ने किया है आम आदमी पार्टी से गठबंधन लेकिन वोट शेयर में दोनों दल काफी पीछे

विस चुनाव में कांग्रेस व आप को 40% तो भाजपा को 52% मत

- भाजपा अपने मजबूत गढ़ गुजरात में जमीनी स्तर पर लगातार अपनी पैठ मजबूत करने पर काम कर रही है। इसके लिए वह चुनाव का इंतजार नहीं करती। भाजपा संगठन हमेशा सक्रिय रहता है। वहीं कांग्रेस का जनाधार लगातार खिसकता जा रहा है। इसी के चलते वह चुनावी चुनौती में भाजपा का मुकाबला नहीं कर पा रही है। जमीनी हालत से वाकिफ कांग्रेस ने इस बार रणनीति बदली है। आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन कर उसे दो सीटें दी हैं। हालांकि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब आप अकेले मैदान में उतरी थी तो उसे 1 .17 फीसदी वोट ही मिले ही थे, लेकिन 2022 के विधानसभा चुनाव में आप को करीब 13 फीसदी वोट मिले थे। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 52 .50 प्रतिशत वोट मिले थे। इसके मुकाबले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आप की साझा मतदाता हिस्सेदारी 40 .2 प्रतिशत थी।

मन में राम...तन में राम

जात-पात का इम्तिहान ले रहा चुनावी अध्यात्म

फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट

7.20 लाख ओबीसी मतदाता | **4.70** लाख दलित मतदाता

होंगे भाजपा को दिव्य और भव्य जीत दिलाने में निर्णायक

■ लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा, सपा विधायक अवधेश प्रसाद व बसपा के सच्चिदानंद पांडेय बन रहे रोड़ा

विवेक सक्सेना, अयोध्या

ऐसा माना जा रहा था कि भव्य, दिव्य और नव्य अयोध्या यानी फैजाबाद लोकसभा सीट से भाजपा इस बार अपने किसी दिग्गज को चुनाव के मैदान में उतार कर राम मंदिर के संदेश को रामराज्य का ऐसा जयघोष बनाएगी जिससे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की वह भावना बलवती होगी, जिसमें धार्मिक तथा जातीय आधार की कोई जगह नहीं होगी। लेकिन पार्टी ने इस तरह का कोई भी जोखिम उठाने के बजाए अपने मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर ही भरोसा जताना ठीक समझा। हालांकि भाजपा की संभावित रणनीति से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी ने काफी पहले अपने बड़े दलित नेता अवधेश प्रसाद को फैजाबाद सीट से प्रत्याशी घोषित कर प्रचार भी शुरू करा दिया था। जिले की सोहावल और मिल्कीपुर विधानसभा से नौ बार चुनाव जीतने वाले अवधेश प्रसाद सपा से उसकी स्थापना के समय से जुड़े हैं। फैजाबाद और आसपास के क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। वह मुलायम सिंह यादव के करीबी गिने जाते थे। भाजपा और सपा प्रत्याशियों के मुकाबले बसपा सुप्रीमो मायवती ने ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए अंबेडकरनगर के भाजपा जिलाध्यक्ष रहे सच्चिदानंद पांडेय 'सचिन' को मैदान में उतारकर चुनावी लड़ाई रोचक बनाने का प्रयास किया है।

अमृत विचार : अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट ने राम मंदिर बनने से पहले सियासत और आस्था के तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। सरकारें बनती-बिगड़ती रहीं लेकिन अयोध्या नहीं बदली। हालांकि अब भव्य राम मंदिर के निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या जगमग हो उठी है। चारों ओर माहौल राममय है। हर रोज एक लाख दर्शनार्थियों का आगमन, नया रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट, चौड़ी और चमचमाती सड़कें। सरयू के सजे-संवरे घाट, होटलों की श्रृंखला, टाउनशिप का काम, पर्यटकों की सुविधा के हर इंतजाम, अयोध्या के विकास की नई कहानी सुना रहे हैं। लेकिन चुनाव हैं तो हर बात कसौटी पर कसी जाएगी। जाति-बिरादरी की भी बात आएगी। यही वजह है कि चौराहों और चौपालों पर होने वाली चुनावी चर्चा में राम मंदिर और विकास के साथ जाति, वर्ग और क्षेत्र सब कुछ मथा जा रहा है।

फैजाबाद सीट पर 1957 के चुनाव में स्वतंत्रता सेनानी कांग्रेस के राजाराम मिश्र जीते थे। इसके बाद चार चुनावों में कांग्रेस का ही कब्जा रहा। 1967 और 1971 में स्वतंत्रता सेनानी राम कृष्ण सिंहा कांग्रेस से दो बार चुनाव जीते। इमरजेंसी के बाद पहली बार यहां हवा का रुख बदला। जनता पार्टी के अनंतराम जायसवाल सांसद चुने गए। लेकिन 1980 में फिर कांग्रेस ने वापसी की। जय राम वर्मा सांसद चुने गए। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के चुनाव में कांग्रेस से निर्मल खत्री जीते। इसके बाद फिर समीकरण बदले और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव सांसद चुने गए।

विधान सभा चुनाव में चार सीटों पर खिला कमल एक पर दौड़ी थी साइकिल

- फैजाबाद लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें दरियाबाद, रुदौली, मिल्कीपुर, बीकापुर और अयोध्या शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने चार सीटें जीती थीं। दरियाबाद से सतीश शर्मा, रुदौली से रामचंद्र यादव, बीकापुर से अमित सिंह चौहान और अयोध्या से वेद प्रकाश गुप्ता ने कमल खिलाया था, जबकि मिल्कीपुर सुरक्षित सीट से सपा के अवधेश प्रसाद विजयी हुए थे।



2014 का जनादेश



भाजपा	लल्लू सिंह	4,91,761	48 प्रतिशत
सपा	मित्रसेन यादव	2,08,986	21 प्रतिशत
बसपा	जितेंद्र कुमार	1,41,827	14 प्रतिशत
कांग्रेस	निर्मल खत्री	1,29,917	13 प्रतिशत

2019 का जनादेश



भाजपा	लल्लू सिंह	5,29,021
सपा	आनंद सेन	4,63,544
कांग्रेस	निर्मल खत्री	53,383

राम मय माहौल में भी जाति-बिरादरी का गुणा-गणित

- भाजपा की मानबिंदु फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर राम मंदिर की स्थापना के बाद बने माहौल में पार्टी और प्रत्याशी लल्लू सिंह को जीत की हैट्रिक का पूरा भरोसा है। इससे पहले यहां से 1991 और 1996 में लगातार दो बार भाजपा से विनय कटियार जीते थे। अब लल्लू सिंह भी पिछले दो चुनाव जीत चुके हैं। उधर, सपा को उम्मीद है कि दलित प्रत्याशी अवधेश प्रसाद पिछड़े और मुस्लिम वोट बैंक में दलितों को जोड़कर भाजपा का खेल खराब कर देंगे। जबकि बसपा ने भाजपा से आए सच्चिदानंद पांडे को इस प्रत्याशा में उतारा है कि वह ब्राह्मण-दलित वोट बैंक को एकजुट करके पार्टी की जीत का रास्ता बनाने का प्रयास करेंगे।

राम मंदिर आंदोलन में खुला भाजपा का खाता

- 1991 में राम मंदिर लहर में भाजपा ने यहां पहली जीत दर्ज की। फायर ब्रांड नेता विनय कटियार सांसद बने। 1996 के चुनाव में भी उन्होंने जीत दर्ज की। लेकिन 1998 में चुनाव सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने जीता। लेकिन 1999 में हुए चुनाव में फिर से विनय कटियार ने जीत हासिल की। मित्रसेन यादव 2004 में बसपा के टिकट पर चुनाव जीतकर सांसद बने, तो 2009 में कांग्रेस से निर्मल खत्री दोबारा जीते। इसके बाद 2014 की मोदी लहर में जीते भाजपा के लल्लू सिंह 2019 में भी यहां से सांसद बने।

सपा के पीडीए और बसपा के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

- मंदिर और विकास के साथ यहां जीत के लिए जातीय समीकरण भी अहम हैं। हिंदू मतदाताओं में सबसे ज्यादा 7 .20 लाख ओबीसी हैं। इनमें सबसे बड़ी संख्या यादवों की है। इसके बाद कुर्मी, पाल आदि अन्य जातियां हैं। दलित मतदाताओं की संख्या 4 .70 लाख है, तो सामान्य वर्ग के मतदाता 5 .65 लाख गिने जाते हैं। ओबीसी वोटरों की संख्या सर्वाधिक और उनके बाद दलित मतदाता होने से माना जा रहा है कि यहांसपा के पीडीए और बसपा के ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने के रणनीतिक कौशल की परीक्षा होगी।

विरासत की जमीन पर हैट्रिक में शह-मात की सियासत

गजेन्द्र चौहान, कासगंज

राजवीर सिंह।

देवेश शाक्य।

मो. इरफान।

- तीसरी बार एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनने के लिए ताल ठोंक रहे राजवीर सिंह
- भाजपा प्रत्याशी को चुनौती देने के लिए सपा और बसपा ने बिछाई बिसात

अमृत विचार : विपक्ष कहता है विरासत से तय नहीं होते सियासत के फैसले तो पक्ष कह रहा है कि सियासी जमीन तो हमने भी तैयार की है। कोई अपनी तैयार सियासी जमीन पर चुनाव जीतने का दावा कर रहा है तो पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की कर्मभूमि पर उनके पुत्र राजवीर विरासत की तैयार पिच पर सियासत की हैट्रिक मारने को आतुर दिख रहे हैं। यह हैट्रिक चुनौती पूर्ण होगी या आसान यह तो चुनाव परिणाम ही बताएगा, फिलहाल गली, गलियारों में विरासत की सियासत की चर्चा तेज है।

प्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर में हिंदू हृदय सम्राट की पहचान रखने वाले पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्व. कल्याण सिंह के नाम से आज भी मतदाता प्रभावित हैं। कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह एटा लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं। पिछले एक दशक से वे अपने पिता की कर्मभूमि में सांसद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। एटा लोकसभा सीट पर मतदाताओं ने सांसद तो कई बदले, पुराने सांसदों को भी बार-बार मौका दिया, लेकिन एक दशक पहले ऐसा मौका आया जब यहां की सियासत विरासत में तब्दील हो गई। पूर्व सीएम कल्याण सिंह के पुत्र 2014 के बाद 2019 में भी चुनाव जीत गए और इस बार हैट्रिक लगाने को तैयार हैं। इस सीट के मतदाताओं ने 17 चुनाव में कुल 8 सांसद चुने हैं। इनमें सबसे पहले सांसद बने रोहनलाल चतुर्वेदी को चार बार, महादीपक सिंह शाक्य को पांच बार मौका दिया। महादीपक सिंह शाक्य एक बार कासगंज लोकसभा सीट पर भी चुनाव जीते। लेकिन 2009 तक हुए चुनाव में एक भी सांसद ऐसा नहीं हुआ, जिसे यह पद विरासत के तौर पर मिला हो। सभी ने अपनी सियासी जमीन बनाने में कड़ी मेहनत की। 1989 में कांग्रेस से सलीम इकबाल शेरवानी चुनाव लड़े थे, जो भाजपा के महादीपक सिंह शाक्य से हार गए। 2009 में यहां निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने चुनाव लड़ा। जिन्हें सपा ने समर्थन दिया था। वह आसानी से चुनाव जीत गए।

उनके कार्यकाल के बाद यहां की विरासत संभालने का मौका उनके पुत्र राजवीर सिंह को मिला। भाजपा ने उन्हें टिकट दिया और वह सपा प्रत्याशी से बड़े अंतर से जीते। यह विरासत 2019 में भी कायम रही दोबारा उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह को हराया। 2024 में भी भाजपा ने राजवीर पर ही भरोसा जताया है और वह एटा सीट पर महादीपक सिंह शाक्य के बाद दूसरी हैट्रिक लगाने के लिए बेताब हैं। सपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए मैनपुरी के देवेश शाक्य पर दांव लगाया है। उधर, बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मो. इरफान मैदान में उतारकर मुस्लिम कार्ड खेला है तो सपा पहले ही मुस्लिम को अपना वोट बैंक मानती है। इस बार शाक्य प्रत्याशी उतारकर उसने नया गणित तैयार किया है। सभी के अपने आंकड़े हैं। ऐसे में गुणा, गणित का दौर तेज हो गया है।

नृत्य कर लुभाया...

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत दिलाने की कोशिश में लगातार प्रचार कर रहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम के जोरहाट में रैली की। इस दौरान उन्होंने एक कार्यक्रम में महिला मतदाताओं के साथ नृत्य कर उन्हें पार्टी से जोड़ने की भरपूर कोशिश की। प्रियंका के साथ कार्यकर्ता भी उत्साहित नजर आए।

अपनी ढपली अपना राग

पांच साल में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनेंगे, तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। – योगी आदित्यनाथ

जिन उद्योगपतियों ने भाजपा को चंदा दिया, उन्होंने अपने उत्पादों के दाम बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई है। जनता इसको जान चुकी है। – अखिलेश यादव

मुफ्त राशन की गारंटी आगामी 5 वर्षों तक जारी रहेगी तथा आने वाले 5 वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित होंगे। – भूपेंद्र चौधरी

आप कब तक कांग्रेस पर आरोप लगाते रहेंगे। पिछले 10 वर्षों से तो वे (भाजपा) सत्ता में हैं, उसने आखिर क्या किया। –प्रियंका गांधी

समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेना गुंडागर्दी का प्रमाणपत्र है, सपा की साइकिल पंचर कीजिए और कमल खिलाईए। – केशव प्रसाद मौर्य

हम उनको (केशव मौर्य) ऐसा कर देंगे कि साइकिल का पंचर जोड़ते दिखेंगे। चर्चा में बने रहने के लिए ऐसी बयानबाजी कर रहे। – प्रो. रामगोपाल यादव

चुनावी चक्कर

सर्वोच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में प्रिया

मछलीशहर लोकसभा की सुरक्षित सीट से सपा ने सुप्रीम कोर्ट की युवा महिला अधिवक्ता प्रिया सरोज को मैदान में उतारा है। प्रिया पूर्व सांसद व वर्तमान में केराकत से विधायक तूफानी सरोज की बेटी हैं। कानून की पढ़ाई करने के बाद प्रिया ने प्रैक्टिस की शुरुआत सीधे सुप्रीमकोर्ट से की। अब लोकसभा का चुनाव लड़ने जा रही हैं। यानि वह सवौच्च अदालत से सीधे जनता की अदालत में किस्मत आजमाने आ गईं हैं। प्रिया सरोज ने पिछले साल नवंबर में ही 25 की उम्र पूरी की। वह भाजपा के मौजूदा सांसद बीपी सरोज को चुनौती देंगी। लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर प्रिया कहती हैं कि क्षेत्र के लोगों को जानती हूं, वे मुझे भी मानते हैं। बहरहाल, मछलीशहर सीट का चुनाव सपा लगातार दो बार हार चुकी है।

बालक को देखकर गदगद हुए योगी

पिछले दिनों रुड़की में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना एक जबरदस्त फैन नजर आया। यह फैन एक बालक था जो उनकी ही वेशभूषा में नजर आ रहा था। योगी ने उसे मंच पर बुलाया तो उसने भी योगी का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। दोनों की इस मुलाकात का वीडियो लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। वीडियो में चुनावी सभा के मंच पर योगी के साथ उनका लिटिल फैन भी बिलकुल उनके अंदाज में नजर आ रहा है। योगी अपने फैन को देखकर मुस्कुराते रहे। वहीं, जब योगी मंच से अपने समर्थकों को देखकर हाथ हिला रहे थे तो हूबहू उनका यह बालक प्रशंसक भी अभिवादन करते दिखा।

चुनावी जंग में छोटे दलों के नेताओं की कड़ी चुनौती

स्वामी प्रसाद, पल्लवी, चन्द्रशेखर व ओवैसी की प्रतिष्ठा लगी है दांव पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के जंग में छोटे दलों के नेताओं को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य, अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल, आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर व एआईएमवाईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है।

सपा से नाराज होकर राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी गठित करने वाले पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कुशीनगर लोकसभा सीट से खुद को प्रत्याशी घोषित किया है। मौर्य ने इंडी गठबंधन को समर्थन देते हुए पार्टी के प्रत्याशियों के लिए सीटें मांगी थीं, पर इंडी गठबंधन ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दिया। इस पर मौर्य ने खुद को कुशीनगर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। पार्टी की ओर से और भी प्रत्याशी घोषित किये जा रहे हैं। नगीना सुरक्षित सीट पर प्रत्याशी आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर को उन्होंने समर्थन की घोषणा की है। मौर्य के समक्ष अपनी सीट जीतने के साथ ही, पार्टी के अन्य प्रत्याशियों को जिताने की चुनौती है।

चुनाव में सपा के 'पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक' (पीडीए) से मुकाबला करने के लिए 'पिछड़ा, दलित, मुस्लिम' (पीडीएम) न्याय मोर्चा का गठन किया गया है। गठबंधन में शामिल एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी अपनी पार्टी के सिंबल पर प्रत्याशियों को चुनाव न लड़ाकर अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की घोषणा कर चुके हैं। करीब एक दर्जन प्रत्याशियों को अपना दल कमेरावादी के सिंबल पर चुनाव लड़ाने की तैयारी है। मोर्चा ने फिलहाल तीसरे, पांचवें व सातवें चरण में शामिल सात सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। पीडीएम ने रायबरेली से हाफिज मोहम्मद मोबीन, बरेली से सुभाष पटेल, हाथरस से डॉ. जयवीर सिंह धनगर, फिरोजाबाद से प्रेमदत्त बघेल, फतेहपुर से रामकिशन पाल, भदोही से प्रेमचंद बिन्द व चंदौली से जवाहर बिन्द को उम्मीदवार बनाया है।

जल्द घोषित होंगे पीडीएम के प्रत्याशी

पीडीएम के तहत जल्द ही और प्रत्याशियों के घोषित होने की संभावना है। इंडी गठबंधन से अलग इन दलों व नेताओं के चुनाव मैदान में उतरने से लड़ाई रोचक बन गई है, क्योंकि सपा के पीडीए के जवाब में पीडीएम फैक्टर से प्रत्याशियों को चुनौती मिल रही है।

डिंपल यादव के खिलाफ मायावती ने बदला प्रत्याशी घोषित किये 11 प्रत्याशी

अमृत विचार,लखनऊ: बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को 11 नए प्रत्याशियों की पांचवी सूची जारी कर दी है। इस प्रकार पार्टी द्वारा घोषित प्रत्याशियों की संख्या 56 हो गई है। साथ ही उन्होंने मैनपुरी सीट पर प्रत्याशी भी बदलकर सपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सपा की डिंपल यादव के खिलाफ गुलशन देव शाक्य को उतारा है।

सोशल इंजीनियरिंग के फामूले को अपनाते हुए मायावती ने बदायूं से मुस्लिम खां, बरेली से छोटेलाल गंगवार , सुल्तानपुर से उदराज वर्मा, फर्रूखाबाद से क्रांति पाण्डेय, बांदा से मयंक द्विवेदी, डुमरियागंज से ख्वाजा समसुद्दीन, बलिया से लल्लन सिंह यादव, जौनपुर से धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी , गाजीपुर से उमेश कुमार सिंह और वाराणसी से अतहर जमाल लारी को प्रत्याशी बनाया है। वहीं अभी तक कई जगह पर मायावती ने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं,जिससे वहां संशय की स्थिति बनी हुई है।

सपा का जमीनी हकीकत से नहीं रहा कोई सरोकार

लखनऊ: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि सपा कार्यकाल में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर थी। सपा कार्यकाल में युवा पलायन को मजबूर हो गए थे, लिहाजा प्रदेश के युवा पहले ही सपा को नकार चुके हैं। सपा कार्यकाल में प्रदेश में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत तक थी।

बसपा नहीं खोल रही है पत्ते

भाजपा व सपा खेमे में बढ़ी बेचैनी जनता को भी है इंतजार

विरेश शुक्ला, हरदोई

जय प्रकाश रावत — उषा वर्मा

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए कल से जिले में नामांकन शुरू हो जाएंगे। भाजपा व इंडिया गठबंधन ने अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है, लेकिन अभी तक बसपा ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं, जिसे लेकर जहां भाजपा व सपा खेमे में बेचैनी बढ़ रही है, वहीं जनता भी बसपा प्रत्याशी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। भाजपा व इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ रहे दोनों प्रत्याशियों को जनता कई बार सांसद बना चुकी है, लेकिन वह जनता की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। यही वजह है कि अब तक जिले में चुनाव को लेकर पूरी तरह खामोशी छायी हुई है।

जिले में चौथे चरण में चुनाव होना है। 18 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। भाजपा ने सबसे पहले अपना प्रत्याशी घोषित किया। भाजपा से जयप्रकाश रावत चुनाव मैदान में हैं। वह वर्तमान सांसद होने के साथ-साथ पहले भी कई बार सांसद रह चुके हैं। प्रत्याशी घोषित होने से पहले ही भाजपा ने चुनाव की तैयारी पूरी करते हुए जगह-जगह बैठकें कर चुनावी माहौल बना लिया है।

वहीं सबसे पहले प्रत्याशी घोषित करने में भी भाजपा ने हाथ मार लिया। भाजपाई मोदी की दम पर चुनाव में दम भर रहे हैं, लेकिन पूर्व में कई बार सांसद रहने के बावजूद जयप्रकाश की जनता से दूरी अभी मतदाताओं को शांत कराए है। जिले में जनता के बीच न तो कोई चुनाव की चर्चा हो रही है और न हार-जीत के बारे में अभी कोई अटकल लगाई जा रही है। इसकी वजह यह है कि इंडिया गठबंधन ने ऊषा वर्मा को अपना प्रत्याशी बनाया है। वह भी कई बार लोकसभा सांसद यहां से रह चुकी हैं। जयप्रकाश व ऊषा वर्मा की कार्यप्रणाली लगभग एक सी रही। दोनों सिर्फ चुनाव में नजर आते हैं। ऐसा जनता का कहना है। बहुजन समाज पार्टी ने अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, जबकि कल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। बसपा के प्रत्याशी की घोषणा न होने से भाजपा व इंडिया गठबंधन के लोग भी चितिंत है। बसपा किसको प्रत्याशी बनाएगी इसको लेकर दोनों दल काफी मंथन कर रहे हैं। जनता भी बसपा प्रत्याशी का इंतजार इसलिए कर रही है कि शायद चुनाव में बसपा उन्हें कोई नया चेहरा दे सके, क्योंकि अब तक घोषित दोनों प्रत्याशियों को वह अब वर्षों से देख रही है, उनकी कार्यप्रणाली से भी जनता बखूबी वाकिब हो चुकी है।

1991 से रहे सांसद

1991 में हुए लोकसभा चुनाव में जयप्रकाश रावत भाजपा से लोकसभा का चुनाव जीते थे। वह 1996 तक सांसद रहे। 1998 में ऊषा वर्मा सपा से सांसद चुनी गईं। 1999 में पुन: जयप्रकाश लोकतांत्रिक कांग्रेस से सांसद बने। 2004 से 2009 तक ऊषा वर्मा फिर समाजवादी पार्टी से सांसद बनीं। 2019 में हुए चुनाव में जयप्रकाश फिर भाजपा से चुनाव जीते। वर्तमान में वह हरदोई लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा के प्रत्याशी हैं।

कांग्रेस ने लगाई थी जीत की हैट्रिक

वर्ष 1957 में हरदोई आरक्षित सीट से जनसंघ के शिवदीन और आरक्षित सीट से कांग्रेस के छेदालाल गुप्ता ने जीत दर्ज कराई। उस दौरान हरदोई संसदीय क्षेत्र से दो सीटें हुआ करती थीं। इसके बाद वर्ष 1962, 1967 व 1971 में कांग्रेस के ही किंदरलाल ने जीत की हैट्रिक लगाई। 1977 में जनता पार्टी से परमाई लाल, 1980 में कांग्रेस के मन्नीलाल एवं 1984 में कांग्रेस के किंदरलाल ने पुन: जीत दर्ज की।

भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका

वर्ष 2014 में भाजपा से अंशुल वर्मा को 3,60,501 वोट मिले और जीते। जबकि बसपा से शिव प्रसाद वर्मा, सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से सर्वेश कुमार हारे। इसी तरह 2019 में भाजपा से जय प्रकाश को 5,68,143 वोट मिले और जीते। जबकि सपा से ऊषा वर्मा, कांग्रेस से वीरेंद्र कुमार को हार का सामना करना पड़ा। 2024 का लोकसभा चुनाव भाजपा के लिए हैट्रिक का मौका है।

9वीं बार संसदीय चुनाव लड़ेंगे जय प्रकाश

भाजपा प्रत्याशी घोषित किए गए सांसद जय प्रकाश का 9वां चुनाव होगा। आठ बार वह सीधे जनता से और एक बार राज्यसभा के लिए चुनाव लड़ चुके हैं। इनमें से वह पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। तीन बार हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 1991 और 1996 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से चुनाव लड़कर जीते थे। 1998 में हार गए थे। 1999 में लोकतांत्रिक कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीते थे।वर्ष 2004 में मोहनलालगंज से सपा के टिकट पर लड़कर जीते थे। वर्ष 2009 में बसपा के टिकट पर मोहनलालगंज से लड़कर हार गए थे, लेकिन इसी साल राज्यसभा पहुंचने में कामयाब रह थे। वर्ष 2014 में वह मिश्रिख से सपा के टिकट पर लड़कर हारे थे। वर्ष 2019 में भाजपा के टिकट पर हरदोई से सांसद चुने गए।

आईना : हरदोई लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा

उम्मीदवार	वोट
जय प्रकाश रावत	5,68,143
उषा वर्मा	4,35,669
वीरेन्द्र कुमार	19,972



2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	अंशुल वर्मा	3,60,501
बसपा	शिव प्रसाद	2,79,158
सपा	उषा वर्मा	2,76,543
कांग्रेस	सर्वेश कुमार	23,298

2019 नोटा	2014 नोटा
11,024	7,660

2009 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
सपा	ऊषा वर्मा	2,94,030
बसपा	राम कुमार कुरील	2,01,095
बीजेपी	पूर्णिमा वर्मा	54,115

निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952	बुलाकाई राम वर्मा	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1957	द्रोहर शिवदीन	जनसंघ
1957	छेदा लाल गुप्ता	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962,67व 71	किंदर लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	परमाई लाल	जनता पार्टी
1980	मन्नी लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1984	दयालु लाल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989	परमाई लाल	जनता पार्टी
1990	चौधरी चंद राम	जनता दल
1991 व 96	जय प्रकाश रावत	भारतीय जनता पार्टी
1998	उषा वर्मा	समाजवादी पार्टी
1999	जय प्रकाश रावत	लोकतांत्रिक कांग्रेस
2004 व 09	उषा वर्मा	समाजवादी पार्टी
2014	अंशुल वर्मा	भारतीय जनता पार्टी
2019	जय प्रकाश रावत	भारतीय जनता पार्टी



कुल मतदाता- 30,12,336
पुरुष मतदाता- 15,78,041
महिला मतदाता- 14,34,227

वर्चस्व बरकरार रखने की चुनौती का सामना कर रहे जयंत

- रालोद प्रमुख और पत्नी चारु चौधरी जुटे एनडीए को जिताने में

पद्माकर पाण्डेय ,लखनऊ

अमृत विचार: पहले चरण में पश्चिम उप्र. की तीन लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। सियासी चौसर बिछ चुकी हैं। भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए व इंडी गठबंधन में सिमट चुके लोकसभा चुनाव में प्रतिष्ठा बड़े राजनैतिक दलों के साथ ही समर्थक दलों की भी दांव पर लगी है। पिता चौधरी अजित सिंह के निधन के बाद राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के मुखिया जयंत चौधरी के लिए पश्चिम उप्र. की राजनीति में धुरी बने रहने की बड़ी चुनौती है। इसके लिए उन्होंने पश्चिम उप्र. की हर सीट पर पत्नी चारू संग जाकर सभाएं कर रहें हैं।

पश्चिमी उप्र. की राजनीति जाट, मुस्लिम और किसानों के आस-पास ही घुमती है। इन तीनों वर्ग के मतदाता चौधरी चरण सिंह को अपना मसीहा मानते थे। इस क्षेत्र में लोकसभा की 27 सीटें हैं, यही वजह है कि चुनाव के ऐन वक्त पूर्व, केन्द्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न सम्मान देकर, पश्चिम उप्र. के मतदाताओं के दिलों में न केवल पहुंचने का मार्ग प्रशस्त किया बल्कि जयंत चौधरी के भाजपा गठबंधन में आने का बड़ा मौका दे दिया।

हुआ भी वही, इंडिया गठबंधन का हिस्सा बन चुके जयंत चौधरी ने पीएम मोदी को बड़े दिल वाला बताते हुए, एनडीए गठबंधन का हिस्सा बन गये, इतना ही नहीं इसके लिए उन्होंने सीटों से समझौता भी किया, इंडिया गठबंधन में मिली छह सीटें को बलिदान कर यहां मात्र दो सीटों पर ही संतोष किया है।

ऐसा था परिणाम

राजनीतिक खिलाड़ियों की माने तो समझौता सीट का नहीं है, बल्कि पश्चिम उप्र. में वर्चस्व बरकरार रखने की है। इसके अलावा रालोद को भी मजबूती से खड़ा करना है। इसके लिए उन्हें एनडीए से मिली दोनो सीटें बिजनौर और बागपत सीट पर अपने प्रत्याशियों को जिताने के अलावा पश्चिम उप्र. में एनडीए के सभी प्रत्याशियों को जीत दिलाने की है।इसके लिए जयंत चौधरी कोई कसर नहीं छोड़ रहें हैं, भाजपा के प्रस्तावित चुनावी प्रचार में मंच साझा करने वाले रालोद प्रमुख खुद के साथ पत्नी चारू चौधरी को भी प्रचार की जिम्मेदारी दिये हैं, पहली बार चौधरी परिवार की किसी महिला द्वारा, क्षेत्र में महिला मतदाताओं के बीच पहुंच कर, राजनैतिक पैठ बनाने की कोशिशे की जारी हैं।

राजनीति से दूर हुए राजघराने, दरबारों में सन्नाटा

कभी सांसद, विधायक बनने की रखते थे चाहत, अब टिकट से वंचित

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: सांसद या विधायक बनकर अपनी शान-ओ-शौकत और रूतबे को बदलते वक्त के साथ बनाये रखने की चाहत रखने वाले राजघरानों के लोग अब कहां है? दरअसल, प्रदेश से वास्ता रखने वाले राजघरानों के न तो राजा और न ही युवराज राजनीति में अब सक्रिय दिख रहे। उनके दरबारों में भी इस बार सन्नाटा पसरा है। या तो पार्टियों ने उन्हें टिकट देना बंद कर दिया या फिर उनकी स्वयं राजनीति में दिलचस्पी खत्म हो गई? एक जमाने में राजा-महराजों का राजनीति में पूरा दखल रहता था। लेकिन 2024 के चुनाव में उनका दखल खत्म होते दिख रहा है। राज्य के बड़े-बड़े राजा इस बार चुनाव से बाहर हैं। हालांकि एक वक्त था जबकि राजघरानों के पुरुष ही नहीं महिलाओं के लिए भी राजनीति का मंच बड़ा मुफीद था।

राजकुमारी रत्ना सिंह

प्रतापगढ़ में कालाकांकर रियासत की वंशज राजकुमारी रत्ना सिंह 11वीं, 13वीं और 15वीं लोकसभा का चुनाव लड़ लोकसभा पहुंची थी। नेशनल इलेक्शन वाच नामक एनजीओ ने एक समय उन्हें सबसे धनी सांसद माना था। 2014 में वह कुंवर हरिवंश सिंह से चुनाव हार गई थी। इसके बाद कुछेक बार वह राजनीति में सक्रिय दिखी। भाजपा द्वारा प्रतापगढ़ सीट से टिकट फाइनल करने के बाद वह भी राजनीति में निष्क्रिय हो गईं।

राजा अरिदमन सिंह

आगरा के भदावर राजघराने के राजा अरिदमन सिंह बाह विधानसभा से छह बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। 2009 में लोकसभा का चुनाव भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ा, लेकिन हार गए। 2012 से 2017 के बीच वह सपा के भी सदस्य रहे हैं। बाद में वह अपनी पत्नी रानी पक्षालिका सिंह के साथ भाजपा में शामिल हो गए। फिलहाल इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला है।

कुंवर आरपीएन सिंह

कुंवर रतनजीत प्रताप नारायण सिंह (आरपीएन सिंह) कुशीनगर के सैंथवार शाही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। वह गृह मंत्रालय में पूर्व राज्यमंत्री रहे हैं। 15वीं लोकसभा में कुशीनगर निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए थे। 2014 में उनको भाजपा के राजेश पांडेय से चुनावी मात मिली। 2019 में भी वह हार गए। 2020 में आरपीएन सिंह को एआईसीसी ने झारखंड और छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया था। 2022 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया।

कुंवर अक्षय प्रताप सिंह

जामोन स्टेट के उत्तराधिकारी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह 2004 में सपा से जीते थे। 2009 में राजकुमार रत्ना सिंह से हार गए। पांचवी बार प्रतापगढ़ से एमएलसी बने। अक्षय प्रताप सिंह कई आपराधिक मामलों में जांच का सामना कर रहे हैं। एक जांच सीबीआई कर रही है। फिलहाल लोकसभा-2024 के चुनाव में वह निष्क्रिय दिख रहे हैं।

राजा अजेय प्रताप सिंह

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं मांडा स्टेट के राजा वीपी सिंह के पुत्र अजेय प्रताप सिंह जनमोर्चा पार्टी के अध्यक्ष रहे हैं। बाद में पार्टी का कांग्रेस में बिलय हो गया था। 1956 में जन्मे अजेय प्रताप बतौर पार्टी अध्यक्ष कुछ दिनों तक तो राजनीति में सक्रिय रहे, लेकिन 2012 के बाद वह पूर्ण रूप से निष्क्रिय रहे। राजनीतिक गलियारों में अब अजेय प्रताप की चर्चा भी नहीं होती है।

राजा संजय सिंह

अमेठी स्टेट के राजा संजय सिंह 1980 के दशक में उप्र. में दो बार एमएलए चुने गए और राज्यमंत्री भी रहे। 1990 में कांग्रेस से राज्यसभा पहुंचे। 1998 में लोकसभा का चुनाव लड़कर लोकसभा पहुंचे। 15वीं लोकसभा में भी सदस्य बनकर पहुंचे। राज्यसभा में असम का प्रतिनिधित्व किया। 2019 में उन्होंने कांग्रेस से इस्तीफा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। लोग कयास लगा रहे थे कि इस बार सुल्तानपुर सीट से उन्हें टिकट मिल सकता है। लेकिन मेनका गांधी को टिकट मिलने के बाद संजय सिंह लगभग निष्क्रिय दिख रहे हैं।

बेगम नूर बानो

रामपुर के लोहारू रियासत में अमीन-उद-दीन अहमद खान और शौकत जहां वेगम के घर में जन्मी बेगम नूर बानो 11वीं और 13वीं लोकसभा में सदस्य रही हैं। 10 वर्ष तक राजनीतिक विश्राम के बाद उन्होंने 2023 में फिर से राजनीति में सक्रियता दिखाई और रामपुर की जनता समेत इंडी गठबंधन को भी हैरत में डाल दिया था। हालांकि 2024 में उन्हें टिकट न मिलने से मायूसी हाथ लगी।

कुंवर भारतेंद्र सिंह

बिजनौर के राजपरिवार के संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र सिंह 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए चुने गए। इससे पहले 2002 और 2012 में वह विधायक चुने गए थे। 2012 से 2014 तक भारतेंद्र सिंह भाजपा से विधानसभा में सचेतक के तौर पर भी कार्यरत रहे हैं। जाट समुदाय से संबंध रखने वाले कुंवर भारतेंद्र को 2015 में अवैध खनन से जुड़े एक मामले में काफी विवादों के सामने करना पड़ा। 2019 में वह बिजनौर लोकसभा का चुनाव हार गए। इसके बाद वह सक्रिय राजनीति से गायब हैं।

चुनाव प्रचार की व्यस्तता के बीच योगी ने की गोसेवा

अमृत विचार,लखनऊ: लोकसभा चुनाव को लेकर युद्धस्तर पर चुनाव प्रचार में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखपुर पहुंच कर गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर उन्होंने गोवंश का हाल जाना और उन्हें अपने हाथों से रोटी-गुड़ खिलाया।

सोमवार को बिहार में चुनाव प्रचार करने के बाद मुख्यमंत्री गोरखपुर पहुंचे थे। मंगलवार पूर्वाह्न पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व उन्होंने प्रात:काल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद योगी मंदिर की योगी गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। बाद में उन्हें योगी ने अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया।

मन्दिर के पीछे चल रही हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़

मथुरा, एजेंसी : जिले के जैत थाना क्षेत्र की पुलिस ने चामड़ माता मन्दिर के पीछे लगभग 200 मीटर दूर जंगल में हथियार बनाने की एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर चामड़ माता मन्दिर के पीछे जंगल में बनी एक कोठरी में संचालित हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुये दो बदमाशों को धर दबोचा। पकड़ा गया बदमाश मनीष उर्फ मानवेन्द्र अलीगढ का निवासी है जबकि कमल उर्फ गुल्ला मथुरा का निवासी है। एक अन्य बदमाश अकरम पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। पुलिस अधीक्षक नगर डा अरविन्द कुमार ने बताया कि अवैध फैक्ट्री से 10 अदद छोटे बड़े तमंचे .315 बोर ,एक तमंचा .303 बोर आदि बरामद किया गया है।

परिजनों को पहले ही दी गई थी पीएम रिपोर्ट खराब करने की धमकी, बीमा क्लेम फंसा

मरने के एक माह पहले ही कर डाला पोस्टमॉर्टम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की मर्च्युरी में डॉक्टरों ने व्यक्ति का मरने से एक माह पहले ही पोस्मार्टम कर डाला। जब परिजनों को रिपोर्ट मिली तो वह परेशान हो गए। रिपोर्ट लगाने के बाद बीमा का क्लेम अटक गया। इसके बाद परिजन लगातार रिपोर्ट सही कराने के लिए सीएमओ कार्यालय और केजीएमयू के चक्कर काट रहे हैं। आरोप है कि मनमुताबिक रिपोर्ट के लिए कर्मचारी ने रुपये मांगे थे। मना करने पर धमकी दी थी कि ऐसी रिपोर्ट बनाएंगे की बीमा क्लेम के लिए परेशान हो जाओगे। वसूली में असफल आरोपी ने मनमानी रिपोर्ट दी। जिससे मृतक के परिजन परेशान हो गए हैं।

घरवालों को डराकर 10 हजार रुपये मांगे थे

सुल्तानपुर में एक व्यक्ति 17 फरवरी को हादसे में घायल हो गया था। उसे अयोध्या के जिला अस्पताल से रेफर करा कर केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में लाया गया था। यहां डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के मुताबिक इस दौरान केजीएमयू के ही एक अवस्थी नाम के व्यक्ति ने कहा कि मृतक शराब पिए हुए था। यदि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टरों ने इसका जिक्र कर दिया तो बीमा का क्लेम नहीं मिलेगा। उसने कहा कि फार्मासिस्ट पंवार से उसकी पूरी सेटिंग है। घरवालों को डरा कर 10 हजार रुपये डॉक्टरों को देने की बात कह कर मांग की। पीड़ित परिवार से दो हजार रुपये तुरंत ले लिए। शेष रुपये ऑनलाइन भेजने को कहा। इसके बाद वह रुपयों के लिए लगातार कॉल कर रहा था। रुपये न देने की स्थिति में धमकी देने लगा। जिसकी कॉल रिकार्डिंग भी मौजूद हैं।

जांच के बाद सुरक्षा गार्ड को हटाया था

आरोपी की धमकी को लेकर परिजनों ने 29 फरवरी को सीएम जन सुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में केजीएमयू प्रशासन ने जांच समिति का गठन कर दिया। जांच समिति की रिपोर्ट में कहा गया कि कथित अवस्थी नाम के आरोपी की पहचान सुरक्षा गार्ड राजेश अवस्थी के नाम से हुई है। ऑडियो में उसकी आवाज की पुष्टि होने पर उसे मर्च्युरी की सेवा से हटा दिया गया है। जांच में अन्य किसी का शामिल होना नहीं पाया गया। इस मामले में फार्मासिस्ट पीएस पंवार का भी नाम आया था, लेकिन जांच में पता चला कि घटना के दिन पीएस पंवार छुट्टी पर थे।

- **केजीएमयू की मर्च्युरी में डॉक्टरों ने किया कारनामा**

पीएम और शव सुपुर्दगी के समय में भी खेल : परिजनों के माध्यम से मिली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लिखा गया है कि शव का पोस्टमॉर्टम वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अविनाश कुमार ने किया है। मर्च्युरी में शव प्राप्त करने का समय 18 फरवरी को 1:20 बजे का है। जबकि पोस्टमॉर्टम करने का समय 18 जनवरी 2:45 बजे का दर्ज किया गया है। पीएम आधे घंटे तक किया गया। परिजनों ने मुताबिक तारीख में अंतर आने से अब बीमा क्लेम नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में डॉ. सुधीर सिंह, प्रवक्ता केजीएमयू ने कहा कि पीएम रिपोर्ट में संशोधन करना सीएमओ ऑफिस का काम है। यदि मर्च्युरी के कर्मचारी ने कोई लापरवाही की है तो शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं डॉ. मनोज अग्रवाल, सीएमओ का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में किसी भी गलती में सुधार करने का काम मर्च्युरी और पुलिस से संबंधित है। सीएमओ से कोई मतलब नहीं होता।

विवादों में रहा कर्मचारी

सूत्रों का कहना है कि जिस कर्मचारी को केजीएमयू प्रशासन बचाने का प्रयास कर रहा है, उसका पहले भी कई मामलों में नाम आ चुका है। ट्रांसफर होने के बावजूद करीब 10 साल से एक ही जगह पर तैनाती है। करीब चार महीने पहले एक शव से जेवर गायब होने का मामला आया था। इस मामले को भी दबा दिया गया।

सार-संक्षेप

श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले की सुनवाई अब 22 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मंगलवार को सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने कहा कि शाही ईदगाह परिसर की जमीन मंदिर ट्रस्ट की है। एक गलत समझौते के कारण शाही ईदगाह को जमीन मिल गई है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ताओं ने शाही ईदगाह परिसर की संपूर्ण जमीन को मंदिर ट्रस्ट को दिए जाने की मांग की। लगभग 3 घंटे की सुनवाई के बाद कोर्ट ने आगामी 22 अप्रैल को अगली सुनवाई सुनिश्चित की है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ के समक्ष हुई। मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि से शाही ईदगाह मस्जिद का अवैध कब्जा हटाने सहित कई मामलों को लेकर दाखिल 18 सिविल वादों की पोषणीयता, आपत्ति को लेकर बहस चल रही है।

नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी को 20 साल की कैद

विधि संवाददाता, लखनऊ : नाबालिग के साथ दुराचार के आरोपी तकियापुर महमूदाबाद का रहने वाले अंकित उर्फ बाराती को पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश विजेंद्र त्रिपाठी ने 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से विशेष अधिवक्ता अभिषेक उपाध्याय ने अदालत को बताया कि इस मामले की रिपोर्ट 4 अगस्त 2020 को विभूति खंड थाने में दर्ज कराई गई थी। आरोप लगाया गया कि अभियुक्त ने पीड़िता को अकेली पाकर दुराचार किया। अदालत को बताया गया कि आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी थी कि अगर उसने घटना के बाबत घर में बताया तो वह उसे रेल की पटरी पर डालकर मार डालेगा। बताया गया कि घटना के बाद जब पीड़िता की हालत बिगड़ने लगी तब उसने बताया कि उसके साथ आरोपी अंकित ने दुराचार किया है। यह भी बताया गया कि घटना का समय पीड़िता की उम्र 8 वर्ष थी।

कन्नौज सीट के लिए अखिलेश पर संशय बरकरार

लखनऊ, अमृत विचार : कन्नौज संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरु होने को है। लेकिन समाजवादी पार्टी की तरफ से इस सीट के प्रत्याशी को लेकर संशय बना हुआ है। हालांकि, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बीते दिनों अपनी उम्मीदवारी का खुलकर एलान तो नहीं किया। लेकिन इस बात पर जोर दिया कि वह कन्नौज नहीं छोड़ेंगे। टिकट पर उन्होंने कहा था कि जल्द घोषणा करेंगे। अब ईद हो चुकी है। नवरात्र भी पूरे होने को हैं। नवरात्र खत्म होते ही 18 अप्रैल से नामांकन भी शुरू हो जाएगा। कन्नौज सीट से भाजपा ने अपना उम्मीदवार घोषित कर रखा है। बसपा ने एक बार टिकट भी बदल दिया है। लेकिन सपा के उम्मीदवार का नाम अब तक सामने नहीं आया है। इस बीच प्रशासनिक और सियासी गलियारों में भी चर्चा है कि सपा से उम्मीदवार कौन होगा और नाम की घोषणा में देरी के पीछे वजह क्या है। सूत्रों के मुताबिक, इसके पीछे सपा प्रमुख की राजनीतिक रणनीति है। सूत्रों की माने तो यह तय है कि चुनाव अखिलेश यादव ही लड़ेंगे और इसकी तैयारी भी चल रही है।

राहुल-अखिलेश गाजियाबाद में मंच साझा करेंगे

लखनऊ, अमृत विचार : इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारक 17 अप्रैल को चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी सहारनपुर में पार्टी प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो करेंगी, जबकि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव गाजियाबाद में मंच साझा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान से पहले कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव गाजियाबाद में संयुक्त प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है। बीते 10 साल में मोदी सरकार ने जनता से किए हुए किसी वादे को पूरा नहीं किया। इन्होंने जनता को सिर्फ छला है।

फार्म भरने में हुई गलतियों से 77 हजार छात्र होंगे छात्रवृत्ति से वंचित

सामान्य वर्ग के लिए 18 जनवरी फार्म भरने की अंतिम तिथि थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **23 जनवरी को कॉलेज के स्तर से फार्म को अग्रसारित किया जाना था**
- **पोर्टल दोबारा खोलने के लिए शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में होगी बैठक**

अमृत विचार : साइबर कैफे और कॉलेज के स्तर से फार्म भरने में हुई गलतियों का खामियाजा छात्र-छात्राओं को भुगतना पड़ा। पिछले वित्तीय वर्ष (2023-2024) में 77 हजार छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रह गए। शुक्रवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं को आवेदन करने के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं इसको लेकर बैठक होगी।

पिछले वित्तीय वर्ष में अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू हुए थे। 18 जनवरी 2024 तक छात्रवृत्ति के लिए फार्म भरे गए और 23 जनवरी 2024 को फार्म अग्रसारित किए गए। मार्च के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में 20 लाख से अधिक छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। फार्म भरने के दौरान हुई गलती के कारण छात्रवृत्ति से वंचित हुए 77 हजार छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी, कॉलेज और समाज कल्याण निदेशालय के चक्कर काटते रहे। अधिकारियों से मिलकर फार्म में हुई गड़बड़ी के बारे में बताया। अधिकतर फार्मों में अनुक्रमांक, पाठ्यक्रम और प्राप्तांक/पूर्णांक भरने में गलतियां हुईं। समाज कल्याण निदेशालय ने पूरा मामला शासन को भेजा है। शासन स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में वित्त विभाग के प्रमुख सचिव समेत अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक में इस बात पर विचार किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को आवेदन के लिए दोबारा अवसर दिया जाए या नहीं। अगर अवसर दिए जाने पर सहमित बनती है तो पोर्टल खोला जाएगा और वंचित छात्र-छात्राएं आवेदन कर सकेंगे। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने कहा कि प्रयास किया जाएगा कि वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ मिल सके।

शशांक, विश्वदीप को भाजपा ने दिया टिकट

लखनऊ, अमृत विचार : भाजपा ने मंगलवार को लोकसभा की दो और उप्र. की चार विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने देवरिया से मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी का टिकट काटकर पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी के पुत्र शशांक मणि त्रिपाठी को दिया है। फिरोजाबाद से मौजूदा सांसद चंद्रसेन जादौन का टिकट काटकर ठाकुर विश्वदीप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव में पार्टी ने ओपी श्रीवास्तव पर दांव लगाया है। वहीं, गैंसड़ी विस. उप चुनाव के लिए से पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शैलू, ददरौल से विधायक रहे मानवेंद्र सिंह की जगह उनके बेटे अरविंद सिंह को उम्मीदवार बनाया है। जबकि, दुद्धी सीट पर श्रवण गोंडगों को टिकट दिया है। उप चुनाव के लिए लखनऊ में 20 मई, ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई और दुद्धी में एक जून को वोटिंग होगी।

मैनपुरी से डिंपल समेत कई प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **तीसरे चरण में 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया**

अमृत विचार : तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव के लिए मंगलवार को 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मैनपुरी सीट से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव, बरेली के लिए बसपा से मास्टर छोटेलाल गंगवार, सपा से प्रवीन सिंह ऐरन समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।

सम्भल में चार, हाथरस (अजा) में दो, आगरा (अजा) में दो, फतेहपुर सीकरी में चार, मैनपुरी में दो, एटा में दो, बदायूं में दो, ऑवला में चार व बरेली में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बसपा से चैधरी सौलत अली, किसान क्रांति दल से संतोष और निर्दलीय प्रत्याशियों में राजेश कुमार व अरविन्द कुमार ने नामांकन पत्र भरा। हाथरस (अजा) क्षेत्र के लिए भाजपा से अनूप सिंह व राष्ट्र उदय पार्टी से जयवीर सिंह ने नामांकन पत्र भरा। आगरा (अजा) क्षेत्र के लिए बसपा से पूजा व आदर्श समाज पार्टी से चन्द्रपाल ने नामांकन पत्र भरा। फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के लिए बसपा से रामनिवास, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से संगीता व राष्ट्रीय जनसंचार दल से वेद प्रकाश ने नामांकन पत्र भरा। फिरोजाबाद क्षेत्र के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र नहीं भरा। मैनपुरी क्षेत्र के लिए सपा से डिम्पल यादव व भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से मंजू पाल ने नामांकन किया। एटा क्षेत्र के लिए सपा से देवेश शाक्य व निर्दलीय प्रत्याशी में कमरूद्दीन खान ने नामांकन पत्र भरा।

अबू सलेम का फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले परवेज को राहत नहीं

विधि संवाददाता, लखनऊ

- **सीबीआई कोर्ट ने अपील को किया खारिज, सजा बरकरार**

अमृत विचार : अंतर्राष्ट्रीय माफिया अबू सलेम एवं उसकी पत्नी समीरा जुमानी के लिए फर्जी पासपोर्ट बनवाने के आरोपी मोहम्मद परवेज आलम की अपील को खारिज करते हुए सीबीआई के विशेष न्यायाधीश विजेश कुमार ने उसे हिरासत में लेकर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

सीबीआई के विशेष अधिवक्ता दीप श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि फर्जी पासपोर्ट मामले में अबू सलेम अब्दुल कयूम अंसारी एवं उसके साथी मोहम्मद परवेज आलम को 27 सितंबर 2022 को सीबीआई की विशेष मजिस्ट्रेट द्वारा तीन साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी जिसके खिलाफ परवेश आलम ने सत्र अदालत में अपील दायर की थी। अदालत को बताया गया कि वर्ष 1993 में मुंबई बम ब्लास्ट के बाद यह बात सामने आई थी कि अबू सलेम ने अपनी पत्नी समीरा जुमानी एवं परवेज आलम तथा अन्य साथियों के साथ मिलकर एक साजिश रची है। बताया गया है कि इस साजिश के तहत कपटपूर्ण तरीके से धोखाधड़ी करके अबू सलेम अब्दुल कयूम अंसारी एवं समीरा जुमानी के सही तथ्य एवं पहचान को छुपा कर फर्जी तरीके से पासपोर्ट हासिल करके कानून से बचकर देश के बाहर भागने की नीयत से धोखाधड़ी की गई थी। इस काम के लिए अकील आज़मी एवं सबीना के नाम से परवेज ने पासपोर्ट आवेदन भर कर पासपोर्ट कार्यालय में दाखिल किया। आवेदन फार्म पर माता-पिता का फर्जी नाम दिया गया तथा पिता का नाम अली अहमद आज़मी अब्दुल कयूम एवं माता का नाम शकीरा जन्नातुनिसा अंकित किया गया।

डिफाल्टर आवंटियों पर आवास विकास का 2,000 करोड़ बकाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- **आवास विकास ने बिल्डरों की बनाई सूची**
- **भूखंड लेकर नहीं जमा किया पैसा, फ्लैट बनाकर बेच दिए**

अमृत विचार : आवास एवं विकास परिषद ने भूखंड लेकर पैसा जमा न करने वाले डिफाल्टरों की सूची बनाई है। इन पर 2,000 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें सबसे अधिक डिफाल्टर गाजियाबाद की मंडोला योजना, लखनऊ में वृंदावन योजना, आम्रपाली योजना और अवध विहार योजना के आवंटी हैं। इन बिल्डरों ने आवास विकास से भूखंड लेकर पैसा ही जमा नहीं किया और आवंटियों को फ्लैट भी बेच दिए।

पांच वर्षों से ये बिल्डर पैसा जमा नहीं कर रहे हैं। इनमें ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक और शैक्षणिक भूखंड शामिल हैं। अब आवास विकास ने वसूली के लिए इन बिल्डरों की सूची तैयार की है। इनको पैसा जमा करने के लिए अंतिम नोटिस भेजी जा रही है। बकाया धनराशि ब्याज सहित जमा न करने पर बिल्डरों व आवंटियों के भूखंड का आवंटन निरस्त करके आवास विकास अपने कब्जे में लेगा। इसके बाद ई-नीलामी से इन भूखंडों को बेचेगा।

आरसी जारी होने के बाद भी नहीं हो पायी वसूली : भूखंड लेने के बाद पैसा जमा नहीं करने वालों से धनराशि वसूली के लिए परिषद ने जिलाधिकारी कार्यालय को पत्र लिखा। जिलाधिकारी कार्यालय से वसूली पत्र भी जारी किया गया। इसके बावजूद धनराशि की वसूली नहीं हो पायी। जांच में सामने आया कि कई बिल्डर आवंटियों को फ्लैट बेचकर गायब हो गए। परिषद का लगभग 1,000 करोड़ रुपये डूब गया है।

अधिकारियों ने चहेते बिल्डरों को दे दिये भूखंड

आवास विकास के अधिकारियों एवं सम्पत्ति प्रबंधकों ने अपने चहेते बिल्डरों को जमकर भूखंड बांटे। 10 प्रतिशत धनराशि जमा कराकर योजनाओं में बेशकीमती जमीन आवंटित कर दी। इसके बाद बकाया पैसा जमा कराना भी भूल गए। वसूली के लिए दबाव बनाया और न आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की। परिषद का लगभग 2,000 करोड़ रुपये फंस गया है।

वर्ग पहेली-42

बाएं से दाएं

1. युवा (स्त्री और पुरुष का) वर्ग
3. वृत्त अथवा गोलाई खींचने का एक उपकरण।
6. ठाकुर होने का भाव, ठकुरायत 2. राज्य या उससे संबंध रखने वाला अधिकार या समृद्धि, प्रभुता, स्वामित्व 3. बड़ों के प्रति होने वाली श्रद्धा या प्रीति 4. शासनाधीन प्रदेश।
8. दे. ख़रीददारी।
9. 1. हज़ार सिपाहियों का सरदार 2. मुगल शासन में सरदारों को दिया जाने वाला एक ओहदा।

ऊपर से नीचे

2. ऐसे शब्द जिनके अंत में 'इ' हो
4. 1. जो धृष्टता करता हो, बेअदब 2. बड़े-बुज़ुर्गों का आदर न करने वाला 3. संकोच न करने वाला, निर्लज्ज 4. अशिष्ट,अक्खड़ 5. साहसी, निडर, निर्भय 6. हठीला, दुराग्रही 7. स्वेच्छाचारी।
5. 1. दुनियादार होने का भाव या गुण 2. व्यवहार-कुशलता, लोकचातुरी 3. सांसारिक प्रपंच, लोकाचार, लोकव्यवहार, संसार का जंजाल 4. घर-गृहस्थी का कामकाज, घर-परिवार का प्रपंच, गृहस्थी का झंझट या बखेड़ा 5. लोगों को दिखाने के लिए किया गया आचरण।
7. 1. भेदी 2. गुप्तचर 3. रहस्य जानने वाला।



वर्ग पहेली -41 का हल

1 जु	लू	स	■	■	■	2 ठु
साँ	■	■	3 अ	पी	ड़	न
दा	■	■	नु	■	■	ठु
■	4 अ	धि	दे	य	■	न
5 गा	व	■	श	■	■	■
■	भा	■	■	■	■	■
■	6 स	दा	च	र	ण	■

सुडोकू -121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

1	3				5			9
		7		4			8	
2					6			
		5			8			1
	1						2	
4			9			5		
			2			6		3
	4			5				
9			3				4	7

सुडोकू -120 का हल

5	7	3	6	8	1	9	4	2
4	8	6	3	2	9	1	5	7
2	1	9	5	7	4	6	3	8
6	4	2	8	1	5	3	7	9
7	3	5	9	4	6	2	8	1
1	9	8	2	3	7	5	6	4
9	5	7	4	6	2	8	1	3
3	6	4	1	9	8	7	2	5
8	2	1	7	5	3	4	9	6

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 15 .14 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



व्रत/त्योहार- राम नवमी

दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-अश्लेशा पूर्णरात्रि तक।

मेष — आज विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही कर सकते हैं। व्यर्थ के खर्चों पर रोक लगाएं। आज जीवनसाथी से परामर्श कर काम करना लाभकारी होगा। महंगी वस्तुओं की खरीदी कर सकते हैं। प्रेम संबंधों में तनाव बढ़ने की आशंका है।

वृष — आज व्यवसाय में आपको पुराने अनुभवों का लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त समय दे सकते हैं। आज आप अपनी कार्यक्षमता को अच्छी तरह से परख भी सकते हैं। उच्च पदस्थ लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन — आज ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। आय-व्यय में उत्तम सन्तुलन बना रहेगा। मन की किसी दुविधा का निराकरण होगा। परोपकार के कार्यों में रुचि लेंगे। सरकारी जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी।

कर्क — आज नव उद्यमियों को शासन से सहयोग प्राप्त हो सकता है। भावुक होकर निर्णय करने से नुकसान होने की आशंका है। छोटे भाई-बहन को लेकर आप चिन्तित हो सकते हैं। किसी पर ज्यादा निर्भर होना ठीक नहीं है।

सिंह — आज नजदीकी लोगों से गलतफहमी उभरेगी। कार्यक्षेत्र में बाधाएं आने की आशंका है। अधूरे कार्यों के कारण तनाव हो सकता है। आपका मन काफी अशान्त हो सकता है। दूसरों के कार्यक्षेत्र में आपको प्रभाव डालने से बचना चाहिए।

कन्या — आज कार्यक्षेत्र की बाधाओं का निवारण होगा। अति आत्मविश्वास से बचने का प्रयास करें। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखद रहेगा।

तुला — आज आप पुराने विवादों को सुलझा सकते हैं। अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की भावनाओं का ध्यान रखें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अपने कार्यों को दूसरों के साथ शेयर न करें।

वृश्चिक — आज बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपने करियर को लेकर थोड़ी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये मेहनत करेंगे। बच्चों के व्यवहार पर नजर बनाए रखें।

धनु — आज कार्यक्षेत्र का तनाव आपकी मानसिक स्थिति को प्रभावित कर सकता है। परिवार में लोगों को नाराज न करें। अपने मत को किसी पर भी न थोपें। वरना आपके भावों को समझने के बजाय उल्टा अर्थ समझ सकते हैं।

मकर — आज व्यावसायिक यात्रा करनी पड़ सकती है। आपकी कार्यक्षमता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। विरोधी आपसे आकर्षित रहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गौरवान्वित रहेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च पद मिल सकता है। आज काफी धार्मिक विचारों से प्रभावित हो सकते हैं।

कुंभ — आज आलस्य से आपको बचना चाहिए। परिवार में कलह हो सकती है। महिलाएं थोड़ी भावुक रहेंगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सावधानी रखनी चाहिए। कानूनी मामले उलझ सकते हैं। किडनी के रोगियों को समस्या हो सकती है।

मीन — आज कार्यक्षेत्र में शानदार सफलता मिल सकती है। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को जॉब के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आपका मन काफी शान्त रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च करेंगे। छोटी बातों का बतंगड़ बनाने से बचें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **शक्तिमान** — दोपहर : 01.54
- **चालबाज** — शाम : 05.21

&pictures
- **2.0** — सुबह : 10.32
- **शेरदिल : द पीलीभीत सागा** — रात : 08.00

SONY PIX
- **कैप्टेन फिलिप्स** — सुबह : 11.30
- **सॉल्ट** — रात : 07.48

ZEE CINEMA
- **त्रिदेव** — सुबह : 11.30
- **दिल का क्या कसूर** — शाम : 06.00

colors CINEPLEX
- **जुर्माना** — सुबह : 11.48
- **भागम भाग** — रात : 08.58

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दोस्त- तेरी बीवी ने तुझे घर से क्यों निकाला?

चिंटू- तेरे ही कहने पर उसे चेन गिफ्ट की थी, इसलिए निकाला...

दोस्त- चेन चांदी की थी क्या?

चिंटू- नहीं साइकिल की..

दोस्त फिर तो तेरी बीवी ने बिल्कुल ठीक किया

चिंटू को मच्छर ने काटा तो वो उसे मारने के लिए रातभर कमरे में दौड़ता रहा।

सुबह हो गई मगर मच्छर नहीं मरा।

चिंटू बोला : चलो मार नहीं पाया तो क्या हुआ,

रातभर मैंने इसे सोने भी तो नहीं दिया।

मेंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1005 फ्लैग 1110 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 बोल्ड 1155 डीएमओ 885।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	85500
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	85000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	90000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	75100
गिन्नी (प्रति नग)	56000–56200
लखनऊ	
सोना स्टैंडर्ड	75,500
सोना रवा	75,350
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,100
चांदी (999)	83,000
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000
बरेली	
गोल्ड (पक्के जेवर)	75000
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	74000
सिल्वर (पक्की)	830 (अनुमानित)

लगातार तीसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़का

पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव से प्रभावित हो रहा बाजार, निफ्टी में 0.56 प्रतिशत की गिरावट

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 456 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका के बीच मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 124.60 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,147.90 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, मारुति, आईटीसी, पावरग्रिड और रिलायंस इंडस्ट्रीज शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक राजनीतिक तनाव की आशंका और नीतिगत दर में कटौती की संभावना कम होने के बीच घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही।

तीन दिन में 7.93 लाख करोड़ घटी निवेशकों की पूंजी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कमजोर वैश्विक रुझानों के बीच स्थानीय शेयर बाजार में तीन सत्र से जारी गिरावट से निवेशकों की पूंजी 7.93 लाख करोड़ रुपये घट गई है। सेंसेक्स और निफ्टी में मंगलवार को भी गिरावट जारी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 456.10 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,943.68 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 714.75 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) तीन दिन में 7,93,529.61 करोड़ रुपये घटकर 3,94,25,823.46 रुपये (4750 अरब अमेरिकी डॉलर) पर आ गया है। सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहे।

औद्योगिक इस्तेमाल वाले ड्रोन के लिए विचार कर रही सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनाम ने मंगलवार को कहा कि सरकार नागरिक तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन के वास्ते एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार करेगी। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की वकालत की और इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार ड्रोन को बढ़ावा देने के साथ-साथ उन्नत वायु परिवहन को आगे बढ़ाने के प्रयास करेगी।

राष्ट्रीय राजधानी में ड्रोन पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ड्रोन के नियमों के संदर्भ में बहुत कुछ किया गया है और अभी बहुत कुछ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय नागरिक तथा औद्योगिक ड्रोन के लिए एक अलग नियामक ढांचा बनाने पर विचार कर रहा है। ड्रोन और ड्रोन घटकों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना सितंबर 2021 में अधिसूचित की गई थी। ड्रोन और ड्रोन घटकों के भारतीय विनिर्माताओं के लिए मूल्य संवर्धन तथा कुछ अन्य शर्तों के आधार पर 120 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्रदान दिया जा रहा है। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित सम्मेलन में वुमलुनमंग वुअलनाम ने कहा कि योजना सफल रही है। उन्होंने ड्रोन परिवेश तंत्र के स्वदेशी विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रोत्साहनों पर निर्भरता नहीं होनी चाहिए और ड्रोन उद्योग को अपने दम पर टिकना चाहिए। नमो ड्रोन दीदी योजना के बारे में उन्होंने कहा कि ड्रोन के लिए विशेष विवरण जल्द जारी किए जाएंगे।

आने वाले 25 वर्ष भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण

जयपुर, एजेंसी

● सीतारमण बोलीं- आगामी वर्षों में सबसे तेज वृद्धि वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा भारत

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बीते तीन वित्त वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने दुनिया में सबसे तेज वृद्धि दर्ज की है और आगामी वर्षों में यह रुख जारी रह सकता है। उन्होंने साथ ही कहा कि आने वाले 25 साल भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं। वह यहां जयपुर के एक दिवसीय दौरे पर आईं थीं।

सीतारमण ने औद्योगिक एवं व्यावसायिक संवाद को संबोधित करते हुए कहा कि अगले 25 साल भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण होंगे। आपने देखा वित्त वर्ष 2023-24 की तीनों तिमाही में प्रत्येक तिमाही में वृद्धि दर आठ प्रतिशत या अधिक रही है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। चौथी तिमाही में भी इसी स्तर की वृद्धि दर की हम अपेक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह 2023-24 में औसत वृद्धि दर उस स्तर की ही है। टिकाऊ आर्थिक वृद्धि है। हम अपने ऊपर आत्मविश्वास बनाए रखते हुए आगे बढ़ सकते हैं कि जैसे पूरी दुनिया में पिछले तीन साल से लगातार हम सबसे तेज वृद्धि दर वाली अर्थव्यवस्था रहे हैं, वैसे ही आने वाले सालों में भी रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक नीति, व्यापक आर्थिक स्थिरता, स्थिर सरकार, स्थिर कर नीति व सरकार के टेंडर तथा खरीदारी आदि पारदर्शी तरीके से होने की वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था की विदेश में बहुत साख है और निवेशक यहां आ रहे हैं।

डेयरी ऋण योजना को लेकर भ्रामक जानकारी से रहें सतर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने नाबार्ड डेयरी ऋण योजना के बारे में वर्तमान में फैलाई जा रही गलत सूचना से लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। इस संबंध में नाबार्ड ने स्पष्टीकरण जारी करते हुये उन झूठे दावों का खंडन किया है जिनमें कहा गया है कि नाबार्ड डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत किसानों को डेयरी व्यवसायों के लिए सीधे ऋण प्रदान करता है।

नाबार्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त दावों में दी गई जानकारी पूरी तरह से गलत है। नाबार्ड ग्रामीण विकास से जुड़ी विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और सहकारी संस्थाओं को वित्तीय सहायता और सहयोग प्रदान करने के लिए काम करता है।

नाबार्ड कभी भी अलग-अलग किसानों को सीधे ऋण वितरित नहीं करता है। सभी हितधारकों, विशेषकर किसानों और ग्रामीण उद्यमियों को ऐसी गलत सूचनाओं के संबंध में सावधानी बरतने और उनमें विश्वास करने तथा उनका प्रचार-प्रसार करने से बचने के लिए आग्रह किया गया है।



पीएचएफ लीजिंग ने जुटाए एक करोड़ डॉलर

नई दिल्ली। जमा स्वीकार करने वाली एनबीएफसी पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड (पीएचएफ) ने इक्विटी और ऋण मिलाकर एक करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है।

कंपनी ने आज यहां कहा कि इसमें लगभग 60 प्रतिशत इक्विटी और 40 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का उपयोग कंपनी की वृद्धि को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। पीएचएफ लीजिंग जमा स्वीकार करने वाली एक गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है जो 1998 से भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पंजीकृत है। कंपनी अचल संपत्ति के लिए बंधक ऋण (एलएपी) प्रदान करती है और ई-वाहनों का वित्तपोषण करती है।

राष्ट्रीय

हेमा पर टिप्पणी को लेकर सुरजेवाला के 48 घंटे तक प्रचार करने पर रोक

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के चुनाव प्रचार करने पर मंगलवार को 48 घंटे के लिए रोक लगा दी।

इस चुनाव में आयोग ने किसी नेता के प्रचार करने पर पहली बार प्रतिबंध लगाया है। आयोग ने हेमा मालिनी के खिलाफ कथित अशोभनीय, असभ्य और अभद्र टिप्पणी के लिए पिछले मंगलवार को सुरजेवाला को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। आयोग ने कहा कि उसने सुरजेवाला के जवाब में दी गई सामग्री और कथनों का अध्ययन किया है। आयोग ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनों से संबंधित मामले में उन्हें जारी किए गए या बाद में जारी किए जाने वाले किसी भी आदेश/नोटिस पर बिना किसी पूर्वाग्रह के हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान उनके द्वारा दिए गए विवादित बयान की कड़ी निंदा करता है और कदाचार के लिए रणदीप सुरजेवाला को फटकार लगाता है।

तृणमूल ने गुंडों और घुसपैठियों को दे दिए पट्टे

बालुरघाट में पीएम बोले- टीएमसी ने बंगाल के लोगों को केंद्रीय योजनाओं के लाभ से कर दिया वंचित

बालुरघाट, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है, लेकिन शरणार्थियों को नागरिकता देने वाले कानून सीएए का विरोध कर रही है।

मोदी ने बालुरघाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल को गुंडों और घुसपैठियों को पट्टे पर दे दिया है। प्रधानमंत्री ने राज्य में रामनवमी समारोह का कथित तौर पर विरोध करने के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल की आलोचना की और कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले को सच्चाई की जीत करार दिया, जिसमें विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को हावड़ा में शोभायात्रा निकालने की अनुमति दी गई थी। मोदी ने कहा कि इस साल का रामनवमी समारोह थोड़ा अलग है क्योंकि रामलला अयोध्या में अपने घर लौट आए हैं। लेकिन टीएमसी, पिछले वर्षों की तरह राज्य में रामनवमी समारोहों का विरोध कर रही है। उच्च न्यायालय ने सोमवार को विहिप को हावड़ा शहर में रामनवमी पर शोभायात्रा निकालने की अनुमति दे दी थी, साथ ही अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए कुछ शर्तें भी लगाई थीं कि कार्यक्रम बिना तनाव के संपन्न हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं से पूरा देश स्तब्ध है। देश ने देखा है कि कैसे टीएमसी सरकार ने संदेशखालि में दोषियों को बचाने की कोशिश की। संदेशखालि में हाल में महिलाओं ने कुछ टीएमसी नेताओं पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध बड़े पैमाने पर हैं। यहां तक कि जब केंद्रीय एजेंसियां इन भ्रष्टाचार के मामलों की जांच करने की कोशिश करती हैं तो उन पर भी हमला किया जाता है। ऐसा लगता है कि टीएमसी ने राज्य को घुसपैठियों और गुंडों को पट्टे पर दे दिया है। पश्चिम बंगाल सरकार घुसपैठियों को बचाती है, लेकिन नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध करती है।

बालुरघाट में कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी। ● एजेंसी

भ्रष्टाचार का आरोप लगाने से पहले प्रधानमंत्री खुद आईना देखें : ममता

चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंच से भरी हुंकार। ● एजेंसी

जलपाईगुड़ी, एजेंसी

● एनआरसी की आड़ में दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को बाहर करना चाहती है भाजपा

पश्चिम बंगाल में केंद्रीय दलों द्वारा की जा रही भ्रष्टाचार संबंधी जांच पर श्वेतपत्र जारी करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पहले खुद आईना देखना चाहिए। जलपाईगुड़ी जिले के मोइनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने कहा कि उन्होंने भाजपा को बंगाली विरोधी पार्टी बताया और आरोप लगाया कि वह एनआरसी की आड़ में आदिवासियों, दलितों तथा ओबीसी को बाहर करने की योजना बना रही है।

मतपत्र, 100 फीसदी वीवीपैट पर्ची की गिनती बड़ी चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में ईवीएम से पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्ची की 100 फीसदी गिनती या फिर मतपत्रों से चुनाव कराने की पुरानी व्यवस्था लागू करने को मंगलवार को अव्यवहारिक होने का संकेत दिया।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की याचिका पर सुनवाई के दौरान 1960 के दशक में मतपत्रों से चुनाव के दौर को याद किया और कहा कि देश में फिलहाल मतदाताओं की संख्या 96 करोड़ से अधिक है। ऐसे में पुरानी मतपत्र या वीवीपैट की 100 फीसदी की गिनती व्यवस्था से चुनाव कराना बहुत बड़ी चुनौती वाला कार्य होगा है। कोर्ट ने कहा 60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था, आप भी जानते होंगे। एनजीओ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा अदालत बूथ कब्जा की घटनाओं का जिक्र कर रही थी। इस पर पीठ ने कहा हम इसमें नहीं पड़ना चाहते। हम सभी मतपत्र प्रणाली की कमियां जानते हैं। श्री भूषण ने कहा कि हेरफेर की आशंका के कारण अधिकांश मतदाता ईवीएम पर भरोसा नहीं करते हैं। उन्होंने दावा किया कि चूंकि ईवीएमएस में लगे चिप्स का स्रोत कोड नहीं दिखाया जाता। इस वजह से उस पर अधिक संदेह पैदा हुआ। उन्होंने ईवीएम के इस्तेमाल और मतपत्रों की वापसी के खिलाफ जर्मनी की संवैधानिक अदालत के फैसले का जिक्र किया, तो पीठ ने कहा हमारे देश की तुलना किसी भी यूरोपीय देश से नहीं की जा सकती।

60 के दशक में हैं जो हमने देखा है, उसे भूले नहीं हैं। हम सभी जानते हैं कि जब मतपत्र की व्यवस्था थी तो क्या हुआ था

मॉब लिंचिंग पर रोक को क्या उठाए कदम : कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

● भीड़ हिंसा की घटनाओं में हुई कार्रवाई से अवगत कराने के लिए राज्यों को दिया छह सप्ताह का समय

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को विभिन्न राज्य सरकारों से कथित गोरक्षकों और भीड़ की ओर से पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामलों पर की गई कार्रवाई के बारे में अवगत करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक महिला संगठन की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह बाद करने का फैसला किया।

याचिका में अनुरोध किया गया था कि राज्यों को कथित गोरक्षकों की ओर से मुसलमानों के खिलाफ भीड़ हिंसा की घटनाओं से निपटने के लिए शीर्ष अदालत के 2018 के एक फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने आदेश दिया कि हमने पाया है कि अधिकतर राज्यों ने 'मॉब लिंचिंग' के उदाहरण पेश करने वाली रिट याचिका पर अपने जवाबी हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। राज्यों से अपेक्षा थी कि वे कम से कम इस बात का जवाब दें कि ऐसे मामलों में क्या कार्रवाई की गयी है। हम उन राज्यों को छह सप्ताह का समय देते हैं जिन्होंने अपना जवाब दाखिल नहीं किया है। शीर्ष अदालत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़े संगठन 'नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन' की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

कानूनी प्रक्रिया में बाधा पहुंचाने वाले कदम सही नहीं : आयोग

नई दिल्ली। विपक्षी दलों द्वारा सरकार पर उसके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाये जाने के बीच निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि वह सभी पार्टियों को समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसा कोई कदम उठाना सही नहीं है जो कानूनी और न्यायिक प्रक्रिया में आड़े आ सकता है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के कई घटक दलों ने सरकार पर उनके नेताओं को निशाना बनाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग का रुख किया था। कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर नये सिरे से हमले शुरू कर दिए। उन्होंने सरकार पर लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं की आवाज बंद करने का आरोप लगाया।

गोलीबारी से पहले तीन बार की सलमान के घर की रेकी

मुंबई, एजेंसी

● सागर व विक्की को लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सौंपा था काम

● कच्छ जिले के माता नो माध गांव से गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी

मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों लोगों ने 14 अप्रैल को घटना को अंजाम देने से पहले कम से कम तीन बार इस जगह की 'रेकी' की थी।

बिहार के चंपारण के मूल निवासी विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले में माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया था। गुजरात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गुप्ता और पाल को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान खान के घर पर गोली चलाने का काम सौंपा था। जब बिश्नोई की भूमिका के बारे में पूछा गया तो मुंबई पुलिस के अधिकारी ने कहा कि वे पड़ताल कर रहे हैं। गत रविवार को तड़के दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने यहां बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट में के घर के बाहर गोली चलाई थी। पुलिस के अनुसार गैलेक्सी अपार्टमेंट पर चलाई गईं पांच गोलियों में से एक दीवार पर और एक सलमान के घर की गैलरी में लगी थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि पाल ने गोली चलाई थी, वहीं बाइक चलाते हुए गुप्ता गिरोह के सदस्यों के साथ संपर्क में था। कच्छ पश्चिम के पुलिस उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने आज दिन में कहा था, प्रारंभिक जांच में सामने आया कि सागर पाल और विक्की गुप्ता को खान के घर पर गोली चलाने का काम लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सौंपा था।

केजरीवाल के डॉक्टर से परामर्श अनुरोध पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

● रक्त शर्करा स्तर घटने-बढ़ने पर चिकित्सकीय परामर्श के लिए दिल्ली के सीएम ने किया आवेदन

दिल्ली की अदालत ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से डॉक्टर से परामर्श करने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अनुरोध वाले आवेदन पर मंगलवार को ईडी से जवाब मांगा है।

विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष दायर आवेदन में केजरीवाल ने कहा कि उनका रक्त शर्करा स्तर घट-बढ़ रहा है और वह अपने डॉक्टर से परामर्श करना चाहते हैं। न्यायाधीश ने ईडी को 18 अप्रैल तक उसका जवाब देने का निर्देश दिया। अदालत उस दिन इस पर सुनवाई कर सकती है। याचिका के विरोध में ईडी के वकील ने दलील दी कि जेल में रोगियों के लिए सुविधाएं हैं तथा उनका चिकित्सा परीक्षण हो सकता है।

'मेरा नाम अरविंद है और मैं आतंकवादी नहीं हूं'

नई दिल्ली। आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री ने तिहाड़ जेल से एक संदेश जारी कर कहा है मेरा नाम अरविंद केजरीवाल है और मैं कोई आतंकवादी नहीं हूं। सिंह ने जेल में केजरीवाल से किए जा रहे व्यवहार पर भाजपा) की आलोचना की। सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रतिशोध और दुर्भावना के चलते उन्हें तोड़ना चाहती है, लेकिन वह इन सबसे और अधिक मजबूत होकर उभरेंगे।

आप के चार और प्रत्याशी मैदान में

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को पंजाब की चार और लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। पार्टी ने तीन मौजूदा विधायकों और एक दलबदलू नेता को मैदान में उतारा है। इस घोषणा के साथ ही आप ने पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को जालंधर (सु) सीट से मैदान में उतारा गया है।

पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। जालंधर (सु) लोकसभा सीट से पार्टी ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के पूर्व विधायक पवन कुमार टीनू को उम्मीदवार बनाया है। वह कुछ दिन पहले ही आप में शामिल हुए थे। टीनू का मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और भाजपा के सुशील रिंकू से होगा।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	07	361
रियान पराग (राजस्थान)	07	318
सुनील नरेन (कोलकाता)	06	276

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (राजस्थान)	07	12
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	06	10
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	05	10

खेल डायरी

यूनान में पेरिस ओलंपिक की लौ जलाई गयी

प्राचीन ओलंपिया (यूनान)। पेरिस ओलंपिक में जलने वाली लौ दक्षिणी यूनान में प्राचीन खेलों के स्थल पर जलाई गयी। बादलों के कारण मंगलवार को पारंपरिक तरीके से लौ जलाने के प्रयास विफल हो गये। पारंपरिक तरीके में चांदी की मशाल जलाने के लिए सूरज का इस्तेमाल किया जाता है, जिसके लिए प्राचीन यूनान की पुजारिन की पोशाक पहने एक युवती हाथ में मशाल लिये रहती थी। बल्कि मंगलवार को एक 'बैकअप' लौ का उपयोग किया गया था, जिसे सोमवार को अंतिम 'रिहर्सल' के दौरान उसी स्थान पर जलाया गया था।

सबालेंका स्टुटगार्ट में पोर्शे ग्रां प्री में बडोसा से भिड़ेंगी

स्टुटगार्ट (जर्मनी)। पाउला बडोसा ने डायना श्नाइडर पर 6-3, 6-4 की जीत से स्टुटगार्ट पोर्शे ग्रां प्री टेनिस प्रतियोगिता के अगले दौर में प्रवेश किया। जिसमें उनका सामना दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से होगा। सबालेंका स्टुटगार्ट में पिछले तीन साल से उप विजेता रही हैं। वह 2021 में फाइनल में क्रमश: पूर्व नंबर एक एशले बार्टी तथा 2022 और 2023 के फाइनल में मौजूदा नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक से हार गयी थीं। अमेरिका के सचिया विक्रे ने बेलारूस की अलियांकसांद्रा सासनोविच को 7-6, 7-5 से पराजित किया और अब दूसरे दौर में उनका सामना हमवतन कोको गॉफ से होगा।

दीपिका सोरेंग को हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने भारतीय महिला हॉकी टीम की फारवर्ड दीपिका सोरेंग वर्ष के उभरते खिलाड़ी के लिए प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया असुंता लाकड़ा पुरस्कार से सम्मानित किया है। दीपिका को वर्ष 2023 के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उन्होंने महिला जूनियर एशिया कप में टीम के लिए पदार्पण करते हुए छह मैचों में सात गोल दागकर टीम को स्वर्ण पदक जीतने में मदद की और टूर्नामेंट में टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी के रूप में उभरीं।

डी गुकेश ने नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेला

टोरंटो। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 10वें दौर में रूस के इयान नेपोमनियाच्ची से ड्रा खेलकर इस खिलाड़ी के साथ संयुक्त शीर्ष बढ़त कायम रखी। भारतीयों के बीच हुए मुकाबले में आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती ने भी अंक बांटे जबकि फैबियानो कारूआना ने फिरोजा अलीरेजा को और हिकारू नाकामूरा ने निजात अबासोव को पराजित किया। अब साल के इस सबसे बड़े टूर्नामेंट में महज चार राउंड बचे हैं। गुकेश और नेपोमनियाच्ची के समान छह छह अंक हैं जबकि प्रज्ञानानंदा, कारूआना और नाकामूरा इनसे आधा अंक पीछे हैं। गुजराती के छह अंक हैं, जिससे वह अकेले छठे स्थान पर काबिज हैं।

पेरिस ओलंपिक: इंग्लैंड ने की तैराकी टीम की घोषणा

लंदन। इंग्लैंड ने पेरिस ओलंपिक 2024 में भाग लेने वाली पूल और मैराथन स्पर्धाओं के लिए अपनी 33 सदस्यीय तैराकी टीम की मंगलवार को घोषणा की। टीम में तीन बार की ओलंपिक चैंपियन एडम पीटी, दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टॉम डीन और जेम्स गाइ, ओलंपिक चैंपियन अन्ना हॉपकिन, कैथलीन डॉसन, फ्रेया एंडरसन और मैट रिचर्ड्स और टोक्यो ओलंपिक 2020 में चार पदक जीतने वाले डंकन स्कॉट का टीम में चयन किया गया है। मैराथन तैराकी के लिए टोक्यो 2020 ओलंपियन और फरवरी में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता हेक्टर पार्डो को भी टीम में शामिल किया गया है।

आईपीएल-2024 में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी

आईपीएल 2024 में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले खिलाड़ियों में हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन पहले स्थान पर हैं। वहीं राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग दूसरे, लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन तीसरे स्थान तथा हैदराबाद के अभिषेक शर्मा, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के दिनेश कार्तिक और संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के शिवम दूबे, मुम्बई इंडियंस के रोहित शर्मा और दिल्ली कैपिटल्स के ट्रिस्टन स्टब्स 15 छक्कों के साथ 5वें स्थान पर हैं।

24

हेनरिक क्लासेन

रियान पराग

20

19

निकोलस पूरन

दिनेश कार्तिक

18

18



अभिषेक शर्मा

कोलकाता नाइट राइडर्स पर भारी बटलर का जोश

मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया, अंकतालिका में शीर्ष पर कायम

जोस बटलर

कोलकाता, एजेंसी

जोस बटलर की नाबाद 107 रनों की शतकीय और रियान पराग के 34 रनों की बदौलत राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हरा दिया है। 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (19) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान संजू सैमसन (12) भी पवेलियन लौट गये। ध्रुव जुरेल (2), रवि अश्विन (8), शिमरॉन हेटमायर (शून्य) रोवमन पॉवेल (2) रन बनाकर आउट हुये। रोवमन पॉवेल ने 26 रन बनाये।

जोस बटलर ने नौ चौके और छह छक्के लगाते हुए नाबाद 107 रन की शतकीय पारी खेली। राजस्थान ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 224 रन बनाते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पर दो विकेट से जीत दर्ज की है। राजस्थान की यह सात मैचों में छठी जीत है और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। कोलकाता की ओर से हर्षित राणा, सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये। वैभव अरोड़ा ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

मंगलवार को ईडन गार्डंस में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ही ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट 10 रन का विकेट गवां दिया। फिल को आवेश खान ने अपनी गेंद पर कैच आउट किया। उसके बाद सुनील नारायण ने अंगकृष रघुवंशी के साथ दूसरे विकेट के लिये 85 रन जोड़े। 11वें ओवर में कुलदीप सेन ने अंगकृष रघुवंशी को आर अश्विन के हाथों कैच आउट करा दिया। रघुवंशी ने 18 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 30 रन बनाये। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 रन को यजुवेन्द्र चहल ने पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। आंद्रे रसेल 13 रन बनाकर आउट हुये। सुनील नरेन ने 16वें ओवर में 49 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। सुनील नरेन ने 109 रनों की पारी में 13 चौके और छह छक्के लगाये। उन्हें 18वें ओवर में बोल्ट ने बोल्ड आउट किया। वेंकटेश अय्यर आठ रन बनाकर आउट हुये। रिंकू सिंह एक चौका और दो छक्के लगाकर 20 रन बनाकर नाबाद रहे। रमनदीप सिंह भी एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 223 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान रॉयल्स की ओर से आवेश खान और कुलदीप सेन ने दो-दो विकेट लिये। ट्रेंट बोल्ट और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	7	6	1	12	+0.677
कोलकाता	6	4	2	8	+1.399
चेन्नई	6	4	2	8	+0.726
हैदराबाद	6	4	2	8	+0.502
लखनऊ	6	3	3	6	+0.038
गुजरात	6	3	3	6	-0.637
पंजाब	6	2	4	4	-0.218
मुंबई	6	2	4	4	-0.234
दिल्ली	6	2	4	4	-0.975
बेंगलुरु	7	1	6	2	-1.185

कोलकाता 223/6

20 ओवर, अतिरिक्त : 21

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट कॉट एण्ड बोल्ड आवेश	10	13	1/0
सुनील नरेन बोल्ड बोल्ट	109	56	13/6
अंगकृष का अश्विन बो के सेन	30	18	5/0
श्रेयस अय्यर पगबाधा चहल	11	07	1/1
रसेल का जुरेल बो आवेश	13	10	2/0
रिंकू सिंह नाबाद	20	09	1/2
वेंकटेश का जुरेल बो के सेन	08	06	1/0
रमनदीप सिंह नाबाद	01	01	0/0

गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-0-31-1, आवेश खान 4-0-35-2, कुलदीप सेन 4-0-46-2, युजवेंद्र चहल 4-0-54-1, रवि अश्विन 4-0-49-0

राजस्थान 224/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 16

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी का वेंकटेश बो वैभव	19	09	3/1
जोस बटलर नाबाद	107	60	9/6
संजू सैमसन का नरेन बो हर्षित	12	08	2/0
रियान पराग का रसेल बो हर्षित	34	14	4/2
ध्रुव जुरेल पगबाधा नरेन	02	04	0/0
अश्विन का रघुवंशी बो चक्रवर्ती	08	11	1/0
हेटमायर का श्रेयस बो चक्रवर्ती	00	01	0/0
रोवमन पॉवेल पगबाधा नरेन	26	13	1/3
ट्रेंट बोल्ट रन आउट (श्रेयस/स्टार्क)	00	01	0/0
आवेश खान नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 4-0-50-0, वैभव अरोड़ा 3-0-45-1, हर्षित राणा 4-0-42-2, सुनील नरेन 4-0-30-2, वरुण चक्रवर्ती 4-0-36-2, आंद्रे रसेल 1-0-17-0

ऑस्ट्रेलिया से निपटने को बेहतर पासिंग की जरूरत

नयी दिल्ली, एजेंसी

पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी। सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी।

स्टार खिलाड़ी होने के नाते मैक्सवेल दबाव में था : पोंटिंग

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने मंगलवार को ग्लेन मैक्सवेल के प्रति सहानुभूति दिखाते हुए कहा कि लगातार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का स्टार खिलाड़ी होने का दबाव उन पर हावी हो गया और उन्होंने खेल से अनिश्चिकालीन 'मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य' ब्रेक लेकर सही फैसला किया। मैक्सवेल ने अपने करियर में दूसरी दफा इस तरह का ब्रेक लिया है। आईपीएल के इस चरण में लगातार कम स्कोर के बाद इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलरांउडर ने सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में आराम दिये जाने के बारे में कहा। पोंटिंग ने पीटीआई से कहा, ''आरसीबी की टीम में ग्लेन जैसे खिलाड़ी का होना, वह विराट कोहली के साथ टीम का बड़ा खिलाड़ी है जिससे उस टीम में खेलते हुए इन दोनों खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है। अगर वे अच्छा नहीं करते और नतीजे अच्छे नहीं आते तो दबाव होता है।'' आरसीबी इस समय 10 टीम की तालिका में सात मैच में छह हार से अंतिम स्थान पर चल रही है। पोंटिंग ने कहा, ''अगर आप देखो कि टूर्नामेंट में उन्होंने कैसा प्रदर्शन किया है तो दबाव व्यक्तिगत खिलाड़ी पर भी आ जाता है। मैंने आज सुबह वो लेख देखा कि ग्लेन हटना चाहते हैं।''



टीमों के खिलाफ प्रदर्शन

चेन्नई 00

पंजाब 03

कोलकाता 28

लखनऊ 00

राजस्थान 01

मुंबई 00

गुजरात और दिल्ली को निरंतरता की तलाश

अहमदाबाद, एजेंसी

- मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

निरंतरता हासिल करने की कोशिश में जुटी गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ही टीम बुधवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में बेहतर प्रदर्शन कर एक-दूसरे को पराजित करने के इरादे से मैदान में उतरेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात टाइटन्स अभी तक एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन नहीं कर सकी है, हालांकि उनके पास अपनी कमियों को पूरा करने का अब भी काफी समय है।

गुजरात टाइटन्स ने तालिका में शीर्ष पर चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 10 अप्रैल को अंतिम गेंद में जीत हासिल की थी और अगर उसे अपने अभियान में जान फूंकनी है तो उसे ऐसा ही प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं तो शुभमन गिल की अगुआई वाली टीम के पास चीजों का रुख बदलने के लिए काफी समय है। शमी की अनुपस्थिति हालांकि उसके लिए नुकसानदायक रही है लेकिन उन्हें अपने सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध गेंदबाजों का सही इस्तेमाल करना होगा।

आम्रपाली दुबे स्टारर कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यशी फिल्म्स - अभय सिन्हा एवं रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट प्रस्तुत और निर्माता निशांत उज्जवल की फिल्म कभी खुशी कभी गम का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू, आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी के बीच की कहानी दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित करने वाली है।फिल्म में महानायक कुणाल सिंह सिंह की दमदार उपस्थिति भी है। निर्माता निशांत उज्जवल ने कहा कि फिल्म कभी खुशी कभी गम इंसानी रिश्तों की धूप छांव की कहानी है। ट्रेलर में इसकी एक झलक देखने को मिल रही है, लेकिन जब दर्शक इसे बड़े परदे पर देखेंगे तो दंग रह जायेंगे। उन्होंने बताया कि फिल्म कभी खुशी कभी गम के लिए एक बार फिर से आम्रपाली दुबे और संचिता बनर्जी लकी चार्म साबित होंगी, जिन्हें दर्शक फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी 2 के बाद फिर से एक साथ देख पाएंगे। इनकी जोड़ी जब भी आती है, फिल्म का हिट होना तय माना जाता है, और वैसे भी यदि देखा जाए तो दोनों गजब की अदाकारा हैं, जिन्होंने चिंटू के साथ मिलकर फिल्म के ग्राफ को और भी बढ़ा दिया है। अब फिल्म को जल्द ही रिलीज करेंगे।

खेसारी की रंग दे बसंती 7 जून को होगी रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की बहुचर्चित भोजपुरी फिल्म 'रंग दे बसंती' 07 जून को रिलीज होगी। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह ने बताया कि सेंसर बोर्ड के प्रॉब्लम के बाद अब यह फिल्म रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अपने ओरिजिनल नाम के साथ ही 07 जून को पैन इंडिया सिनेमाघरों में होगी।इस फिल्म को बड़े पैमाने पर रिलीज किया जा रहा है, फिल्म मल्टीप्लेक्स में भी दिखाई देगी। उन्होंने बताया कि अभी देशभर के मल्टीप्लेक्स और सिंगल स्क्रीन में इस फिल्म के ट्रेलर चल रहे हैं, जो पहली बार हुआ है, जब बॉलीवुड फिल्मों के बीच में ट्रेलर चल रहा है। यह फिल्म 250 से ज्यादा स्क्रीन पर पैन इंडिया रिलीज होने वाली है। फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रौशन सिंह और सह निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारीलाल यादव, रति पांडे और डायना खान के साथ अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान और मास्टर ऋषभ यादव राज प्रेमी, मीर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश, संजय महानंद, रीना रानी, श्रद्धा नवल, सुजान सिंह, सोनू पांडेय, रितु चौहान, रिंकू भारती, नेहा पाठक, खुशबू यादव, संजय वर्मा, अखिलेश कुमार अक्की, सूर्या द्विवेदी, निकिता भारद्वाज और चाहत प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है। संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारेलाल यादव, अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉ. कृष्णा एन शर्मा और सत्य सावरकर हैं। डीओपी वासु, कोरियोग्राफर रिकी गुप्ता, कला राजीव शर्मा का है।

मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं अभिनेत्री आलिया भट्ट

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट, राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर की आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही देखने के लिए एक्साइटेड हैं। करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और महेंद्र सिंह धोनी पर आधारित है। फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में राजकुमार राव और जान्हवी कपूर मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। आलिया भट्ट ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम की स्टोरी पर ''मिस्टर एंड मिसेज माही'' का पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को आलिया ने ने जाह्नवी और राजकुमार को टैग करते हुए कैप्शन में लिखा कि इंतजार नहीं हो रहा शैरी। मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

कांग्रेस ने की आयरलैंड में भारत के राजदूत को बर्खास्त करने की मांग

● राजदूत द्वारा कांग्रेस की आलोचना करने पर जयराम रमेश ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आयरलैंड में भारत के राजदूत द्वारा एक स्थानीय दैनिक के संपादकीय का जवाब देते हुए कांग्रेस की आलोचना करने पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक राजनयिक का सरेआम पार्टी सदस्य की तरह विपक्षी दलों पर हमला करना शर्मनाक व्यवहार है और उन्हें बर्खास्त करना चाहिए।

'द आइरिश टाइम्स' को दिए अपने जवाब में भारतीय राजदूत अखिलेश मिश्रा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश उन पर निशाना साधा। अखबार में 11 अप्रैल को छपे संपादकीय को लेकर भेजे जवाब में मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न केवल भारत में बल्कि विश्वस्तर पर अभूतपूर्व लोकप्रियता और कद हासिल है। यह नवीन, समावेशी शासन और सतत विकास पर त्रुटिहीन व्यक्तिगत चरित्र और ईमानदारी और विचारवान नेतृत्व के कारण है। राजदूत ने यह भी लिखा भ्रष्टाचार की गहरी जड़ें जमा चुके तंत्र (भारत में एक ही वंशवादी पार्टी द्वारा 55 साल के शासन द्वारा निर्मित) के खिलाफ लड़ाई मोदी की लगातार बढ़ती लोकप्रियता के पीछे एक प्रमुख कारक है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भारत सरकार का बचाव करना एक बात है और (एक राजनयिक से) इसकी उम्मीद भी की जानी चाहिए, लेकिन एक पक्ष की तरह इस तरह से विपक्षी दलों पर खुलेआम हमला करने की उम्मीद नहीं की जाती है।

राजधानी की घेराबंदी मामले में जांच आयोग ने आईएसआई के पूर्व प्रमुख को दी क्लीन चिट

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक जांच आयोग ने एक कट्टरपंथी धार्मिक समूह के कार्यकर्ताओं द्वारा 2017 में राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी में धरने को लेकर 'इंटर सर्विस इंटेलिजेंस' (आईएसआई) के पूर्व महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) फैज हमीद को दोष मुक्त कर दिया है।

चरमपंथी समूह तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) ने 2017 में इस्लामाबाद की घेराबंदी की थी और फ्रांस में ईशनिंदा कार्टून के प्रकाशन के कारण फ्रांसीसी राजदूत के निष्कासन की मांग की थी। बाद में मौजूदा प्रधान न्यायाधीश काजी फैज़ ईसा के नेतृत्व वाली उच्चतम न्यायालय की एक पीठ ने 2019 में एक फैसले में प्रदर्शन की जांच करने और अपराधियों की पहचान करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत के एक फैसले के बाद जांच आयोग का गठन किया गया।आयोग ने अपनी रिपोर्ट में खुफिया एजेंसियों और उनके शीर्ष अधिकारियों को क्लीन चिट देते हुए कहा कि प्रांतीय और संघीय सरकारों के तत्कालीन उच्च पदस्थ अधिकारियों में से किसी ने भी एजेंसियों या किसी अन्य अधिकारी पर टीएलपी प्रदर्शनकारियों की मदद करने का आरोप नहीं लगाया।

अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल के पास गिरा हिमखंड, चंद्रा नदी का बहाव रुका

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने बजाई खतरे की घंटी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल के समीप हिमखंड गिरा है। हिमखंड गिरने से चंद्रा नदी का बहाव रुक गया है। इस दौरान लाहौल-स्पीति पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए सिस्सू व आसपास आए पर्यटकों को आगाह किया है कि नदी के तट पर न जाएं। पुलिस ने क्षेत्र में पेट्रोलिंग शुरू कर दी है, ताकि कोई भी पर्यटक अनजाने में नदी तट की ओर रुख न करे। लाउड स्पीकरों के माध्यम से कहा गया कि कभी भी नदी विकराल रूप धारण कर सकती है। नदी का जलस्तर सिस्सू की तरफ कभी भी बढ़ सकता है।

बता दें हिमपात से हिमस्खलन की आशंका बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से आग्रह किया कि मौसम की स्थिति देखते हुए ही वह घरों से बाहर निकलें। हिमाचल प्रदेश के लिए मौसम का पूर्वानुमान जैसा कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान लगाया है, अगले पखवाड़े में बारिश, तूफान, बर्फबारी और रुक-रुक कर शुष्क दौर की उम्मीद है। प्रदेश के मध्य और ऊंची पहाड़ियों में ठंड की स्थिति बनी हुई है, जो हाल की बर्फबारी से और बढ़ गई है।

शिमला के ठियोग में एंटी-हेल नेट से ढका सेब के बगीचा ● एजेंसी

राजधानी शहर का औसत तापमान 13-14 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, जो वर्षा के साथ और भी गिर जाता है। आज चुनिंदा मध्य ऊंचाई वाले इलाकों और अलग-अलग निचले इलाकों में हल्की बारिश या हिमपात हो सकता है। आगामी 17 अप्रैल को छोड़कर अगले पांच दिनों तक राज्य में नमी और बादल छाए रहने की संभावना है। बर्फ रुक-रुक कर गिर रही है, जिससे परिदृश्य एक प्राचीन सफेद परत में ढक गया है। ताजा बर्फ पहाड़ों में एक शांत सुंदरता लाती है, जो साहसी आत्माओं को शीतकालीन वंडरलैंड का पता लगाने के लिए लुभाती है। ऊंचे इलाकों में कभी-कभार हिमपात के अलावा, निचले इलाकों में ताजा बारिश की बौछारें हो रही हैं। बारिश एक स्वागत योग्य राहत है, जो वनस्पतियों और जीवों को पुनर्जीवित करती है और घाटियों में जीवन लाती है। बारिश और बर्फ का यह मिश्रण सड़क पर फिसलन की स्थिति पैदा कर सकता है, इसलिए यात्रियों को सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है।

एक नजर

इंडोनेशिया में मलबे से निकाले शव भूस्खलन में अब तक 20 की मौत

ताना तोराजा (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर बचावकर्मियों द्वारा तीन वर्षीय एक बच्ची एवं उसकी मां के शवों को निकाले जाने के साथ ही भूस्खलन में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ कर 20 हो गयी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि घटनास्थल पर खड़ी चट्टानों के कारण भारी उपकरण नहीं ले जाये जा सके। ऐसे में बचावकर्मियों ने छोटे औजारों की मदद से ही मिट्टी हटाई। इस बचाव एवं तलाश कार्य में कम से कम 20 बचाव कर्मियों/अधिकारियों एवं दर्जनों स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। स्थानीय पुलिस प्रमुख गुनार्डी मुंडू ने बताया कि शनिवार को दक्षिण सुलावेसी प्रांत में ताना तोराजा जिले के दक्षिण मकाले गांव में मूसलाधार वर्षा के कारण भूस्खलन हुआ और चार मकान मलबे के नीचे दब गए।

संरा ने सूडान में जारी हिंसा को समाप्त करने का किया आह्वान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र ने सूडान में लंबे समय से जारी हिंसा को समाप्त करने की अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से मांग की है। नरसंहार रोकथाम पर संयुक्त राष्ट्र की विशेष सलाहकार ऐलिस नेडेरिटु ने यहां जारी बयान में सूडान में जारी संघर्ष को पूरा एक साल हो गया है। इस दौरान यहां के लोगों, विशेषकर महिलाओं और युवतियों के लिए यह समय भयावह रहा है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से सूडान में संघर्ष को खत्म करने का आह्वान किया है। उन्होंने आगे कहा कि इस संघर्ष में भयावह मानवीय संकट गहरा रहा है।

जॉर्डन ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिये बढ़ाई उड़ानों की संख्या

अम्मान। जॉर्डन की वायु सेना ने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को रोकने के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ा दी है। जॉर्डन समाचार एजेंसी ने मंगलवार को जॉर्डन के सशस्त्र बलों के एक प्रवक्ता का हवाला देते हुए बताया कि यह निर्णय किसी भी पार्टी को किसी भी उद्देश्य के लिए देश के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति नहीं देने की जॉर्डन की दृढ़ स्थिति की पुष्टि करता है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने बताया कि शनिवार रात को ईरान की इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गॉर्ड कोर ने इजरायली क्षेत्रों में पहला सीधा तीन सौ से अधिक ड्रोन और मिसाइल हमला किया। आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगरी ने कहा कि उनके सैन्य बलों ने ईरान की ओर से दागे गए 99 प्रतिशत सभी ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोक दिया।

अपराध की श्रेणी में आएगा बिना सहमति के डीपफेक तस्वीरें बनाना

लंदन। ब्रिटिश सरकार ने मंगलवार को कहा कि अश्लील डीपफेक सामग्री बनाने वाले लोगों को एक नए कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। यह कानून इस समय संसदीय प्रक्रिया से गुजर रहा है। डीपफेक से आशय ऐसी छवियों और वीडियो से है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) अथवा अन्य तकनीकों से तैयार की जाती हैं और जिसमें आमतौर पर पीड़ित की सहमति नहीं होती। नए कानून के तहत बिना सहमति के इस तरह की तस्वीरें बनाने वाले लोगों को आपराधिक कार्यवाही और भारी जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। कानून में प्रस्तावित प्रावधान के अनुसार अगर डीपफेक सामग्री व्यापक रूप से फैल जाती है तो दोषियों को जेल भेजा जा सकता है।

आधुनिक युग में विकसित देशों से कदमताल मिला रहा भारत : क्रूस

हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस और जापान के साथ भारत का सहयोग मजबूत

वाशिंगटन, एजेंसी

● अमेरिकी खुफिया अधिकारी बोले- भारत ने सेना को आधुनिक बनाने और रूसी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए उठाए कदम

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने संसद को बताया कि साल 2023 में भारत ने हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की गतिविधियों का मुकाबला करने की अधिक इच्छाशक्ति प्रदर्शित करते हुए अपनी सेना के आधुनिकीकरण और रूस के उपकरणों पर निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस ने चीन को लेकर रक्षा खुफिया पर संसद में एक सुनवाई के दौरान यह बात कही थी।

क्रूस ने सदन की सशस्त्र सेवा समिति और खुफिया उपसमिति के सदस्यों को बताया कि पिछले वर्ष भारत ने जी-20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक अगुआ के रूप में प्रदर्शित किया और पूरे हिंद प्रशांत क्षेत्र में पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना) की गतिविधि का मुकाबला करने की इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। उन्होंने कहा कि भारत ने प्रशिक्षण और रक्षा बिक्री के माध्यम से फिलीपीन जैसे दक्षिण चीन सागर के क्षेत्रीय दावेदारों के साथ हिंद प्रशांत क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाई है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस व जापान के साथ अपने सहयोग को और मजबूत किया है। क्रूस ने कहा कि वर्ष 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की। भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है।

क्रूस ने कहा कि रूस भारत का सबसे बड़ा रक्षा साझेदार है और भारत ने अपनी रक्षा खरीद साझेदारी में विविधता लाने की इच्छा के बावजूद रूस से सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 मिसाइल प्रणाली जैसे हथियारों खरीद जारी रखी है। उन्होंने सांसदों से कहा कि भारत सरकार आगामी लोकसभा चुनाव को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपनी 'मेक इन इंडिया' पहल को सैन्य आधुनिकीकरण के लिए तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जिसका उद्देश्य चीन का मुकाबला करना है।

सुरक्षा परिषद को पुनर्गठन की आवश्यकता : भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने एक पुनर्गठित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जो आज के संयुक्त राष्ट्र की भौगोलिक और विकासात्मक विविधता को बेहतर ढंग से दर्शाए। साथ ही भारत ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र के अधिकतर सदस्य शक्तिशाली यूएनएससी में स्थायी सीटों की संख्या बढ़ाए जाने के आह्वान का समर्थन करते हैं। भारत विशेष रूप से ग्लोबल साउथ का नेतृत्व करते हुए संयुक्त राष्ट्र में सुधारों की मांग करता रहा है। साथ ही यह 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य के रूप में जगह पाने की मांग करने में सबसे आगे रहा है।

अमेरिका में भारतीय विद्यार्थियों को बेहतर माहौल देने की कोशिश जारी : गुरदीप

● 2024 में तीन गुना बढ़ी है भारतीय विद्यार्थियों की संख्या

● विद्यार्थियों को सतर्क रहने की जरुरत

वाशिंगटन। अमेरिका भारत से आने वाले विद्यार्थियों को बेहतर माहौल प्रदान करने की अपनी कोशिश जारी रखे हुए है। एक प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी शिक्षाविद ने इस वर्ष भारतीय मूल के या भारत से आने वाले 11 विद्यार्थियों की मौत की खबरों के बीच सोमवार को यह बात कही। अमेरिका में भारतीयों पर हमले की घटनाओं ने भारतीय समुदाय और भारत में रहने वाले विद्यार्थियों के परिजनों की चिंता बढ़ा दी है। अमेरिका में हुई इन मौतों के पीछे हमलावरों के मकसद का फिलहाल पता नहीं चल पाया है और भारतीय राजनयिक मिशनों ने विद्यार्थियों के साथ संपर्क साधने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसमें छात्र संघों के साथ संपर्क करने और विद्यार्थियों के लिए समय-समय पर जारी निर्देशों से अवगत कराना शामिल है। वर्जीनिया के जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग के डिविजनल डीन गुरदीप सिंह ने बताया यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस वर्ष ऐसी घटनाएं हुईं और इतनी तादाद में हुईं।

बिशप व पादरी पर हमले को आतंकवादी कृत्य मान रही ऑस्ट्रेलियाई पुलिस

गिरजाघर पर चाकूबाजी के बाद ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने बढ़ाई चौकसी। ● एजेंसी

सिडनी, एजेंसी

ऑस्ट्रेलियाई पुलिस का कहना है कि सिडनी में एक गिरजाघर में प्रार्थना के दौरान एक बिशप व पादरी पर चाकू से किए गए हमले के कारण वहां मौजूद और ऑनलाइन प्रार्थना देख रहे लोग सकते में आ गए। पुलिस इसे आतंकवादी कृत्य मान रही है। पुलिस ने क्राइस्ट द गुड शेफर्ड चर्च में हुई चाकू से हमले की घटना के बाद मंगलवार को 16 वर्ष के एक किशोर को गिरफ्तार किया। घटना में बिशप मार मारी इमैनुएल और एक पादरी घायल हुए हैं।

न्यू साउथ वेल्स पुलिस आयुक्त कारेन वेब ने बताया कि संदिग्ध की टिप्पणियां हमले के लिए धार्मिक मकसद की ओर इशारा करती हैं। अधिकारी ने बताया हमें लगता है कि यह हमला एक सोची-समझी साजिश के तहत किया गया क्योंकि इस व्यक्ति ने हमले के लिए ऐसे स्थान को चुना, जो उसके घर के आसपास तक नहीं है। आरोपी चाकू के साथ आया और गिरजाघर में घुसकर बिशप व पादरी पर उसने चाकू से हमला किया। किशोर को पुलिस जानती थी लेकिन वह निगरानी सूची में नहीं था। मुख्य खुफिया एजेंसी ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गनाइजेशन (एएसआईओ), ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस और प्रांतीय पुलिस मामले की जांच में आतंकवाद रोधी कार्यबल का सहयोगी कर रही हैं।

दीदार-ए-ताज



दुनिया की सबसे खूबसूरत इमारतों और भारत के एकमात्र अजूबे में शुमार ताज का दीदार पूरी दुनिया करना चाहती है इसीलिए आगरा में पर्यटकों का तांता लगा रहता है। मंगलवार को बॉलीबुड अभिनेत्री माहिरा शर्मा ने भी ताजमहल का दीदार किया। ● एजेंसी

समझौते की शर्तों को हमास ने किया खारिज

गाजा, एजेंसी

● युद्धविराम पर कोई समझौता नहीं चाहता सिनवार, कहा- अमेरिकी प्रस्तावों के बाद भी पीड़ित होते रहेंगे गाजावासी

फिलिस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने नवीनतम बंधक समझौते के प्रस्ताव के सभी शर्तों को खारिज कर दिया है, जिससे समझौते के तहत इजराइल द्वारा रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनी कैदियों की संख्या में बढ़ गई है। द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार ने मंगलवार को एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा कि इसके अलावा, हमास समझौते के पहले चरण के हिस्से के रूप में केवल लगभग 20 बंधकों (50 से अधिक उम्र की महिलाओं और पुरुषों) को रिहा करने किया जाना है।

रिपोर्ट में बताया कि हमास ने यह भी मांग की है कि बंधकों को रिहा करने से पहले इजरायल छह सप्ताह के युद्धविराम पर सहमत हो। अखबार ने अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है, सिनवार (गाजा पट्टी में हमास प्रमुख याह्या) कोई समझौता नहीं चाहता है। उसे इसकी परवाह नहीं है कि अमेरिकी प्रस्ताव के सभी मापदंडों के संबंध में इजराइल के असाधारण लचीलेपन के बाद भी गाजावासी पीड़ित होते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 को, हमास ने इजराइल की सीमा में घुसकर और गाजा से बड़े पैमाने पर रॉकेट से हमला किया था। हमले के दौरान इजराइल में करीब 1,200 लोग मारे गए और अन्य 240 लोगों को हमास के लड़ाके बंधक बना कर ले गए थे। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में अब तक 33,700 से अधिक लोग मारे गए हैं।

इजरायल के खिलाफ ईरान की प्रतिक्रिया होगी और तेज

अंकारा। तुर्की में ईरानी राजदूत मोहम्मद हसन हबीबुल्लाहजादेह ने मंगलवार को कहा कि तेहरान इस क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है लेकिन इजराइल के जवाबी कदमों पर ईरान की प्रतिक्रिया तेज और व्यापक होगी। तुर्की अखबार आयडिनलिक ने राजदूत के हवाले से कहा कि ईरान द्वारा इजरायल पर हमला केवल दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर आतंकवादी हमले में इस्तेमाल किए गए सैन्य लक्ष्यों पर निर्देशित था।

इजराइल की गोलीबारी में दो फिलिस्तीनियों की हत्या

रामल्ला। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजरायल की ओर से की गोलीबारी में कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए। मंत्रालय ने बताया कि मारे गए दो लोगों की पहचान 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे के तौर पर हुई है। अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर ने कहा कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिसके कारण दो लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

ब्रिटेन के प्रार्थना प्रतिबंध पर भारतीय मूल की प्रधानाचार्या को मिली जीत

लंदन। अक्सर ब्रिटेन की सबसे सख्त प्रधानाध्यापिका बताई जाने वाली भारतीय मूल की एक स्कूल प्रधानाचार्या ने मंगलवार को ब्रिटेन के उच्च न्यायालय के उस फैसले का स्वागत किया जिसमें उनके द्वारा प्रार्थना पर लगाए गए प्रतिबंध को बरकरार रखा गया।

प्रार्थना को भेदभावपूर्ण बताते हुए एक मुस्लिम छात्र ने इसे कानूनी रूप से चुनौती देने की मांग की थी। उसके बाद प्रधानाचार्या ने प्रार्थना पर रोक लगा दी थी। भारतीय-गुयाना मूल की कैथरीन बीरबलसिंह ने बताया था कि वेम्बली में लड़कों और लड़कियों के लिए एक धर्मनिरपेक्ष माध्यमिक विद्यालय- मिशेला स्कूल ने समावेशी माहौल को बढ़ावा देने के लोकाचार के अनुरूप धार्मिक प्रार्थनाओं की अनुमति नहीं दी गई। स्कूल में आधे छात्र मुस्लिम हैं और बड़ी संख्या में सिख, हिंदू और ईसाई छात्र भी हैं। बीरबलसिंह ने बताया जैसा कि शासी निकाय को ज्ञात है, स्कूल विभिन्न कारणों से विद्यार्थियों के उपयोग के लिए प्रार्थना कक्ष उपलब्ध नहीं कराता है।

परमाणु संयंत्र पर हमले को लेकर आईएईए ने दी चेतावनी

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

● मारियानो ग्रॉसी बोले- बढ़ रहा है रेडियोलॉजिकल हादसों का जोखिम, तुरंत बदं हो हमले

रूस और यूक्रेन ने यूरोप के सबसे बड़े परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमलों के लिए सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के समक्ष एक दूसरे पर दोषारोपण किया। इसको लेकर अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख ने कहा कि इसने दुनिया को खतरनाक रूप से परमाणु हादसे के करीब पहुंचा दिया है। आईएईए महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा कि उनकी एजेंसी ने 7 अप्रैल से जापोरीजिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के खिलाफ तीन हमलों की पुष्टि की है। उन्होंने सुरक्षा परिषद से कहा कि ये लापरवाह हमले तुरंत बंद होने चाहिए। हालांकि, सौभाग्य से, इस बार उनके कारण कोई रेडियोलॉजिकल हादसा नहीं हुआ है, लेकिन इससे जोखिम काफी बढ़ जाते हैं जहां परमाणु सुरक्षा से पहले ही समझौता किया जा चुका है।

ग्रॉसी ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि संयंत्र पर हमला करने वाले ड्रोन की रिमोट-नियंत्रित प्रकृति का मतलब है कि यह निश्चित रूप से पता लगाना असंभव है कि उन्हें किसने संचालित किया। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ कहने के लिए हमारे पास सबूत होना चाहिए।

खतरे का अंदेशा

आने वाले दिनों में भू चुम्बकीय सौर तूफान पृथ्वी के ध्रुवों तक पहुचने की आशंका

जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में है सूर्य

अमृत विचार, नैनीताल

वर्तमान सौर चक्र आसमान छूने में लगा है। जबरदस्त विस्फोटों की चपेट में सूर्य रोजाना आग उगल रहा है। आने वाले दिनों में सूर्य की सतह पर जबरदस्त विस्फोट होने की संभावना वैज्ञानिक जता रहे हैं। जिनसे निकलने वाले सौर चुम्बकीय तूफानों का असर धरती के वातावरण तक असर डालेंगे।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व कार्यवाहक निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन ने बताया कि सौर गतिविधि दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। सूर्य की सतह पर जटिल चुंबकीय क्षेत्र वाले कई सनस्पॉट समूह बने हुए हैं। सूर्य के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध में पूर्वी सौर हिस्से में उभरते हुए सनस्पॉट समूह अधिक सक्रिय हैं । इन सन स्पॉट समूहों से बड़े भीषण ज्वालाएँ उत्पन्न हो सकती हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान सूर्य ने आधा दर्जन एम-श्रेणी की सौर ज्वालाएँ उत्पन्न की हैं। यह स्पॉट सूर्य के उत्तरपूर्वी छोर पर स्थित हैं। एक बड़ा सन स्पॉट संख्या ए आर 3639 लगातार अपना आकार बड़ा रहा है, जो कुछ दिनों के अंतराल में लाखों किमी फैलकर चौगुना हो गया है। अब इसकी दिशा पृथ्वी के सामने की ओर बढ़ रही है। इसमें जियोइफेक्टिव सोलर फ्लेयर्स (ज्वाला) की संभावना है। इन दिनों सूर्य की सतह सन स्पॉट से भरी हुई है। इस सौर चक्र में अभी तक हजारों विस्फोट हो चुके हैं। इनसे निकलने वाले सौर तूफानों का असर पृथ्वी के ध्रुवों तक नजर आया है। जिनमें सभी सबसे बड़ी ज्वाला एक्स श्रेणी की कई बार निकल चुकी हैं। दुनियाभर के सौर वैज्ञानिकों की नजरें इन पर लगी हुई हैं।

सूर्य की सतह पर उभरे सन स्पॉट।

रिकॉर्ड तोड़ विस्फोटों की झड़ी लगी है सूर्य पर

डा वहाब उद्दीन के अनुसार सूर्य का यह दौर अत्यधिक सक्रियता से गुजर रहा है, जो 2025 तक बना रह सकता है। इस दौर में वैज्ञानिकों की अपेक्षा से कहीं अधिक विस्फोट हो चुके हैं। आने वाले दिनों में भी सौर सक्रियता का दौर जारी रहेगा। जिनसे हमारे सैटेलाइट, पृथ्वी पर इलेक्ट्रिक्स व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अलावा हवाई सेवाओं व मोबाइल नेटवर्क में भी असर पड़ने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

वृन्दावन में 70 मंजिला मंदिर से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

वाशिंगटन, एजेंसी

● आठ करोड़ डॉलर की लागत से बन रहा है वृन्दावन हेरिटेज टॉवर

इस्कॉन के एक शीर्ष पदाधिकारी ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के वृंदावन में भगवान श्रीकृष्ण का गगनचुंबी मंदिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय संस्कृति के एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा और भारत में पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। ग्लोबल हरे कृष्णा मूवमेंट के उपाध्यक्ष और इस्कॉन बैंगलोर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंचलपति दास ने कहा कि आध्यात्मिकता के लिए कोई टूटा-फूटा बुनियादी ढांचा नहीं हो सकता और मंदिर हमेशा जर्जर स्थिति में नहीं रह सकते। वृन्दावन हेरिटेज टॉवर 70 मंजिल ऊंचा और 210 मीटर होगा, जो आठ करोड़ अमरीकी डालर की लागत से बनाया जा रहा है। दास ने निर्माणाधीन वृन्दावन हेरिटेज टॉवर के बारे में कहा कि जब वे भारत आयेंगे तो निःसंदेह वे अच्छे हवाई अड्डे देख सकते हैं। वे आध्यात्मिकता की भी तलाश में होंगे। अब ऐसे में हमार पास विदेशियों को भारत लाने और उन्हें दिखाने के लिए धार्मिक बुनियादी ढांचा होना चाहिए, जिन पर आप गर्व कर सकें।